राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 26 नवंबर 2025

वर्ष 07, अंक 57, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, मोहनलालगंज टीम जीती.....03

पीएम आवास योजना शहरी में मची लूट....12

## सोना उगल रही हैदराबाद की जमीन, एक एकड़ की कीमत 137 करोड़... बना डाला नया रिकॉर्ड



इतनी महंगी जमीन बिकने से सरकार मालामाल!

हैदराबाद में एक बार फिर रिकॉर्ड दामों पर जमीनें बेची गई हैं. HMDA द्वारा आयोजित जमीनों की नीलामी में कोकापेट स्थित नियोपोलिस लेआउट में प्लॉट रिकॉर्ड दामों पर बिके. 22 नवंबर को हुई इस नीलामी में एक एकड़ जमीन 137.25 करोड़ रुपए में बिकी, जिससे HMDA को भारी राजस्व प्राप्त हुआ इन दिनों शहरों को तो छोड़िए गांवों में भी जमीन बहुत महंगी हो गई है, लेकिन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में तो जमीन की कीमत ने रिकार्ड ही बना दिया. जी हां, हैदराबाद के नॉलेज सिटी के रायदुर्गम में जमीन के दो प्लॉट की 22 नवंबर को नीलामी हुई. इन दोनों प्लॉटों से सरकार को 1,355.33 करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त हुआ. यह हैदराबाद के इतिहास की सबसे बड़ी नीलामी में से एक है।

**हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने जमीन की निलाम**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में रियल एस्टेट दिन-प्रतिदिन फल-फूल रहा है. रायदुर्गम नॉलेज सिटी में हाल ही में एक एकड़ जमीन 137.25 करोड़ रुपए में बिकी. ये जमीन रायदुर्गम के बाहरी इलाके कोकापेट में है.HMDA(हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी) द्वारा बीते 22 नवंबर को इस निलामी का आयोजन किया गया था. HMDA ने कोकापेट के नियोपोलिस इलाके में सर्वे नंबर 17 और 18 में जमीनों की नीलामी की. इस नीलामी में सर्वे नंबर 17 की जमीन 137.25 करोड़ रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से बिकी. यहां हुई पिछली नीलामी में एक एकड़ जमीन 100 करोड़ रुपए में बिकी थी

**99 करोड़ रुपए तय की थी कीमत**

सर्वे संख्या 17 और 18 में जमीनों की नीलामी करने वाले अधिकारियों ने प्रति एकड़ न्यूनतम कीमत 99 करोड़ रुपए तय की थी, लेकिन अधिकतम कीमत 137.25 करोड़ रुपए रही. प्लॉट संख्या 17 में 4.59 एकड़ और प्लॉट संख्या 18 में 5.31 एकड़ जमीन है. इनमें से, एमएसएन अर्बन वेंचर्स एलएलपी ने झील के किनारे वाले 5.31 एकड़ के प्लॉट 18 को ?137.25 करोड़ प्रति एकड़ की दर से खरीदा, जबकि वज्र हाउसिंग प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने 4.59 एकड़ के प्लॉट 17 को 136.50 करोड़ प्रति एकड़ की दर से खरीदा।

**सरकार को 1,355.33 करोड़ रुपए का राजस्व मिला**

कुल मिलाकर, 9.90 एकड़ जमीन की नीलामी से HMDA 1,355.33 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ. यह नीलामी हैदराबाद रियल एस्टेट बाजार में अब तक की सबसे ऊंची बोली मानी जा रही है. बढ़ती मांग और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के चलते आने वाले महीनों में हैदराबाद के प्रॉपर्टी मार्केट के और भी ऊंचाइयां छूने की संभावना है। जमीनों की ये नीलामी यह बताती है कि इस समय हैदराबाद देश में एक प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है. यह शहर तेजी से व्यापार और प्रौद्योगिकी का केंद्र बन रहा है. रायदुर्गम के ये प्लॉट हैदराबाद नॉलेज सिटी प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं. उम्मीद है कि यहां बड़े व्यावसायिक विकास होंगे, जिससे क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार के अवसरों को और बढ़ावा मिलेगा।

## इस राज्य में 9 महीने के बच्चों को भी पहनना होगा हेलमेट, हाई कोर्ट का आदेश

कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है. इन नियमों के तहत दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वाले बच्चों के लिए तय स्पीड लिमिट और हेलमेट पहनना अनिवार्य है। अदालत के निर्देश के बाद यातायात पुलिस एक्टिव हो गई है और ऐसे अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, जो अपने बच्चों को बिना सुरक्षा उपायों के दोपहिया वाहनों पर ले जाते हैं. सरकार आगामी छह महीनों में बच्चों के लिए हेलमेट संबंधी नियमों में संशोधन करने की तैयारी कर रही है.। यानी अब कर्नाटक में 9 महीने से 4 साल तक के बच्चों को बाइक पर पीछे बैठाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा. बेंगलुरु के ट्रैफिक संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्तिक रेड्डी ने बताया कि 9 महीने से 4 साल तक के बच्चों के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है. उन्होंने यह भी कहा कि हर जीवन किमती है और दुर्घटनाएं कभी भी हो सकती हैं, इसलिए लापरवाही न करें

**ट्रैफिक पुलिस ने शुरू की पहल**

उन्होंने कहा कि बाजार में करीब 1,000 रुपये की कीमत में बच्चों के लिए कई तरह के हल्के और सुरक्षित हेलमेट मिल जाते हैं. पुलिस का मानना है कि बेंगलुरु में अभी भी कई अभिभावक अपने बच्चों के लिए हेलमेट खरीदने में पीछे रह जाते हैं, इसलिए जागरूकता जरूरी है. इसी बीच, बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस ने हाल ही में नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहलें शुरू की हैं।

**'एक दिन के लिए पुलिसकर्मी बनें'**

ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन के लिए पुलिसकर्मी बनें अभियान की शुरुआत की है. इसके तहत नागरिकों को ट्रैफिक प्रबंधन का अनुभव देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है. रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को न सिर्फ यह अनुभव मिलेगा कि ट्रैफिक बैरिकेड की दूसरी ओर खड़े होकर काम करना कैसा होता है, बल्कि उन्हें प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा. इसके लिए BTP ASTraM ऐप पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

## हर नफरत भरे भाषण की निगरानी संभव नहीं, हाई कोर्ट जाएं... जानें सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा क्यों कहा

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह देश में हर नफरत भरे भाषण की घटना पर निगरानी नहीं करेगा, न ही इसके लिए नए कानून बनाएगा. कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि वे कानूनी उपायों, पुलिस थानों और हाई कोर्ट जाएं



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा कि वह देश भर में नफरत भरे भाषण की हर घटना पर कानून बनाने या उस पर निगरानी रखने के लिए तैयार नहीं है. इसके लिए कानूनी उपाय, पुलिस थाने और हाई कोर्ट मौजूद हैं. ये बात जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने की, जो एक खास समुदाय के सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार के कथित आह्वान का मुद्दा उठाने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका के मद्देनजर कानून नहीं बना रहे हैं. निश्चिंत रहें, हम देश के किसी भी इलाके में होने वाली हर छोटी घटना पर कानून बनाने या उस पर निगरानी करने के लिए तैयार नहीं हैं. हाई कोर्ट हैं, पुलिस थाने हैं, कानूनी उपाय हैं. वो पहले से ही मौजूद हैं. सुप्रीम कोर्ट ने शुरू में आवेदक से कहा था कि वह अपनी शिकायत के साथ संबंधित हाई कोर्ट जाए।

**यह अदालत सभी मामलों पर कैसे नजर रख सकती है?**

पीठ ने आवेदक की ओर से पेश हुए वकील से कहा, यह अदालत देश में ऐसे सभी मामलों पर कैसे नजर रख सकती है? आप अधिकारियों से संपर्क करें. उन्हें कार्रवाई करने दें, नहीं तो हाई कोर्ट जाएं. इस पर वकील ने कहा कि उन्होंने एक लंबित रिट याचिका में एक आवेदन दाखिल किया है, जिसमें घृणा भाषण का मुद्दा उठाया गया है. अदालत में उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जनहित किसी एक धर्म विशेष तक सीमित नहीं रह सकता।

उन्होंने कहा, सभी धर्मों में नफरत भरे अनेक भाषण दिये जा रहे हैं. मैं उस बारे में विवरण आवेदक को दे दूंगा. आवेदक के वकील ने कहा कि वह इस मामले को अदालत के संज्ञान में लाए हैं क्योंकि अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**बाल अधिकार आयोग से संपर्क का निर्देश**

उधर, सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन द्वारा संचालित स्कूलों में यौन शोषण की कथित घटनाओं की जांच का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि अपनी शिकायतों के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से संपर्क करें. अगर उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के राज्य बाल अधिकार आयोगों के समक्ष इस तरह के अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, तो उन पर उचित समय में विचार किया जाना चाहिए।

**जनहित एक धर्म तक सीमित नहीं हो सकताः सॉलिसिटर जनरल**

कोर्ट रूम में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जनहित एक ही धर्म तक सीमित नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा, 'सभी धर्मों में नफरत भरे बयान हो रहे हैं. मैं अपने मित्र (आवेदक) को वे उदाहरण दूंगा, वह भी उन्हें जोड़कर पूरे समाज के लिए मुद्दा उठाएं।'

आवेदक के वकील ने कहा कि उन्होंने यह मुद्दा उठाया है क्योंकि अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की है और सुप्रीम कोर्ट पहले कह चुका है कि अगर राज्य कोई कदम नहीं उठाए तो पुलिस को स्वतः संज्ञान लेना होगा, वरना अवमानना होगी। द्वमेहता ने कहा, 'कोई भी व्यक्ति हेट स्पीच नहीं दे सकता, यह मेरा मत है. लेकिन शिकायत करते वक्त कोई सार्वजनिक हित याचिकाकर्ता चयनात्मक नहीं हो सकता।

**जिस राज्य में समस्या, वहां के हाई कोर्ट का रुख करें: सुप्रीम कोर्ट**

पीठ ने कहा कि उपलब्ध कानूनी उपायों का उपयोग किया जाना चाहिए और जिस राज्य में समस्या हो, वहां के हाई कोर्ट का रुख करें. अगर मामला जनहित का है तो हाई कोर्ट इसका ध्यान रखेगा।आवेदक ने अदालत को अक्टूबर 2022 के उस आदेश की याद दिलाई, जिसमें तीन राज्यों को हेट स्पीच पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने एक अन्य आवेदन का भी जिक्र किया जिसमें असम के एक मंत्री के बयान का मुद्दा उठाया गया है, जिन्होंने 'बिहार चुनाव में गोभी की खेती को मंजूरी' जैसा वक्तव्य दिया था, जिसे आवेदक के अनुसार 1989 भागलपुर दंगों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## लूटपाट के संदिग्ध आरोपी को पकड़ने गए कांस्टेबल पर किया गया हमला, हुआ घायल

**दिल्ली** के राज पार्क इलाके में गश्त के दौरान लूटपाट के एक संदिग्ध ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को घायल कर दिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक रिक्शा चालक से कथित तौर पर 500 रुपये लूटने वाले व्यक्ति को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और इस गिरफ्तारी से लूटपाट का एक और चोरी के दो मामले सुलझ गए हैं। पुलिस के अनुसार, 22 नवंबर को नियमित गश्त ड्यूटी पर मौजूद कांस्टेबल विकास के पास रिक्शा चालक मोहम्मद कमाल ने आकर बताया कि एक युवक ने गोशाला रोड स्थित घोड़े वाली गली के पास उसे लूट लिया।पुलिस ने बताया कि कांस्टेबल के साथ घटनास्थल पर गए कमाल ने आरोपी की पहचान की और आरोपी को पकड़ने की कोशिश करते समय उसने चाकू निकाल कर कांस्टेबल पर हमला कर दिया। कांस्टेबल के हाथ में चोट लग गई और उसे काबू कर लिए जाने के बाद कांस्टेबल का ध्यान भटकाने के लिए आरोपी ने अपने सिर पर चोट मार ली और भीड़ में भाग निकला।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस का बदलेगा रूट, अब इन शहरों के यात्रियों को भी मिलेगा सीधा फायदा

**गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस का बरेली तक विस्तार**

**28 नवंबर से इज्जतनगर तक सेवा**

**सीतापुर-लखीमपुर होकर बरेली तक जाएगी**

**लखनऊ।** गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस 28 नवंबर से बरेली के इज्जतनगर स्टेशन तक जाएगी। इस ट्रेन का विस्तार सीतापुर-लखीमपुर होकर बरेली तक होगा। यह ट्रेन गोरखपुर से डालीगंज आएगी और यहां से ही इसका इंजन रिवर्स कर वापस सीतापुर सेक्शन पर रवाना हो जाएगी। रेलवे के आदेश के अनुसार ट्रेन 15009 गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस गोरखपुर से रात 10:15 बजे चलकर डालीगंज सुबह 6:10 बजे पहुंचेगी। यहां से इंजन रिवर्स करने के बाद ट्रेन 6:45 बजे छूटेगी और मोहिबुल्लापुर से 6:53 बजे होते हुए भोजीपुरा दोपहर 12:15 बजे व इज्जतनगर दोपहर 12:45 बजे पहुंचेगी।

### कॉलेज में छात्रा का हाथ पकड़कर बोला सिरफिरा- इंस्टाग्राम पर कर दूंगा बदनाम, लड़की ने शोर मचाया तो...

**अलीगढ़।** एक युवक ने छात्रा को कालेज परिसर में घेरकर उसका हाथ पकड़ लिया। जब उसने छुड़ाने का प्रयास किया तो उसे इंस्टाग्राम पर बदनाम करने की धमकी दे दी। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।गांधीपार्क क्षेत्र के दुबे का पड़ाव रामलीला मैदान के पास स्थित एक डिग्री कालेज में बीए द्वितीय की छात्रा ने बताया कि उसके पड़ोस का ही रहने वाला एक युवक हेमंत उसे आए दिन परेशान करता है। वह उसका कालेज तक पीछा करता है और उसके साथ अभद्रता करता है।

**पीछा करते हुए पहुंचा कॉलेज**

बीती 21 नवंबर को भी वह उसका पीछा करते हुए कालेज पहुंच गया। आरोपित ने उसका हाथ पकड़ लिया। उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। किसी तरह उसने अपना हाथ छुड़ाया तो यह देख आसपास के लोग आ गए। उसने उनसे आरोपित के छेड़छाड़ करने की शिकायत की तो उन्होंने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इस पर आरोपित ने उसे इंस्टाग्राम में पोस्ट के माध्यम से बदनाम करने की धमकी दे।

## वन विभाग के कर्मचारियों व पुलिस की साठगांठ से प्रतिबंधित पेड़ों को धराशाई कर रहे वन माफिया

● एक पेड़ की परमिट पर काट दिए जाते हैं दर्जनों हरे पेड़ जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेली** सतांव गुरुबक्श गंज थाना क्षेत्र वन माफियाओं का सबसे सुरक्षित गढ़ बनता जा रहा है सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष भले ही करोड़ों रूपयों का बजट हरे पेड़ों की रोपाई के लिए जारी करती हो लेकिन विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की साठ- गांठ से प्रतिवर्ष प्रतिबंधित सैकड़ो की संख्या में हरे पेड़ों को वन माफियाओं द्वारा धराशाई कर दिया जाता है वही अपनी मोटी कमाई के चलते क्षेत्रीय पुलिस भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है जिस कारण से वन माफियाओं के हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे हैं ताजा मामला थाना क्षेत्र के मानपुर गांव मे दिनदहाड़े कई आम के पेड़ों को वन माफिया ने निशाना बनाकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गर्मी के मौसम में राहगीरों को इस पेड़ की वजह से बहुत छाया मिलती थी पेड़ काटने की जानकारी कुछ ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने वन माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन तो दे दिया लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इसी तरह से सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन देते रहते हैं लेकिन वन माफियाओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कठोर कार्रवाई न होने के चलते अवैध पेड़ों की कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है देखना अब यह होगा कि अवैध रूप से प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई करने वालों के खिलाफ वन विभाग सख्त रूख अख्तियार करता है या सिर्फ खानापूर्ति करके मामले को रफा -दफा कर दिया जाएगा..

## बिजली उपभोक्ता ने जेई और सर्वेयर पर लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुर-** मौदहा कस्बा के सिचौली पुरवा निवासी एक उपभोक्ता ने विद्युत विभाग पर गंभीर अनियमितता का आरोप लगाते हुए यूपीपीसीएल लखनऊ के चेयरमैन को शिकायत पत्र भेजा है। उपभोक्ता का कहना है कि उनकी पत्नी रेखा देवी के नाम घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन विभागीय कर्मचारियों ने मनमानी कर गलत तरीके से अत्यधिक राशि की रसीद बना दी।

शिकायत कर्ता के अनुसार, जेई मौदहा और सर्वेयर द्वारा सर्वे उपरांत घरेलू कनेक्शन (1 किलोवाट) के लिए मात्र निर्धारित फीस ली जानी चाहिए थी, लेकिन विभाग ने इसके बजाय ?1,10,700 रुपये की ऑनलाइन रसीद जारी कर दी। उपभोक्ता का कहना है कि यह राशि पूरी तरह असंगत है और इससे स्पष्ट होता है कि कर्मचारियों ने नियमों का पालन नहीं किया।

उपभोक्ता ने अपनी शिकायत में लिखा है कि विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से न सिर्फ उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि विभाग और सरकार की छवि भी खराब हो रही है। उन्होंने चेयरमैन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी जेई व सर्वेयर के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं रोकी जा सकें। इस शिकायत के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि यदि आरोप सही पाए गए, तो विभागीय कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। उपभोक्ता ने उम्मीद जताई है कि उच्च स्तर पर कार्रवाई से आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

## बेखौफ हो रहा मिट्टी का अवैध खनन, टी और एम कोड के दम पर फर्राटा भर रहे बिना नम्बर के ट्रैक्टर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** एक ओर जहां सरकार द्वारा माफियाओं पर शिकंजा कसने हेतु कई अभियान चलाये जा रहे हैं, वहीं मौजूदा सरकार के बड़े नेताओं का किया गया वादा 'गरीबों को छेड़ेंगे नहीं माफियाओं को छोड़ेंगे नहीं' जैसे उक्त शब्द धरातल में खनन माफियाओं ने फेल कर दिए हैं, आपको बता दें कि बेखौफ मिट्टी खनन माफिया स्थानीय अधिकारियों से मिलीभगत कर क्षेत्रीय भू संरचना से छेड़छाड़ करते हुए प्राकृतिक संरचना बिगाड़ने का कार्य धड़ल्ले से प्रशासन की जानकारी में खुलेआम चल रहा हैं, मिट्टी खनन का कार्य बेधड़क जिम्मेदार अधिकारियों की भरपूर जानकारी मे चल रहा है, अधिकतर देखा जाए तो इनका मिट्टी खनन का कार्य हर महीने स्थानीय प्रशासन के दर्शन कर चलता ही रहता है,

इनकी जेसीबी धरती का सीना निरंतर चिर रही है, प्रतिदिन मिट्टी का अवैध खनन कर लगातार अधिकारियों के जानकारी होने के बावजूद भी नगर के सड़कों पर फर्राटा भरते हुए नजर आते हैं, इसलिए सयाद स्थानीय प्रशासन की सहमति झलक रही है राजस्व का लंबा चूना लगाने वाले मिट्टी खनन माफियाओ के दौड़ रहे बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों को खाकी व सफेद पुलिस भी इन माफियाओं के ट्रैक्टरों पर रोक नहीं लगा पाती पा रही है, तो फिर इनका चालान करने की हिम्मत आखिर कौन करेगा,यह सवाल शायद हर व्यक्ति के दिमाग पर दौड़ रहा होगा, आरटीओ विभाग भी इन पर कोई कार्यवाही नहीं करना चाहता, लेकिन खनन कर रहे ट्रैक्टर आरटीओ विभाग की कठोरतम कार्यवाही के दायरे में आते हैं इन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती, अक्सर विभाग में दर्ज ट्रैक्टर किसानों के नाम से होते हैं पर भाड़े में यूज किए जाते है, पर भाड़े वाले ट्रैक्टर कमर्शियल होते हैं नियमानुसार उनकी प्लेट पीली होती है, कमर्शियल ट्रैक्टर टैक्स जमा कर भाड़े करने के लिए स्वतंत्र होता हैं, लेकिन मिट्टी खनन माफियाओं के ट्रैक्टरों पर नंबर ही नहीं होता इन माफियाओं के दर्जनों ट्रैक्टरों पर नंबर की जगह इंग्लिश के अल्फाबेट दर्ज किए जाते हैं, जैसे कि मौदहा नगर के मिट्टी खनन ट्रैक्टरों पर इंग्लिश से टी या एम लिखा रहता है, देखा जाए तो अधिकतर ट्रैक्टर किसानू में ही दर्ज होता है फिर भी इन पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही क्यों नहीं होती, मौदहा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अवैध मिट्टी का खनन इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है। सक्रिय हुए खनन माफिया दिन-रात मिट्टी खनन करा रहे हैं। शासन की लाख प्रयास के बावजूद अवैध मिट्टी खनन पर विराम नहीं लग पा रहा है। पुलिस महकमा भी अनजान बना हुआ है। ग्रामीण अंचलों में खनन माफिया पूरी तरह सक्रिय रहते थे, लेकिन अब स्थानीय शासन प्रशासन के हर माह दर्शन कर शहर में भी बेखौफ होकर धड़ल्ले से कारोबार चलाते हुए उनके मिट्टी से भरे ट्रैक्टर नगर की सकरी रास्ताओ पर भी बेखौफ होकर फर्राटा भर रहे हैं, इतना ही नहीं नगर से शटी हुई नई बस्तियों की कच्ची पड़ी सड़कों को ओवरलोड मिट्टी भरकर खनन माफियाओं के ट्रैक्टरों द्वारा दलदल बना दिया जाता है फिर भी पालिका प्रशासन सहित स्थानीय शासन प्रशासन इन पर चाबुक नहीं कस पा रही है, इनके सिस्टम के चलते जरूर पढ़ने पर पूरी रात जेसीबी से मिट्टी खनन चलता ही रहाता है। कुछ ही घंटे में उपजाऊ खेत तालाब में तब्दिल कर देते है, क्षेत्र के तालाबो की पार में भी खनन माफियाओं की जेसीबी गरजने में कसर नहीं छोड़ती, इनका प्रभाव इतना है कि पुलिस व विभागीय टीम पहुंचने से पूर्व ही जेसीबी व ट्रैक्टर आसानी से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिए जाते हैं। ओवरलोड ट्रैक्टर ग्रामीण अंचलो की सड़कों पर धड़ल्ले से रफ्तार भर रहे है। मौदहा विकासखंड क्षेत्र के अधिकांस ग्राम पंचायतो में प्रधान और सचिव मिलकर 'आम के आम गुठलियों के दाम' के तहत मजदूरों की जगह जेसीबी मशीनों का प्रयोग



कर खोदी गई मिट्टी को मिट्टी माफियाओं को सेट कर बेच दिया जाता है, वहीं दूसरी तरफ मजदूरों की कागजों में उपस्थिति दिखाकर जॉब कार्ड से पैसे निकालने का हुनर भी इनको आता है, जो नगर में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर बिना नबर प्लेटो के ही फर्राटा भरते हुए अक्सर देखे जाते हैं, पर सायद किसी की क्या हिम्मत की इनका चालान कर दे, मिट्टी खनन माफियाओं के चल रहे मासिक सिस्टम में फस कर खाकी व राजस्व सहित आरटीओ और संबंधित अधिकारियो की लालची निगाहें इन पर कोई कार्यवाही न करते हुए इन पर रोक भी नहीं लगा पाते है, जिसके कारण खनन माफिया मिट्टी के जरूरतमंदों से मिलकर मिट्टी को हजारों लाखों में बेचकर सरकार को जमकर चूना लगा रहे हैं, इसके साथ ही लालची अधिकाकरी अपनी जेब को ध्यान में रखते हुए जेब और बैंक दोनो भरने का कार्य करते ही रहते है।

## शादी में शामिल होने आई महिला के बैग से लाखों के जेवरात पार

**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा के बांकी मार्ग में मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने आई महिला के बैग से टप्पेबाजों ने 10 लाख कीमत के सोने के जेवरात पार कर दिए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के बुढ़वा गांव निवासी रबली सिंह ने अपने मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने 22 नवंबर को कस्बे की बांकी मार्ग में आई थी। पीड़िता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह बस स्टॉप में बस से उतरकर ई रिक्शा में सवार होकर बांकी मार्ग जा रही थी। ई रिक्शा में दो महिलाएं भी सवार हुई और बीच रास्ते में उतर गई। घर जाकर देखा तो बैग से एक अदद सोने का हार, 8 सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक अदद झुमकी सोने की गायब थी। चोरी हुए जेवरातों की कीमत करीब 10 लाख है। पीड़िता ने तहरीर सौंपकर खुलासे की मांग की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## लखनऊ में पुलिस ने डायवर्जन किया लागू, अब इन रास्तों पर नहीं जा सकेंगे वाहन

● पाइपलाइन फटने से बाराबिरवा चौराहे पर जाम

ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया डायवर्जन

वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लखनऊ। बाराबिरवा (अवध) चौराहा पर अंडरपास निर्माण कार्य के दौरान पानी की पाइप लाइन सोमवार शाम को फट गई थी, जिसके कारण घंटों वाहन चालकों ने ट्रैफिक जाम झेला। इससे सबक लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को डायवर्जन जारी किया। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से बताया कि काम चलने तक डायवर्जन लागू किया जा रहा। सही होने पर हटाया जाएगा। इस दौरान ट्रैफिस से समस्या आने पर कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकते है।

**यह व्यवस्था की जाएगी लागू:**

-पारा से अवध चौराहा व आलमबाग की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि तिकोनिया तिराहा से होकर जा सकेंगे।

-कानपुर से आलमबाग की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि शहीद पथ तिराहा होकर जा सकेंगे।

-कानपुर से भारी वाहनों को दरोगा खेड़ा से किसान पथ की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

-सीतापुर से इन्दौरा से किसानपथ को डायवर्ट किया जाएगा।

-मौदा मोड़/ जीरो प्वाइंट से सभी भारी वाहन किसान पथ से जा सकेंगे।

-अति आवश्यक न हो तो अवध चौराहा(बाराबिरवा) का प्रयोग करने से बचें।

# संक्षिप्त खबरें

## बंद घर का दरवाजा तोड़कर सवा दो लाख रुपये नकदी चोरी, आभूषण लेकर फरार हुए लुटेरे



**सोनभद्र।** नगर पालिका के विकास नगर में सोमवार की रात चोरों ने बंद कमरे का ताला तोड़कर करीब सवा दो लाख रुपये नकद और आभूषण चोरी कर लिया। मकान मालिक को चोरी की जानकारी मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे पड़ोसियों ने फोन पर दी। फिर घर आए मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि तहरीर नहीं दी। रायपुर थाना क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी राजवंश सिंह राबर्ट्सगंज के विकास नगर में मकान बनाकर रहते हैं। सोमवार को वह अपने गांव कम्हरिया चले गए थे। उनकी पत्नी मायके गई हैं। घर में ताला लगा था। रात में चोरों ने मकान के आगे के हिस्से के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। फिर आलमारी का लाक छटका कर उसमें रखा नकदी व आभूषण चोरी कर लिया। मंगलवार की सुबह आसपास के लोगों ने ताला टूटा देख मामले की जानकारी राजवंश को दी। इस पर वह मौके पर पहुंचे और आलमारी देखा। उन्होंने बताया कि आलमारी में रखा सवा दो लाख रुपये नकद, मंगल सूत्र, हार, चैन, अंगूठी, नथिया, मांगटीका, पायल, झूमका, बाली आदि आभूषण चोर ले गए हैं। उधर इस संबंध में राबर्ट्सगंज कोतवाली के अपराध निरीक्षक अरविंद सरोज ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। जांच कराई जा रही है।

## विंध्याचल मंडल के आयुक्त राजेश प्रकाश और जिलाधिकारी बीएन सिंह ने किया पर्यटन कार्यालय का निरीक्षण

**सोनभद्र।** विंध्याचल मंडल के आयुक्त राजेश प्रकाश व जिलाधिकारी बीएन सिंह ने मंगलवार को सर्किट हाउस के पास निर्माणाधीन पर्यटन कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त ने भवन निर्माण कार्य में प्रयोग किए जा रही सामग्री को देखा। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड के संबंधित अधिशासी अभियंता व जेई को निर्देश दिया कि भवन निर्माण में गुणवत्ता युक्त सामग्री का प्रयोग किया जाए। ताकि भवन की मजबूती भविष्य में भी बनी रहें। कहा कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, जिससे हैंडओवर की कार्यवाही के पश्चात कार्यालय के संचालन का कार्य शुरू हो सके।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि पर्यटन कार्यालय में जिलाधिकारी के लिए एक चेंबर का भी निर्माण कराया जाए, जिससे बेहतर तरीके से पर्यटन विकास हो सके। मंडलायुक्त ने हाइवे रोड से पर्यटन कार्यालय तक पहुंच मार्ग के लिए आरईडी विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का भी स्थलीय निरीक्षण किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में जो भी सामग्री का प्रयोग किया जाए वह मानक के अनुरूप तथा गुणवत्ता पूर्ण हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्य मानक के अनुरूप न पाए जाने पर जिस स्तर पर कमी पाई जाएगी, संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, मंडलायुक्त के वैयक्तिक सहायक राजेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## नदी में गोवंशीय पशुओं के सिर मिलने से सनसनी, मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता

**सुलतानपुर।** टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को हालापुर के पास मझुई नदी में गोवंश के अवशेष तैरते हुए दिखाई दिए। ग्रामीणों ने पुल के नीचे नदी में बोरियां तैरती देखीं। मौके पर जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी दिवाकर द्विवेदी, सेमरी चौकी इंचार्ज अविनाश चंद्र तथा अंबेडकरनगर के महरुआ थाना प्रभारी यादवेंद्र सोनकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। दो जिलों की सीमा को लेकर काफी देर तक विवाद हुआ। इसके बाद लेखपाल ने मौके पर पहुंच स्थिति स्पष्ट की कि यह क्षेत्र जयसिंहपुर में आता है। इसके बाद पुलिस ने बोरियों को बाहर निकाला तो उसमें गोवंशीय पशुओं के कटे सिर मिले। थोड़ी ही देर में दोनों जिलों के हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल भेजकर हालात संभाला। प्रभारी कोतवाल दिवाकर द्विवेदी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।

# बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों के जवाब से नाराज जमकर भड़के प्रतिनिधि

**●जिला परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक में बैंकिंग व्यवस्था पर नाराज़गी, सीडी रेशियो सुधारने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में जनपद प्रतिनिधियों द्वारा बैंक अधिकारियों के जवाब से असंतुष्ट दिखे और मांगा जवाब कलेक्ट्रेट सभागार में जिला परामर्श दात्री समिति और जिला पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पिछली कार्यवाही में दर्ज शिकायतों के संदर्भ में लीड बैंक प्रबंधक को सभी जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के समक्ष विस्तृत अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान लीड बैंक मैनेजर ने बताया कि जनपद के सभी बैंकों को सीडी रेशियो पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने आरसेटी के माध्यम से आम जनता को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का सुझाव दिया, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल हो सके जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि रोजगार सृजन हेतु ऋण दिलाने में बैंकों द्वारा अनावश्यक आपत्तियाँ लगाई जाती हैं और लोगों को बार-बार दौड़ाया जाता है। बैंक अधिकारियों के उत्तर से असंतुष्ट प्रतिनिधि कुछ समय के लिए बैठक से बहिर्गमन की स्थिति में भी आ गए, हालांकि मुख्य विकास अधिकारी ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाल लिया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था ठीक नहीं है और बैंकों को शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करना चाहिए। सीडीओ ने निर्देश दिया कि रोजगार सृजन से जुड़ी योजनाओं में जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को प्राथमिकता दी जाए और ऋण वितरण में अनावश्यक विलंब न हो। जिन बैंकों का पिछले वित्तीय वर्ष में सीडी रेशियो घटा है, उनसे प्रगति बढ़ाने को कहा गया। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों से कहा कि ऋण आवेदन लंबित न रहें और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री द्वारा पीएम सूर्य घर योजना की उपलब्धि पर दिए गए निर्देशों के पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत नाबार्ड की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2026-27 की बुकलेट का विमोचन मुख्य विकास अधिकारी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। बैठक में विधायक कप्तानगंज प्रतिनिधि गुलाब चंद्र सोनकर, विधायक सदर प्रतिनिधि मोहम्मद सलीम, महादेवा से फूलचंद्र श्रीवास्तव, हरैया से सरोज कुमार मिश्र, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, लीड बैंक अधिकारी आर.एन. मौर्य, नाबार्ड के मनीष कुमार, आरसेटी के मृत्युंजय मिश्रा, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, आरबीआई प्रतिनिधि सहित सभी बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## धोखे से दूसरे के खाते में गयी रकम लौटायी

**कोतवाली पुलिस को मिली सफलता**

**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने आवेदक तालाबपुरा निवासी संतोष साहू पुत्र हरिशंकर साहू ने गलती से 50 हजार रुपये की धनराशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दिए थे, जिसके सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कोतवाली ललितपुर पर शिकायत प्राप्त हुई थी। कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक व खाता धारक से सम्पर्क कर पीड़ित के सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराया गया। पीड़ित का सम्पूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस होने पर, पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व कोतवाली पुलिस टीम का आभार जताया। रुपये बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व आरक्षी लोकेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## बगैर डियूटी तनख्वाह उठा रहे हैं परिषदीय विद्यालय के अध्यापक जिले में अध्यापक पढ़ाई का नेता गिरी ज्यादा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में बनकटी परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की मनमानियां सिर चढ़कर बोल रही है। जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने की बजाय गुनहगारों को बचा रहे हैं। बनकटी ब्लाक के परिषदीय विद्यालय कॉंची में लगभग डेढ़ साल से एक महिला शिक्षक शोभा सिंह की तैनाती है। जो स्कूल कभी आती ही नहीं हैं। यहां तक कि उनको स्कूल के बच्चे पहचानते ही नही। इसके पूर्व वह महिला शिक्षक ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गूदी में तैनात रही। वहां भी तीन चार माह में एक बार स्कूल आकर सिर्फ उपस्थित पंजिका में हाजिरी लगाकर गायब हो जाती रहीं। बताया जाता है कि शोभा सिंह पति के साथ किसी महानगर में रहती हैं। जहां पति सरकारी कर्मचारी हैं। इसी तरह से खड़ौहाँ में एक ऐसी महिला शिक्षक तैनात हैं जहाँ उनके स्थान पर उनके पति कभी कभार स्कूल आकर उनकी हाजिरी लगाते हैं। यहां बच्चों की संख्या सिफर होने के साथ कुल दो शिक्षक एक शिक्षामित्र व एक रसोइया तैनात है। ब्लाक के पूर्व माध्यमिक स्कूल इटहर में तैनात प्रधानाध्यापक रबिन्द्र चौधरी नियमित डेढ़ से दो घन्टे हमेशा लेट स्कूल पहुँचते हैं। बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया है लेकिन अभिलेखों में कुछ बच्चे दर्शाये जा रहे हें। ऐसे और भी कई उदाहरण हैं लेकिन अफसरों का मौन हैरान करने वाला है। खन्ड शिक्षाधिकारी बीएसए और एडी बेसिक कार्यवाही नही करना चाह रहे हैं। आरोप तो यह भी है कि बीएसए आम नागरिक का आवश्यक मोबाइल काल रिसीव करना अपमान समझते हैं। यही स्थित एडी बेसिक की है। जिसने अपने सीयूजी नं.को अपने कार्यालय के एक बाबू को दे दिया है, जो एडी बेसिक से बात कराना गुनाह मानता है। कुल मिलाकर परिषदीय स्कूलों की शिक्षा पटरी पर लाने के मुख्यमंत्री योगी के द्वारा पानी की तरह धन खर्च करने पर भी सफलता दूर होती जा रही है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन 29 मार्च को निकालेगा कैंडल मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र. की जनपद शाखा की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर्स कक्ष मे जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय के नेतृत्व में हुई। बैठक में 29 नवम्बर को केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग एवं अन्य पेंशनरी समस्याओं को लेकर हुई बैठक मे 29 नवम्बर को कैंडल मार्च निकालने एवं ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता कर रहे नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में पेंशनरों को शामिल न करके उनके साथ अन्याय किया गया है। जब तक पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग का लाभ देने के लिये संकल्प पत्र में शामिल नही किया जायेगा पेंशनर्स एसोसियेशन का संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। पहले चरण में 29 नवम्बर शनिवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री को सम्बोधित, ज्ञापन दिया जायेगा। इसके बाद कैंडल मार्च निकाला जायेगा।दूसरे चरण में 15 दिसम्बर सोमवार को पुनः प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसके बाद भी केन्द्र सरकार ने मांग नही मानी तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष ने धरना प्रदर्शन व अन्य कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील किया। वक्ताओं ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में पहली बार सेवानिवृत्त कर्मचारियों, पेंशनरों को आयोग के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया गया है। सातवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में स्पष्ट रूप से पेंशन के पुनरीक्षण एवं पेंशनरों के अन्य लाभों को दायरे में लाया गया था जबकि आठवें वेतन आयोग में इससे वंचित किया गया है जिससे आगे चलकर मंहगाई राहत पर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

वक्ताओं ने इसे पेंशन नीति के विपरीत बताया। इसके अलावा वर्ष 2004 के पहले के कर्मचारियों के पेंशन को गैर अंशदायी कहा जा रहा है जो बिलकुल अनुचित है। बैठक का संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया। सुभाष चन्द्र श्रीवासतव, छोटेलाल यादव, प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, सुरेशधर दूबे, नरेन्द्रदेव मिश्र, रामकुमार लाल, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, रामचन्द्र शुक्ल, जंगबहादुर, दिलीप श्रीवास्तव, राधेश्याम तिवारी, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, रामप्रसाद तिवारी, शम्भूनाथ मिश्रा, अशोक कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# CHO अनीता चौधरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशवापुर से डियूटी से मिली गायब

**●CHO अनीता चौधरी के डियूटी से गायब रहने में CMO व DCPM की भूमिका संदिग्ध**

**CHO अनीता चौधरी उप स्वास्थ्य केन्द्र केशवापुर पर डियूटी करने के बजाए एक प्राइवेट हॉस्पिटल में करती हैं टीचिंग - सूत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत केशवापुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र / आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात CHO अनीता चौधरी का डियूटी से गायब रहने का खेल जारी है जिसमें CHC हरैया MOIC (अधीक्षक ) व BCPM अहम भूमिका निभा रहे हैं और CMO व DCPM की भूमिका संदिग्ध लग रही है । प्राप्त जानकारी के अनुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र केशवापुर पर तैनात CHO अनीता देवी के डियूटी से गायब रहने की खबर कई बार प्रकाशित हो चुकी है लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया प्रभारी से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तक किसी जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले का संज्ञान तक नहीं लिया । बल्कि डियूटी से गायब CHO अनीता चौधरी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए लीपापोती किया गया जिससे CHO अनीता चौधरी का डियूटी से गायब रहने सफल है ।

सूत्रों की माने तो CHOअनीता चौधरी उप स्वास्थ्य केन्द्र केशवापुर पर कभी बैठती ही है और कहती हैं कि उप स्वास्थ्य केन्द्र केशवापुर जर्जर है और आयुष्मान आरोग्य मंदिर जो नया बना है वहां जाने का रास्ता नही है । CHO पंचायत भवन केशवापुर पर कभी - कभी जाकर फोटो खींच कर अधिकारियों के पास भेज देती है या टीकाकरण के दिन उपस्थित रहती है बाकी दिन एक प्राइवेट हॉस्पिटल में टीचिंग करती है जिसकी जानकारी सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को है । जब जिम्मेदार अधिकारी ही कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं तो कर्मचारी डियूटी में लापरवाही ही करेंगे ।मीडिया पड़ताल में CHO अनीता चौधरी न तो उप स्वास्थ्य केन्द्र / आयुष्मान आरोग्य मंदिर केशवापुर और न ही पंचायत भवन केशवापुर पर डियूटी करती मिली । ग्रामीणों ने मीडिया टीम को बताया कि आप खुद देख लीजिए कि CHO अनीता चौधरी आई है कि नही ? जब पंचायत भवन व उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ताला लटक रहा है तो CHO अनीता चौधरी कहां डियूटी कर रही है ऐसे अक्सर ज्यादा दिन ताला लगा रहता है । मरीज कागज में इलाज करवा रहे हैं और दवाइयां कागज में बांटी जा रही है । उक्त प्रकरण में डीसीपीएम दुर्गेश मल्ल ने कहा कि हम मीटिंग में है जांच कराकर डियूटी से गायब CHO अनीता चौधरी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी ।

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2025 : बलरामपुर में पुरुष सहभागिता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की विशेष पहल शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चल रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के तहत जनपद बलरामपुर में परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जनजागरूकता और सेवाओं का अभियान प्रारम्भ किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और जिला अस्पताल में पुरुष नसबंदी की निःशुल्क एवं सुरक्षित सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष गतिविधियाँ संचालित कर रही हैं, जिनका उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति पुरुषों की जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाना है। अभियान अवधि में जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित चिकित्सा टीमों द्वारा पुरुष नसबंदी (NSV विधि) की सुविधा प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और कम समय लेने वाली है। लाभार्थियों को परामर्श, जांच और आवश्यक सभी सेवाएँ पूरी तरह निःशुल्क दी जाती हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य शिक्षकों और चिकित्सा कर्मियों द्वारा घर-घर संपर्क कर दंपतियों को पुरुष नसबंदी के लाभ बताए जा रहे हैं। ग्राम सभाओं, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जानकारी साझा की जा रही है ताकि अधिक से अधिक पुरुष आगे आएं।

सीएमओ ने जिले के योग्य दंपतियों से अपील की है कि वे परिवार नियोजन के लिए उचित विकल्प चुनें और सुरक्षित नसबंदी सेवाओं का लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि 'पुरुषों की जिम्मेदार भागीदारी न केवल दंपति के स्वास्थ्य की सुरक्षा करती है बल्कि परिवार की खुशहाली भी सुनिश्चित करती है।' पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2025 बलरामपुर में स्वास्थ्य जागरूकता और परिपक्व जनसंख्या नियंत्रण प्रयासों को नई गति दे रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में एसआईआर फॉर्म बना जी का जंजाल, कम पढ़े-लिखे लोग दर-दर भटकने को मजबूर

**●बीएलओ ने फॉर्म दिए, लेकिन मार्गदर्शन न मिलने से परेशान ग्रामीण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा/गैसड़ी-** क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के तहत वितरित किए गए एसआईआर फॉर्म आमजन के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म तो घर-घर पहुंचा दिए गए, किन्तु कम पढ़े-लिखे ग्रामीणों के लिए इन्हें भरना किसी चुनौती से कम नहीं साबित हो रहा है। पचपेड़वा, गैसड़ी, तुलसीपुर सहित आसपास के कई गांवों में फॉर्म समझने को लेकर लोगों में भारी असमंजस बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि फॉर्म में मांगी गई जानकारियाँ जटिल होने के कारण वे खुद इसे भरने में असमर्थ हैं। उम्र, पहचान पत्र नंबर, परिवार का विवरण, पते में संशोधन सहित कई बिंदुओं को लेकर लगातार संशय बना रहता है। गलत जानकारी भर देने के डर से लोग इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीण बताते हैं कि गांवों में बड़ी संख्या ऐसे परिवारों की है जिनकी पढ़ाई-लिखाई सीमित है। ऐसे परिवारों के सदस्य फॉर्म को लेकर पंचायत भवन, दुकानदारों, टाइपिंग सेंटर या परिचितों के यहां मदद की आस में पहुंच रहे हैं। दूर-दराज बसे गांवों में इन सुविधाओं का अभाव होने के कारण समस्या और गहरी हो रही है। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीएलओ द्वारा फॉर्म देते समय आवश्यक दिशा-निर्देश नहीं दिए गए, जिससे स्थिति और उलझ गई है। कई बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन फॉर्म भरने में असहाय दिख रहे हैं। समयसीमा नजदीक आने की चिंता ने लोगों कीर बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्थानीय स्तर पर सहायता केंद्र या विशेष शिविर की व्यवस्था की जाए, जिससे फॉर्म भरने में लोगों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। उनका कहना है कि यदि प्रशासन पहल करे तो मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सकता है और लोगों को राहत भी मिलेगी।

## श्रीराम विवाह के उपलक्ष में रहमतगढ़ में भव्य मेले का हुआ आयोजन

**●450 वर्ष पुरानी परंपरा का विधि विधान पूर्वक हो रहा निर्वाहन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार,अमेठी।** ग्राम पंचायत मवैया रहमतगढ के ग्राम रहमतगढ में राम विवाह पंचमी को मनाई गई, जिसमें भव्य मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति किया गया। मेले के आयोजक सुरेन्द्र तिवारी ने आगुंतकों का स्वागत अभिनंदन किया, श्रीराम विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित मेले में सभी राम भक्त शामिल हुए, और श्री राम लीला को देखकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श से सीख ली, तथा उनके द्वारा बताए गए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। रामजी तिवारी भुटाली ने बताया धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान राम और सीता माता का विवाह हुआ था। विवाह पंचमी 2025 शुभ मुहूर्त हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष को होना सुनिश्चित रहता है, उदया तिथि के अनुसार विवाह पंचमी इस वर्ष 25 नवंबर को मनाई गई,विवाह पंचमी 2025 पूजन विधि विवाह पंचमी के दिन सुबह उठकर स्नान आदि से निवृत होकर श्रीराम विवाह का संकल्प लें स्नान के बाद शुभ मुहूर्त में श्रीराम और माता सीता का विवाह किया। इसके पहले पूजा स्थान पर श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा स्थापित किया। इसके बाद भगवान राम को पीले वस्त्र और माता सीता को लाल रंग के वस्त्र अर्पित किया। इसके बाद बालकांड में विवाह प्रसंग का पाठ किया। साथ ही साथ ओम् जानकीवल्लभाय नमः इस मंत्र का 108 बार जाप किया। इसके बाद माता सीता और श्रीराम का गठबंधन हुआ। फिर उनकी आरती किया। विधि विधान से पूजन करने से अगर विवाह होने में बाधा आ रही हो तो वो समस्या दूर हो जाती है। मनचाहे विवाह का वरदान भी मिलता है। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का अंत भी हो जाता है। इस दिन भगवान राम और माता सीता की संयुक्त रूप से उपासना करने से विवाह होने में आ रही बाधाओं का नाश होता है। इस दिन बालकाण्ड में भगवान राम और सीता जी के विवाह प्रसंग का पाठ करना शुभ होता है। इस दिन सम्पूर्ण श्रीरामचरित मानस का पाठ करने से भी पारिवारिक जीवन सुखमय होता है। वहीं रहमतगढ़ के मूल निवासी पत्रकार दिनेश तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम-सीता विवाह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मेले में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा अमेठी गिरीश चंद्र शुक्ला, राजीव पांडे, पत्रकार सुशील मिश्रा, पत्रकार दीपक पाठक, पत्रकार मनोज त्रिपाठी, पत्रकार विकास शुक्ला, अनुज शुक्ला, मनोज मौर्य, प्रशांत मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, पप्पी तिवारी सहित क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजक मंडल में शामिल अमित तिवारी, रामजी तिवारी, व अन्य आयोजन मंडलों द्वारा अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन कराया गया था।

# एसडीएम कोर्ट में फर्जी आदेश अपलोड, पेशकार सहित दो पर मुकदमा दर्ज

**●बभनगवा गांव का मामला, डीएम ने पेशकार को किया निलंबित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** राजस्व अदालत में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां भूमि श्रेणी परिवर्तन का मुकदमा लंबित होने के बावजूद तहसीलदार के पेशकार ने मिलीभगत से फर्जी आदेश कम्प्यूटर सिस्टम पर अपलोड करा दिया। मामले की जानकारी होने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम की रिपोर्ट पर डीएम ने तत्काल पेशकार को निलंबित कर दिया, जबकि पेशकार व कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। मामला बभनगवा गांव का है। बंजर और नवीन परती भूमि के दो भूखंडों के श्रेणी परिवर्तन को लेकर एसडीएम कोर्ट में वाद दायर था। वादी के रूप में तहसीलदार के पेशकार शरद कुमार सिंह के साथ गंगा प्रसाद, अमित कुमार सिंह, मनभावती और राजेंद्र प्रसाद सिंह शामिल थे। आरोप है कि मुकदमा दायर करने के बाद पेशकार ने पत्रावली गायब कर दी। बीते वर्ष 16 जुलाई को तत्कालीन रीडर सौरभ कुमार रावत ने फाइल न मिलने और पक्षकारों की अनुपस्थिति पर वाद निस्तारित कर दिया।

इसी दौरान एक अन्य लंबित मुकदमे की याचिका संख्या का उपयोग करते हुए फर्जी आदेश तैयार कर कम्प्यूटर पर अपलोड करा दिया गया। मौजूदा रीडर मो. खालिद के अनुसार पेशकार शरद कुमार सिंह ने व्यक्तिगत लाभ के लिए पद का दुरुपयोग करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर ध्रुव कुमार मिश्र के सहयोग से आईडी और पासवर्ड में छेड़छाड़ कर गलत आदेश अपलोड कराया। गौरतलब है कि जिस पत्रावली पर फर्जी आदेश अपलोड हुआ, वह अभी भी अदालत में लंबित है। इसके बावजूद 15 फरवरी को न्यायालय को गुमराह कर परवाना भी निर्गत करा लिया गया। पूरे प्रकरण में संलिप्तता पाए जाने पर एसडीएम की रिपोर्ट पर डीएम ने पेशकार शरद कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। उधर, प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

## सूने मकान पर अज्ञात चोरों का धावा, जेवर-गृहस्थी का सामान पार



**तालबेहट।** ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की वारदातों का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला ग्राम कडेसरा कलां के मजरा कतक्यारी का है, जहां सूने पड़े मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने जेवरात और गृहस्थी का सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार गोविंद दास पुत्र किशोरी कुशवाहा मजदूरी करने के लिए परिवार सहित इंदौर गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने खाली पड़े मकान का फायदा उठाते हुए दरवाज़ा तोड़कर घर में रखे कीमती सामान को चोरी कर लिया। घटना का पता पड़ोसियों को तब चला जब उन्होंने घर का ताला टूटा देखा। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्र की है। फिलहाल अज्ञात चोरों की तलाश में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चार खिलाडियों ने जीते पदक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** गोवा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट 2025 में ललितपुर जिले का खिलाड़ियों ने मान बढ़ाया है। ललितपुर जिले के चार खिलाड़ियों ने पदक जीतकर ललितपुर का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। खिलाड़ियों में मयंक चन्देल ने स्वर्ण पदक, प्रजोत साहू ने स्वर्ण पदक, अनुज साहू ने सिल्वर पदक व मिशिता कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक को जीता। नितिन सिंह चंदेल (ललितपुर उ.प्र. )गोरखा कराटे एसोसिएशन ऑफ मिक्स मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ीयों ने 4 पदक जीते है। जिले का नाम रौशन करने पर चारों खिलाड़ियों के प्रति हर्ष जताया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुरासी गांव निवासी संतोष कुमार ने विपक्षीगणों द्वारा सरकारी पेड़ बेचे जाने की किया शिकायत



**महराजगंज रायबरेली।** विकास खण्ड क्षेत्र के पुरासी गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र बरातीलाल ने उपजिलाधिकारी महराजगंज व मुख्यमंत्री से गांव की ही निवासी विपक्षीगणों द्वारा चकमार्ग के सरकारी पेड़ बेचे जाने की शिकायत की है। शिकायत में संतोष कुमार पुत्र बरातीलाल ने बताया कि पुरासी गांव में चंद्रमणि दीक्षित के खेत से लेकर राघव शरण द्विवेदी की बाग तक जो चक मार्ग स्थित है, उस पर दो जामुन एवं तीन गूलर के पेड़ लगे है। चकमार्ग पर लगी पेड़ों को गांव के ही निवासी विपक्षीगण अजय कुमार मिश्रा पुत्र शंभू प्रसाद मिश्र व शंभू प्रसाद मिश्रा पुत्र नाथू मिश्रा द्वारा अपना बताकर बेच दिया है, जबकि सार्वजनिक चक मार्गपर स्थित पेड़ों से विपक्षीगणों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। प्रार्थी द्वारा जब पेड़ों की बिक्री की शिकायत की गई तो विपक्षीगणों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने बताया कि विपक्षीगण सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं और उनके द्वारा चक मार्ग को जोतकर अपने खेत में मिला लिया है, जिसकी पैमाइश कराकर खाली करना अत्यंत आवश्यक है। मामले में उपजिलाधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को मौके की जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

### एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ विवेक सम्मानित



**लालगंज (रायबरेली)।** विधानसभा 179 हरचंदपुर में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विकासखंड खीरो के बीएलओ विवेक कुमार ने अपना दायित्व समय से पहले पूरा कर एक मिसाल कायम की है। विवेक कुमार को कुल 937 मतदाताओं की सूची आवंटित की गई थी। इसमें से उन्होंने मौके पर जाकर 900 मतदाताओं का सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान 37 मतदाताओं को एएसडी श्रेणी में चिन्हित किया। जिनकी रिपोर्ट समय पर संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई। गणना प्रपत्रों का वितरण, संकलन और डिजिटाइजेशन कार्य को भी उन्होंने निर्धारित समय सीमा से पूर्व पूरा किया। जिसे प्रशासन ने सराहा है। निर्वाचन से जुड़े कार्यों में त्वरित, सटीक और जिम्मेदाराना रवैया दिखाने पर विवेक कुमार को तहसील स्तर पर सम्मानित किया गया। प्रभारी तहसीलदार शिवम राठौड़ स्वयं बीएलओ के आवास पर पहुंचे और उन्हें पुष्पगुच्छ व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील होता है और समय पर गुणवत्तापूर्ण काम करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है।बीएलओ विवेक कुमार की इस उपलब्धि पर उपजिलाधिकारी मिथलेश त्रिपाठी और नायब तहसीलदार ऋतुराज नगर ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारी निर्वाचन व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं और आम मतदाता का विश्वास बढ़ाते हैं।

### डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली-** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओ की ब्लॉकवार समीक्षा की। निर्देश दिया कि समय से सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन गोआश्रय स्थल के निर्माण कार्य समय से करा लें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गोआश्रय स्थलों में पशुओं के लिए हरा चारा, पानी,चिकित्सा, प्रकाश,शेड आदि सुनिश्चित कराए। यदि कोई पशु संक्रामित है तो उन्हें अलग कर उचित उपचार कराए। गोआश्रय स्थलों में ठंड के मौसम को देखते हुवे ठंड से बचाव हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराए। यदि किसी गोवंश की मृत्यु हो जाये तो उचित तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे कार्य नहीं कर रहे है। उन्हें शीघ्र सही करा लें और लगातार उसकी निगरानी भी करते रहे। गोआश्रय स्थलो को स्वालम्बी बनाने के लिए गोशालाओ में वर्मीकम्पोस्ट,गोबर निर्मित काष्ठ,दीपक व पेंट निर्माण की व्यवस्था कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कुलदीप कुमार द्विवेदी, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, मोहनलालगंज टीम जीती

### ●सांसद अशोक रावत ने श्वेत कपोत उड़ाकर किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**भरावन।** बीवीएम इंटर कॉलेज ग्राउंड में मंगलवार को तृतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने श्वेत कपोत उड़ाकर किया। सांसद व अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय के बाद सिक्का उछालकर टॉस किया। मोहनलालगंज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए अतरौली टीम 59 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। जवाब में मोहनलालगंज ने सात ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले कार्यक्रम के आयोजक कर्नल आदित्य प्रताप सिंह व सांसद अशोक रावत ने बीवीएम इंटर कॉलेज के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सांसद ने मेडल पहनाकर व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। हाईस्कूल वर्ग में अर्चना ने 81% तथा आशुतोष सिंह ने 79% अंक प्राप्त किए। कृषि विज्ञान में शिवानी 77.7%, अनुराधा 74% और विशालिनी 73% अंक के साथ सफल रहीं इंटरमीडिएट कृषि विज्ञान वर्ग में शिखा प्रथम, अनिल द्वितीय और प्रियांशी मौर्या तृतीय रहीं।कला वर्ग में आरती प्रथम, प्रीति द्वितीय तथा शैलेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा आदित्य, गुड़िया,तौहीद ,जोया, रेशम पाल, लकी सिंह, सौरभ मौर्या, रितेश मौर्या सहित कई अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर, नरेंद्र बाजपेई, डॉ विभा सिंह, संचित अग्रवाल, आशीष अवस्थी, कुंवर वीरेंद्र सिंह, रामस्वरूप सिंह नेता जी, मंडल अध्यक्ष सूरज चौहान, अरुण सिंह, विनोद सिंह, मोनू सिंह, देवव्रत सिंह, शादाब अली, राजू पांडे, डॉ शैलेंद्र बाजपेई, गुड्डू चौहान, जीतू पांडे, विकास पांडे, शोभित शुक्ल, केपी सिंह, धीरज चौहान, पंकज अवस्थी, महेंद्र सोनी, नंदन बाजपेई, मयंक सिंह, आदित्य पांडे मौजूद रहे।

### 33 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या क्षेत्र में मचा हड़काम



**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली के थुलवांसा क्षेत्र के अंतर्गत गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल गांव में 33 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि, पति पत्नी की आपसी कहासुनी के बाद बीती रात गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल निवासी अनीता देवी 33 वर्ष पत्नी नरेंद्र कुमार, निवासी गुमान सिंह का पुरवा मजरे ओनई जंगल ने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो उन्होंने आनन-फानन में अनीता को फंदे से उतारा और तुरंत जिला अस्पताल ले गए। हालांकि,अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि, शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## जयंती पर याद किए गए लोकबंधु राज नारायण

### ●सी बी गुप्ता कृषि महाविद्यालय में उनके नाम से बना है छात्रावास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** 25 नवंबर चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय कैंपस में स्थित लोकबंधु राज नारायण छात्रावास में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 109वीं जयंती मनाई गई। महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने बताया कि लोक बंधु जी 'भुक्खड़, फक्कड़ और मस्तमौला' समाजवादी नेता से लेकर विधायक, सांसद व केंद्रीय मंत्री तक का जीवन जिया सदैव सत्य के रास्ते पर चलते थे एक अच्छे राजनेता और समाजसेवी थे। हमने बहुत सारी कहानियां श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह जी से लोकबंधु राजनरण की सुनी है। महाविद्यालय के महामंत्री बैजनाथ रावत ने बताया कि लोकबंधु जी इतने निःस्व थे कि उनके बैंक खाते में उनके देहांत के बाद केवल साढ़े चार हजार रूपये थे। कोई आठ सौ एकड़ पुश्तैनी कृषि भूमि का बड़ा हिस्सा उन्होंने दलितों-पिछड़ों को बांट दिया था, क्योंकि वे अपनी विचारधारा के अनुरूप जोतने-बोने वालों को ही कृषि भूमि का मालिक बनाने के पक्ष में थे और खुद को अपनी मान्यताओं का अपवाद बनाना उन्हें गवारा नहीं था। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं छात्रावास अधीक्षक डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लोक बंधु जी के नाम से श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह जी ने कृषि महाविद्यालय कैंपस में छात्रावास बना रखा है जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड नेपाल उत्तराखंड एवं मध्य प्रदेश के 100 से अधिक अंतःवासी छात्र निवास करते हैं। जयंती पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, डॉ हरीश कुमार यादव, डॉ विवेक कुमार वर्मा, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर रघुवंशी, हॉस्टल केयरटेकर रणजीत सिंह चौहान तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियो उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नशे में धुत भतीजे ने ताई की दांतों से काटी उंगली, आग सेकने के दौरान हुआ हंगामा रोकने पर किया हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बेलामऊ गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक द्वारा अपनी ताई की उंगली काट डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है, जब गांव निवासी जयदेवी अपने घर के बाहर आग सेक रही थीं। इसी दौरान उनका भतीजा नन्द किशोर, जो नशे की हालत में था वहां पहुंचकर हंगामा करने लगा परिजनों के अनुसार युवक लंबे समय से शराब का आदी है और नशे में आए दिन घर में विवाद खड़े करता रहता है। परिजनों ने बताया कि नशे में धुत नन्द किशोर आग के पास बैठकर बवाल करने लगा तो जयदेवी ने उसे आग से दूर रहने और घर में हंगामा न करने की नसीहत दी। इसी बात पर युवक आग बबूला हो गया और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा जब जयदेवी ने उसे डांटा, तो आरोपी ने अचानक तैश में आकर उनके हाथ को पकड़ लिया और दांतों से जोर से काट लिया। काटने की चोट इतनी गहरी थी कि महिला की एक उंगली अलग हो गई। वारदात के बाद आरोपी युवक घर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। घायल जयदेवी अपनी कटी उंगली साथ लेकर जिला अस्पताल पहुंचीं जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है और घर भेज दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि उंगली पर गंभीर चोट पहुंची है सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। हालांकि परिजनों ने अभी तक पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी है!!

### दहेज में पाँच लाख की माँग, विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, पाँच पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव निवासिनी महिला ने ससुरालीजनों पर दहेज उतपीड़न का आरोप लगाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। गांव निवासिनी सभ्या तिवारी ने बताया कि एक मार्च 2023 में उसका विवाह उन्नाव जनपद के मोहिद्दीनपुर मौराबा में शुभम मिश्रा के साथ हुआ था। उसके पिता ने नगदी समेत पर्याप्त दान दहेज देकर उसे विदा किया। शादी के बाद से ही ससुरालीजन कम दहेज लाने के बात कहकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पति ने पांच लाख रुपये दहेज लाने के बाद का कर उसे कमरे में बंद रखा कई दिन खाना नहीं दिया। ससुर नागेंद्र मिश्रा, चचिया ससुर जितेंद्र मिश्रा, सास क्षमता मिश्रा व ऋषभ मिश्रा ने कम दहेज लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित किया। गत 11 अक्टूबर को आरोपियों ने उसके गहने कपड़े छीन कर मारा पीटा और घर से भगा दिया। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दहेज उत्पीड़न समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## ओया गांव में 35 वर्षीय युवक को ट्यूबवेल पर बदमाशों ने पीट-पीटकर की हत्या

### ● पूरे क्षेत्र में दहशत पुलिस-प्रशासन में हड़कंप कई टीमें जांच में जुटीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव में बीती रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के 35 वर्षीय युवक विनीत सिंह की उनके ही ट्यूबवेल पर हत्या कर दी गई। ट्यूबवेल पर अचानक अज्ञात हमलावरों ने धावा बोल दिया और कुछ ही मिनटों में पूरे कमरे को क्राइम सीन में बदल दिया ट्यूबवेल के भीतर फैला खून, टूटी वस्तुएं और अस्त-व्यस्त सामान इस बात का साफ संकेत देते हैं कि मृतक की बर्बरतापूर्वक हत्या की गई है। घटना से गांव में कोहराम, पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने संभाला मोर्चा हत्या की खबर फैलते ही पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते ओया गांव पुलिस छावनी में बदल गया सूचना पर चंदापुर थाना पुलिस,फॉरेंसिक टीम,डॉग स्क्वॉड,आस-पास के थानों का पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कई अहम साक्ष्य अपने कब्जे में लिए एएसपी संजीव कुमार सिन्हा रात में ही पहुंचे, जांच के लिए कई टीमें गठित घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजीव कुमार सिन्हा देर सुबह ही मौके पर पहुंच गए उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कई विशेष टीमें गठित की हैं एएसपी के अनुसार एसओजी टीम व सर्विलांस सेलसर्वस्थानीय पुलिस टीम सब मिलकर घटना की हर दिशा से जांच कर रही हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है और क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ जारी है एएसपी ने कहा है कि पुलिस जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करेगी गांव में दहशत और आक्रोश इतनी क्रूर हत्या पहले कभी नहीं देखी इस जघन्य हत्या से गांव में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इतनी बर्बर हत्या पहले कभी नहीं देखी। बहुत से लोगों ने पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है क्या हत्या साजिश के तहत की गई? पुलिस की जांच कई एंगलों पर? पुलिस इस हत्या को सोची-समझी साजिश भी मानकर जांच कर रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है हत्या का समय, तरीका और हत्यारों का आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि हमलावर मृतक की गतिविधियों से भली-भांति परिचित थे इलाके में चर्चा–आखिर हत्या किसने और क्यों की ओया गांव से लेकर पूरे चंदापुर क्षेत्र में यह हत्या मुख्य चर्चा का विषय बनी हुई है हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है आखिर विनीत सिंह की हत्या किसने और क्यों की बदमाश इतने बेखौफ कैसे पुलिस ने दावा किया है कि बहुत जल्द पूरे मामले का पर्दाफाश कर अपराधियों को बेनकाब किया जाएगा।

## गोलीकांड में नया खुलासा महिला को नहीं लगी थी गोली, हिस्ट्रशीटर पर लगा था आरोप

### ● पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खेदापुर में रविवार को हुए कथित गोलीकांड में बड़ा उलटफेर सामने आया है जिस मामले में हिस्ट्रशीटर प्रदीप सिंह पर महिला को गोली मारने का गंभीर आरोप लगा था, उसकी मेडिकल जांच रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. इंद्र सिंह ने एक्सरे रिपोर्ट के आधार पर साफ किया कि महिला के पैर में गोली लगने का कोई निशान या बुलेट नहीं पाई गई है। हालांकि महिला का उपचार चल रहा है रविवार को दो पक्षों के आपसी विवाद के दौरान हुई घटना ने गांव में तनाव पैदा कर दिया था। ग्राम खेदापुर में प्रदीप सिंह और पियन सिंह के बीच बाइक से निकलते समय कीचड़ की छींटे पड़ने को लेकर विवाद शुरू हो गया आरोप था कि बहस बढ़ने पर हिस्ट्रशीटर प्रदीप सिंह ने अपने असलहे से फायरिंग कर दी। घटना के दौरान पास खड़ी मंजरी देवी घायल हो गई थीं, जिसके बारे में प्रथम दृष्टया यह आरोप था कि उन्हें दाहिने पैर में गोली लगी है। घटना के बाद पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार को उनका एक्सरे कराया गया रिपोर्ट में गोली लगने की बात सामने न आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। सीएमएस ने बताया कि महिला के पैर में किसी प्रकार की बुलेट इंजरी नहीं पाई गई है। हालांकि चोट के कारण दर्द और सूजन दर्ज की गई है इधर, विवाद और फायरिंग की सूचना मिलते ही



पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मामले में नामजद आरोपी प्रदीप सिंह को पुलिस ने सोमवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया उसके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। वहीं, इस घटना में शामिल दो अन्य नामजद अभियुक्तों की तलाश जारी है एएसपी उत्तरी आलोक सिंह का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद घटना की गहराई से जांच की जा रही है। यदि फायरिंग नहीं हुई थी तो उसकी वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाएगी!!

## नगर निगम प्रशासन शिक्षा के केंद्रों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं -डॉ दिनेश शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** पूर्वी विधान सभा लखनऊ के अंतर्गत इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में स्थित अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज में डॉ दिनेश शर्मा मां. सांसद राज्य सभा, पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की सांसद निधि (2025- 26) से एक सभागार/ शैक्षणिक कक्ष का शिलान्यास डॉ दिनेश शर्मा मां. सांसद राज्य सभा, पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के करकमलों द्वारा एवं नगर निगम लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में वैदिक परम्परा अनुसार विधि- विधान से भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त की गरिमामयी उपस्थित रही। भूमि पूजन शिलान्यास उपरान्त मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान नगर निगम प्रशासन शिक्षा के केंद्रों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने का पूरा प्रयास कर रही है उसी कड़ी में यह अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज भी उत्तरोत्तर प्रगति करे यह हमारी जिम्मेदारी है। मैं महाविद्यालय को यह भी आश्वाशन देता हूं कि पुराने भवन के द्वितीय तल पर पांच नए कक्षों के निर्माण करने का



प्राविधान अपनी निधि से करूंगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि हमारा सतत प्रयास है कि महाविद्यालय के नाम के अनुरूप ही संस्थान प्रगति करे नगर निगम द्वारा इसकी पूरी चिंता की जा रही है उसी का परिणाम है आज एक बहुउद्देशीय सभागार/ शैक्षणिक कक्ष का शिलान्यास किया गया है। आगामी नए सत्र में परास्नातक की कक्षाएं भी संचालित होंगी इसका भी प्रावधान किया जा रहा है।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी का अभिनन्दन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने आए सभी अतिथियों का महाविद्यालय की ओर से अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम में महाविद्यालय सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र -छात्राएं तथा क्षेत्रवासी उपस्थिति रहे।

### रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य हेतु महमूद नगर से नई बस्ती जाने वाला ट्रैक दो दिन के लिए रहेगा बंद



**मलिहाबाद लखनऊ।** उत्तर रेलवे के मंडल प्रबंधक कार्यालय द्वारा निर्गत सूचना के अनुसार महमूद नगर रेलवे फाटक संख्या 231/B जो महमूद नगर रोड से लखनऊ हरदोई रोड के संपर्क मार्ग पर स्थित है, जिस पर मरम्मत का कार्य सुनिश्चित किया गया है। जिसके कारण समपार संख्या 231/B महमूद नगर का सड़क यातायात 26 नवम्बर बुधवार सुबह 8 बजे से 28 नवंबर शुक्रवार शाम 6 बजे तक बंद रहने की सूचना उप जिलाधिकारी मलिहाबाद को दी गई है। इस दौरान छोटे व हल्के वाहन इधर से गुजरने वाला यातायात मुजासा रोड से लखनऊ हरदोई रोड के संपर्क मार्ग पर स्थित समपार संख्या 232/C से निकाला जा सकता है। तीन दिन रेलवे क्रासिंग बंद होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## राजपुरोहित मधुर जी की चेतावनी: हिंदू आस्था पर वार करने वालों को कानून, समाज और सत्य—तीनों का सामना करना पड़ेगा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ** आज धर्म ध्वज की विधिवत स्थापना के अवसर पर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से गूंज उठा। वैदिक आचार्यों की उपस्थिति में पुण्याहवाचन, नवग्रह शांति, ध्वज शुद्धि, अभिषेक एवं मंत्रोच्चारित आरोहण की संपूर्ण विधि के साथ धर्म ध्वज स्थापित किया गया। यह ध्वज सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और धर्मरक्षा का सशक्त प्रतीक बनकर फहरा उठा। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार

**राजपुरोहित मधुर जी ने कहा,** 'मैं भारत के माननीय प्रधानमंत्री और प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके नेतृत्व में धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण को नया बल मिला है। उनकी नीतियाँ धार्मिक आयोजनों को सुरक्षा और सम्मान प्रदान कर रही हैं, जिसके कारण आज ऐसे पवित्र कार्यक्रम और अधिक प्रभावशाली बन पाए हैं। '

**सनातन समाज के लिए संदेश-** उन्होंने कहा, 'धर्म ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की आत्मा है। जहाँ धर्म पर प्रहार होगा, वहाँ सनातन समाज पहली पंक्ति में खड़ा मिलेगा। और जहाँ समाज को तोड़ने का षड्यंत्र होगा, वहाँ हमारा प्रतिरोध अडिग और स्पष्ट होगा। '

**धर्मविरोधियों को कड़ा संदेश-** सभा में उपस्थित साधु-संतों और भक्तों के सामने उन्होंने दोटूक चेतावनी देते हुए कहा, 'जो लोग हिंदू आस्था का अपमान करते हैं, धर्माचार्यों को निशाना बनाते हैं या समाज में विघटन फैलाने का प्रयास करते हैं—वे यह समझ लें कि सनातन की सहनशीलता उसकी उदारता है, कमजोरी नहीं। हिंदू आस्था पर वार करने वालों को कानून, समाज और सत्य—तीनों का कड़ा सामना करना पड़ेगा। '

**समूह संकल्प-** धर्म ध्वज स्थापना के साथ ही संतों, भक्तों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे धर्म, संस्कृति, बहन-बेटियों की सुरक्षा और राष्ट्र के आध्यात्मिक उत्थान के लिए संगठित होकर निरंतर कार्य करते रहेंगे। शंखध्वनि और जयघोष के बीच पूरा स्थल सनातन ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

### पाली गांव में पिकअप वाहन पेड़ से टकराया, एक युवक गंभीर रूप से घायल



**महराजगंज: रायबरेली ।** कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव के पास शनिवार सुबह करीब 7 बजे एक पिकअप वाहन सड़क किनारे लगे नीम के पेड़ से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के गेट लॉक हो गए और उसमें सवार लोग अंदर ही फँस गए।स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फँसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में ड्राइवर के बगल की सीट पर बैठे संतराम (18 वर्ष), पुत्र सुरेश कुमार, निवासी–त्रिलोकपुर लोनी कटरा, जनपद बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल संतराम को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन हैदरगढ़ की ओर से टेंट का सामान लेकर एक शादी समारोह में जा रहा था, तभी यह दुर्घटना पाली गांव के पास हुई।

## लखनऊ: तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में घुसी, एक की मौत और साथी घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** गोसाईगंज में आरआए अस्पताल के पास मंगलवार तड़के तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार 26 वर्षीय अब्दुल सईद की मौके पर मौत हो गई। वहीं, साथी का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी में सड़क हादसे में घायल हुए 53 वर्षीय सजीवन पाल ने इलाज के दौरान मौत हो गई।

इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक अब्दुल सईद मूल रूप से बाराबंकी के लोनी कटरा स्थित सराय पांडे गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि आरएस अस्पताल के पास शादी समारोह से लौट रही एक कार आगे जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में कार में सवार दो लोग बुरी तरह फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे अब्दुल सईद की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

पिता अब्दुल हमीद ने बताया कि गांव में अश्वनी पांडे के बेटे की शादी गोसाईगंज स्थित कबीरपुर मैरिज लान में थी, जिसमें शामिल होने के लिए वह गांव के ही युवक विकास की स्विफ्ट डिजायर कार से गया था। रात को लौटते समय कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी। हादसे में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर विकास को सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया गया, जहां से उसे बलरामपुर अस्पताल रेफर किया गया। उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने तोड़ा दम

सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में स्थित किसान पथ पर पांच नवंबर को हुए एक्सीडेंट में घायल दूधिए राम सजीवन पाल ने मंगलवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर उपेन्द्र सिंह ने बताया कि राम सजीवन दूध सप्लाई का काम करते थे। दूध बांटकर लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सजीवन के परिवार में पत्नी, बेटा अर्पित और एक बेटी है।

# नेत्रहीन नहीं—नेत्रदीपक: भारत की बेटियों ने छुआ विश्व का शिखर

**[ अंधेरे ने हार मानी: भारत की नेत्रहीन शेरनियों का विश्व वर्चस्व ]**

**[ दृष्टि नहीं, दृष्टिकोण की जीत: भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप ]**



अँधकार की गिरहों को उधेड़कर उजाले को अपनी मुट्ठी में भर लेने का साहस—जहाँ आँखों में रोशनी भले न हो, पर भीतर का आकाश सपनों से दिपदिपाता हो—उसी पवित्र जगह पर भारत की बेटियाँ वह इतिहास रच रही हैं जो केवल धरती की धूल को सम्मान नहीं देता, बल्कि समाज की उन कठोर दीवारों को भी ध्वस्त करता है जो दृष्टि की कमी को सीमा समझ बैठी थीं। ये बेटियाँ साबित करती हैं—जब मन देखना सीख ले, तो दुनिया की हर बाधा धुंधली पड़ जाती है। जब कोलंबो के पी. सरवणमुत्तू स्टेडियम में सफेद गेंद खड़खड़ाती हुई विकेट की ओर लुढ़की और फुला सरेन ने उसे एक करारे शॉट में बाउंड्री के पार भेजा, तो उस एक पल में सदियों की चुप्पी टूट गई। भारत ने नेपाल को सात विकेट से रौंदकर पहला दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप (11 नवंबर से 23 नवंबर 2025 तक कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित) अपने नाम कर लिया। बारह ओवर, तीन विकेट, 117 रन। लक्ष्य पूरा। यह सिर्फ़ जीत नहीं थी; यह उन अनगिनत भारतीय महिलाओं की सामूहिक पुकार थी, जिन्हें कभी मैदान से वंचित किया गया, घर की दीवारों में बाँध दिया गया, जिनकी आँखें तो खुली थीं पर सपनों को अंधा कर दिया गया था। आज उन सपनों ने काली पट्टी बाँधकर दुनिया को समझा दिया—अंधेरा आँखों में नहीं, इरादों में बसता है—और हमारे इरादे धधक रहे हैं। इस उद्घाटन दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप में नियमों की कठोरता ने खेल को एक अनुशासन नहीं, एक जीवंत कला बना दिया। सोचिए उस गेंदबाज़ को, जो पहले धीमे से पूछता है, 'तैयार हो?' और फिर 'प्ले!' की पुकार के साथ अंडरआर्म गेंद डालता है, जिसे कम-से-कम एक उछाल अनिवार्य है। हर टीम में 11 योद्धा—पर उनमें कम से कम चार पूर्ण नेत्रहीन, बी-1 श्रेणी के (खिलाड़ी पट्टी बाँधते हैं), जिनके हर रन को दोगुना गिना जाता है। बी-1 बल्लेबाज़ रनर संग खेलते हैं, स्टंपिंग से मुक्त। फील्डर अपनी जगह ताली से बताते हैं, और आंशिक दृष्टि वाले बी-2 (2 मीटर तक) और बी-3 (6 मीटर तक) अपनी सीमित रोशनी में दुनिया को फिर से आकार देते हैं। यह क्रिकेट नहीं, एक संवेदनशील संवाद है—आवाजों का, स्पर्श का, और उस अदृश्य विश्वास का। और यही विश्वास कहता है—अंधेरा आँखों में हो सकता है, पर जीत हमेशा उस उजाले की होती है जो भीतर जलता है। यह विश्व कप पहला था, इसलिए इसके हर रन में इतिहास लिखा जा रहा था। छह देश—ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, संयुक्त राज्य अमेरिका, नेपाल और भारत—एक ही मैदान पर, सबकी आँखें पट्टी से ढकी, फिर भी दृष्टि सबसे साफ़ भारत की थी। पूरे टूर्नामेंट में उसने एक भी मैच नहीं गंवाया। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया बिखर गया, और फाइनल में नेपाल को इस कदर दबोचा गया कि पूरी पारी में उसके बल्ले से सिर्फ़ एक चौका निकला—सिर्फ़ एक। बाकी सब डॉट या विकेट। यह सिर्फ़ दबदबा नहीं था; यह अस्तित्व की धमक थी। फुला सरेन की प्लेयर ऑफ द मैच नाबाद 44 रन की पारी कोई सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि झारखंड की उन आदिवासी बस्तियों से उठी लौ थी जहाँ बिजली की रोशनी आज भी संकोच में है, मगर हौसले सदियों से जलते आए हैं। उसने हर रन बी-1 श्रेणी में खेलते हुए बनाया—यानी पूरी तरह नेत्रहीन होकर। और नियम कहता है, ब्लाइंड का हर रन दोगुना गिना जाता है। यानी मैदान पर उसके 44 रन, स्कोरबोर्ड की दृष्टि में 88 बनकर दहाड़े—समाज की उन सारी आवाज़ों के मुँह पर, जिन्होंने कभी कहा था, 'तू अंधी है, तू क्या कर लेगी?' पाकिस्तान की मेहरीन अली ने इस टूर्नामेंट में 600 से ज़्यादा रन बरसाए—78 गेंदों पर 230, टी-20 इतिहास की पहली डबल सेंचुरी। फिर भी सेमीफाइनल में नेपाल ने उसकी गति रोक दी। मेहरीन टूटी नहीं; उसने बस इतना कहा—'मेरा खेल खत्म नहीं हुआ।' और उसी सच को भारत की टीम ने उजागर कर दिया। खेल कभी समाप्त नहीं होता, वह बस अपना रूप बदलता है। आज उसका रूप विश्व कप की चमकती ट्रॉफी है; कल वही रूप लाखों नेत्रहीन लड़कियों में जगेगा, जो अब गली-मोहल्लों में प्लास्टिक की गेंद की खड़खड़ाहट सुनकर अपनी पहली बल्लेबाज़ी रचेंगी—और उस खड़खड़ाहट में अपने भविष्य की आवाज़ पहचानेंगी। हम उस देश में रहते हैं जहाँ दिव्यांगता को योग्यता नहीं, दया की चादर ओढ़ा दी जाती है। ऐसे में यह जीत सिर्फ़ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का पहला अंकुर है। 2011 की जनगणना अनुसार, भारत के 2.68 करोड़ दिव्यांग नागरिकों में लगभग 50 लाख नेत्रहीन हैं, जिनमें आधे से अधिक महिलाएँ। लेकिन खेल के मैदान पर उनकी उपस्थिति लगभग शून्य—क्रिकेट तो उनकी दुनिया में मानो किसी कल्पना-लोक की चीज़ रही। यही कारण है कि डब्ल्यूबीसीसी के तहत खेला गया यह विश्व कप सिर्फ़ टूर्नामेंट नहीं, सशक्तिकरण का जीवंत प्रतीक बन गया। अरबों का बजट रखने वाले क्रिकेट बोर्ड के सामने ब्लाइंड क्रिकेट को आज भी फंड की गुहार लगानी पड़ती है। फिर भी ये बेटियाँ विश्व चैंपियन बनकर लौटीं। यह जीत नहीं—व्यवस्था के गाल पर गूँजता हुआ थप्पड़ है। यह सवाल है—जब ये लड़कियाँ आँखें बंद करके विश्व कप जीत सकती हैं, तो आँखें खोलकर हमारा सिस्टम इन्हें सम्मान देने से अब तक क्यों अंधा बना हुआ है? अब समय आ गया है साफ़-साफ़ फैसला करने का—या तो हम इन बेटियों को वही सम्मान दें जिसके वे जन्म से हक़दार हैं: राष्ट्रीय परेड में स्थान, स्टेडियमों की दीवारों पर उनके नाम, और IPL जैसी भव्य एक ब्लाइंड महिला लीग; या फिर हम अपनी पुरानी आदत के मुताबिक़ इन्हें फिर से अनदेखा कर दें। पर याद रखें—इतिहास भुलक्कड़ नहीं होता। 2025 का यह नवंबर साफ़ कर चुका है कि भारत की असली ताकत उसकी बेटियों की धड़कनों में बसती है—भले ही उनकी आँखें देखती हों या नहीं। फुला सरेन, गंगाधारी महतो, रवीना, दीपाली—ये नाम अब सिर्फ़ स्कोरकार्ड पर नहीं, बल्कि इस देश की चेतना, उसके हर कोने, हर स्मृति और हर गर्व में दर्ज होने चाहिए। इस जीत की गूंज, कोलंबो से दिल्ली तक, सोशल मीडिया पर तूफान बन गई, जहां आम लोग अपनी कहानियां साझा कर रहे हैं। एक मां ने लिखा, 'मेरी बेटी भी अब आंखों की कमी से नहीं डरेगी।' यह भावनात्मक उफान, तो जैसे नदी का बहाव जो बांध तोड़ देता है।

नेपाल की हार में भी विजय है—उनकी सरिता घिमीरे ने साबित किया कि हिमालय की बेटियां भी मैदान पर गरज सकती हैं। भारत की अजेयता, टूर्नामेंट भर बरकरार, तो जैसे एक मंत्र: 'अंधकार में भी प्रकाश है, बस सुनना सीखो।' भविष्य? अगला विश्व कप, 2027 में प्रस्तावित, भारत यदि अकेला मेजबान बना और फुला, सरिता, मेहरीन साथ खेलीं—तो वह क्रिकेट का महोत्सव नहीं, मानवता का उत्सव होगा। वहाँ गेंद की खड़खड़ाहट संगीत बन जाएगी, और पट्टीबद्ध आँखें सपनों की खुली खिड़कियाँ। भारत की बेटियों ने साबित कर दिया—इतिहास रचने के लिए आंखें नहीं, हौसला चाहिए। और यह हौसला, अब अमर हो चुका है। जो देश अपनी बेटियों को आँखों पर पट्टी बाँधकर भी विश्व विजेता बना दे—उसे कोई ताकत, कोई अंधेरा, कोई संदेह हरा नहीं सकता। यह विश्व कप नहीं था—यह घोषणा थी। भारत की नेत्रहीन बेटियों की घोषणा कि अंधेरा चाहे जितना भी गहरा क्यों न हो, हम उसी के भीतर अपना सूरज गढ़ देते हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## भारतीय लोकतंत्र का प्राणस्वर — संविधान दिवस

**[ संविधान: संघर्षों का संकलन, भविष्य का संकल्प ]**

**[ संविधान दिवस — जब भारत ने अपने होने का अर्थ स्वयं तय किया ]**

भारत की सामूहिक चेतना में कुछ तिथियाँ यूँ अंकित हैं कि वे बीतती नहीं—मन और इतिहास दोनों में सतत स्पंदित रहती हैं। ये तिथियाँ हमें बार-बार याद दिलाती हैं कि राष्ट्र का निर्माण भूगोल से नहीं, बल्कि विचारों, संघर्षों और उन मूल्यों से होता है। 26 नवम्बर ऐसा ही दिन है—एक ऐसा मौन, दृढ़ और प्रखर स्मरण जिसने भारत को केवल शासन प्रणाली ही नहीं दी, बल्कि एक नैतिक दिशा, एक दार्शनिक आधार और भविष्य गढ़ने की शक्ति भी दी। यही वह क्षण था जब भारतीय संविधान सभा ने यह घोषित किया कि अब भारत अपना पथ स्वयं चुनेगा; यह कि अब कोई शक्ति हमें यह नहीं बताएगी कि कैसे जीना है, कैसे सोचना है, और किस तरह इस विशाल विविधता को एक साझा पहचान में पिरोकर आगे बढ़ना है। संविधान को अंगीकृत करने की इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के पीछे केवल विधायी कौशल नहीं, बल्कि समाज को भीतर से पढ़ने वाली एक गहरी दृष्टि थी—एक ऐसी दृष्टि जो समझती थी कि भारत को केवल प्रशासनिक खाका नहीं चाहिए, बल्कि ऐसा जीवंत दस्तावेज़ चाहिए जो हर भारतीय को यह महसूस कराए कि वह इस राष्ट्र का अनिवार्य हिस्सा है।



दो वर्ष, ग्यारह महीने और अठारह दिनों तक चली चर्चाओं के दौरान संविधान सभा के अनेक सदस्य केवल विधिक विषय नहीं, बल्कि समाज की पीड़ा, जनता की आकांक्षाएँ, और स्वतंत्रता की कीमत को साथ लेकर बैठे थे। वे समझते थे कि एक नए भारत को आकार देना केवल कानून लिख देने से पूरा नहीं होगा; यह न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे मूल्यों को जीवन का आधार बनाकर ही संभव होगा। डॉ. भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में रचा गया भारतीय संविधान किसी एक मस्तिष्क की उपज नहीं, बल्कि उन सैकड़ों विमर्शों, हजारों सुझावों और अनगिनत संशोधनों का सघन परिणाम है, जिनमें भारत के भविष्य की हर संभावना को गहराई से परखा गया। इसमें कोई भी तत्व संयोगवश नहीं आया—हर शब्द सुविचारित, हर अनुच्छेद दूरदृष्टि से प्रेरित, और हर अधिकार नागरिक की गरिमा को केंद्र में रखकर गढ़ा गया। इसी कारण इसे 'जीवित दस्तावेज़' कहा जाता है—क्योंकि यह समय से संवाद करता है, परिस्थितियों के साथ स्वयं को रूपांतरित करता है, और बदलते युग में भी नागरिकों के साथ कदम मिलाकर चलने की शक्ति रखता है। 26 नवम्बर का महत्व इसीलिए गहरा है कि यह केवल संविधान की अंगीकृति का दिन नहीं, बल्कि उस वैचारिक क्रांति का प्रतीक भी है जिसने भारत को एक आधुनिक लोकतंत्र बनने का आत्मविश्वास दिया। यह हमें यह समझने का अवसर देता है कि राष्ट्र-निर्माण अधिकारों की सूची बनाने से नहीं, बल्कि उन अधिकारों का सम्मान करने वाले समाज को गढ़ने से होता है। यह दिन याद दिलाता है कि प्रस्तावना में लिखा 'हम, भारत के लोग...' केवल एक उद्घोषणा नहीं—यह एक साझा प्रतिज्ञा है कि हम एक-दूसरे के अधिकारों की रक्षा करेंगे, विविधता का सम्मान करेंगे, और भेदभाव की हर दीवार को गिराने की दिशा में प्रयासरत रहेंगे। संविधान दिवस यह भी आग्रह करता है कि हम अपने कर्तव्यों की ओर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र केवल स्वतंत्रता की घोषणा से नहीं, अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना से फलता-फूलता है। यदि अधिकार हमें शक्तिशाली बनाते हैं, तो कर्तव्य हमें संवेदनशील बनाते हैं। यह दिन हमें उन अनदेखी लड़ाइयों की भी याद दिलाता है, जो न्याय और समानता के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ी गईं, और आज भी लड़ी जा रही हैं। संविधान केवल शासकीय प्रणाली का आधार नहीं; यह उस संघर्ष का जीवंत स्मारक है, जिसने भारत को जाति, धर्म और असमानता की पुरानी जंजीरों से मुक्त करने का संकल्प लिया। इस दिन का वास्तविक अर्थ तब पूरा होता है जब हम औपचारिकताओं से ऊपर उठकर स्वयं से यह प्रश्न पूछें—क्या हम अपनी स्वतंत्रता का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से कर रहे हैं, या केवल सुविधा के अनुसार? क्या हम भिन्नताओं के बावजूद समाज में सौहार्द बनाए रखने का प्रयास करते हैं, या मतभेदों की दीवारों को और ऊँचा कर देते हैं? क्या हम अपने संविधान के मूल्यों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित रखते हैं, या उन्हें अपने आचरण का हिस्सा बनाते हैं? संविधान दिवस असल में वही ठहराव है, जहाँ राष्ट्र हमसे सवाल नहीं करता—हम स्वयं से करते हैं। यह वह क्षण है जब हम अपने नागरिक होने के अर्थ को नए सिरे से समझते हैं, और यह पहचानते हैं कि देश की प्रगति क़ानूनों में नहीं, बल्कि उन्हें जीने की हमारी प्रतिबद्धता में बसती है। 26 नवम्बर इसलिए महज़ स्मरण नहीं— यह प्रेरणा का स्रोत है, जिम्मेदारी का संकेत है और भविष्य की दिशा दिखाने वाली अग्निशिखा भी है।

यह वही उजास है जो समझाता है कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी संख्या या वैभव में नहीं, बल्कि उस संवैधानिक दृष्टि में है जो हर नागरिक को गरिमा, हर व्यक्ति को अधिकार और हर जीवन को अवसर देने का वचन देती है। यह दिन बताता है कि भारत को महान केवल शासन नहीं, बल्कि सजग और संवेदनशील नागरिक बनाते हैं—और उस सजगता की शुरुआत संविधान को समझने, अपनाने और उसे अपने आचरण में रूपांतरित करने से होती है। इसी अर्थ में 26 नवम्बर केवल अतीत नहीं; यह हर भारतीय के भीतर जलती वह चिर-चेतना है जो याद दिलाती है कि राष्ट्र की असली पहचान उसके लोगों की नीयत, नैतिकता और संवैधानिक प्रतिबद्धता में बसती है।

**प्रो. आरके जैन**

# बीएलओ का बीमा करवाये - निर्वाचन आयोग

देश के बारह राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समय-सीमा के चलते कार्य की अधिकता के कारण मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों से बीएलओ की आत्महत्या की खबरें आना वाकई बेहद दुखद है! एस आई आर कार्य के चलते बीएलओ की बढ़ती आत्महत्या की खबर भारत निर्वाचन आयोग के कानों तक पहुँची, तो आयोग द्वारा तत्काल राज्यों से बीएलओ के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई। निश्चय ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यों से बीएलओ की बढ़ती आत्महत्या की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बीएलओ के हितार्थ कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय भी लिया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग से एक निवेदन एवं सुझाव है कि वह निर्वाचन कार्य में संलग्न देशभर के बीएलओ का बीमा करवाएं, ताकि किसी भी बीएलओ के साथ यदि कभी कोई घटना घटती है, तो उसके परिवार को उसके नहीं रहने पर आर्थिक रूप से मजबूर नहीं होना पड़े। आज देशभर में अधिकांश बीएलओ शिक्षक हैं या फिर अन्य विभागों के तृतीय श्रेणी के कर्मचारी हैं, जिन्हें कुछ राज्य सरकार बीमा और पेंशन तक की सुविधा उचित रूप से नहीं दे पा रही हैं। फिर भी कर्मचारी सरकार के सभी कार्यों का पालन ईमानदारी से करते हैं । देश के हर राज्य में सरकारी कर्मचारी अपनी क्षमता से अधिक कार्य करके सरकार की योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारते हैं। कुछ दो-पांच प्रतिशत कर्मचारी भले राजनीतिक शह के चलते अपने कार्य से बच जाते हैं, लेकिन यह याद रखना चाहिए कि कर्मचारियों के बूते ही नौकरशाही चलती है। पिछले कुछ वर्षो से एक चलन बन गया है कि अव्वल आने की चाहत में कुछ जिलाधीश राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के हाथों पुरस्कृत होने की इच्छा में अपने कर्मचारियों पर क्षमता से कहीं अधिक कार्य करने का दबाव डालते हैं। उनकी मंशानुरूप कार्य नहीं कर पाने वाले कर्मचारियों का या तो वेतन रोक लिया जाता है या फिर निलंबन किया जाता है, जिससे निचले स्तर के कर्मचारियों पर अपने ही अधिकारियों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है और कर्मचारी परेशान होकर आत्महत्या तक को मजबूर हो जाते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ की आत्महत्या के पीछे मुख्यतः यही कारण है कि जिले के एसी चेंबर में बैठने वाले और एसी गाड़ियों में घूमने वाले कुछ अधिकारी जमीन पर चलने वाले बीएलओ की मजबूरी नहीं समझ पाते और अनावश्यक कार्य का दबाव डालते हैं, जिससे कर्मचारी आत्महत्या को मजबूर होते हैं । भारत सरकार और भारत निर्वाचन आयोग को चाहिए कि वर्षभर चलने वाले निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम में संलग्न रहने वाले जमीनी स्तर के सभी बीएलओ कर्मचारियों का बीमा करवाया जाए और उनकी पदस्थ संस्था में राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान उनके कार्य का बोझ कम किया जाए। साथ ही, जिले की अफसरशाही को भी भौगोलिक स्थितियों के आधार पर अपने कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने की बजाय




बढ़ाकर कार्य करने की नसीहत देना होगी। तभी बीएलओ और अन्य कर्मचारी निर्भीक होकर अपने कार्य को अधिक कुशलता से संपन्न करेंगे, जिससे आत्महत्या जैसी घटनाएँ नहीं होंगी और शासकीय विभागों की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न नहीं लगेगा ।अतएव निर्वाचन कार्य में संलग्न देश के बीएलओ का निर्वाचन आयोग को बीमा करवाने पर विचार करना चाहिए।

**अरविंद रावल**

# संविधान दिवस: बदलते भारत की लोकतांत्रिक धड़कन

भारत में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है—एक ऐसा दिन जो केवल ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा से सीधा जुड़ा हुआ उत्सव है। यह वही तारीख है जब 1949 में संविधान सभा ने गहन विचार-विमर्श और लगभग तीन वर्षों की कठिन परिश्रमपूर्ण प्रक्रिया के बाद भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से स्वीकार किया। यह दस्तावेज़ मात्र क़ानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की सामूहिक आकांक्षाओं, संघर्षों और भविष्य के सपनों का जीवंत घोषणापत्र है। संविधान का निर्माण उस दौर में हुआ जब देश औपनिवेशिक शोषण से निकलकर लोकतांत्रिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहा था, और इसके निर्माताओं ने यह सुनिश्चित किया कि यह संविधान न केवल तत्कालीन भारत की आवश्यकताओं को पूरा करे, बल्कि आने वाले समय की विषमताओं और चुनौतियों का भी सामना कर सके। संविधान बनने की प्रक्रिया अपने आप में एक महान लोकतांत्रिक साहसिक कार्य थी। 9 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई, और इसके साथ ही एक नए राष्ट्र की रूपरेखा लिखे जाने का दायित्व शुरू हुआ। लगभग 2 साल 11 महीने और 18 दिन—यानी 166 बैठकों के दौरान—इस सभा ने भारत की विविध भाषा, संस्कृति, विचारधाराओं और सामाजिक संरचनाओं को समझते हुए एक ऐसा दस्तावेज़ तैयार किया जो विश्व में सबसे विस्तृत और व्यवहारिक संविधानों में आज भी गिना जाता है। 26 नवंबर 1949 को इसे सदन ने अपनाया और दो महीने बाद, 26 जनवरी 1950 से लागू करते हुए भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। यही कारण है कि गणतंत्र दिवस का उत्सव भी इसी दिन मनाया जाता है। संविधान दिवस का औपचारिक उत्सव 2015 में शुरू हुआ, जब भारत सरकार ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 125वीं जयंती को विशेष रूप से चिह्नित करने का निर्णय लिया। डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी विद्वता और दूरदर्शिता का परिचय दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि स्वतंत्र भारत की नींव सामाजिक न्याय, समानता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर टिकी रहे। उनका योगदान केवल विधिक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार था। संविधान के माध्यम से उन्होंने भारत को न केवल अधिकारों से समृद्ध किया, बल्कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति भी सजग किया। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—ये केवल शब्द नहीं, बल्कि भारतीय समाज के निर्माण के मूल स्तंभ हैं। आज जब संविधान दिवस मनाया जाता है, तो यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। संविधान हमें लगातार यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों या सरकारों तक सीमित नहीं होता, बल्कि नागरिक चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। हमारा संविधान 'जीवित दस्तावेज़' इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह समाज की बदलती आवश्यकताओं के साथ स्वयं को संशोधित करता है। इसके तहत अब तक अनेक संशोधन किए जा चुके हैं, जो यह दर्शाते हैं कि भारतीय लोकतंत्र संवाद, सुधार और विकास की प्रक्रिया से लगातार गुजरता रहता है। संविधान दिवस की सबसे बड़ी महत्ता इस बात में निहित है कि यह नागरिकों को उनके अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। मौलिक कर्तव्य केवल संविधान में लिखे शब्द नहीं, बल्कि नागरिक जीवन की नैतिक दिशा हैं, जो हमें राष्ट्र, समाज और अगली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। आज के समय में, जब डिजिटल मीडिया, सामाजिक संवाद और विचारों का प्रवाह बेहद तीव्र हो चुका है, संविधान के मूल्यों की प्रासंगिकता पहले से अधिक बढ़ गई है। यह मूल्य हमें सहिष्णुता, विवेक, समान अवसर और न्याय के मार्ग पर बनाए रखते हैं—चाहे राजनीतिक मतभेद हों, सांस्कृतिक विविधता हो या सामाजिक संघर्ष। देश भर में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम—चाहे न्यायालयों में प्रस्तावना का पाठ हो, विद्यालयों में निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ हों, या सरकारी संस्थानों में जागरूकता अभियान—इनका उद्देश्य यही है कि नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, संवैधानिक नैतिकता को समझे और आत्मसात करे। यह अत्यंत आवश्यक भी है, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज तभी मजबूत होता है जब उसके नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जितने सजग हों, उतने ही कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध भी हों। भारत का संविधान कई बड़े देशों के संविधानों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया, लेकिन इसका स्वरूप अद्वितीय है। इसमें संघीय ढांचे और एकात्मक प्रवृत्तियों का संतुलन रखा गया है, जो भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखकर चुना गया। संसद की संसदीय प्रणाली, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, कार्यपालिका का उत्तरदायित्व, नागरिक स्वतंत्रताओं की सुरक्षा और सामाजिक न्याय—ये सभी तत्व भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को सक्षम बनाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संविधान




सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को खत्म करने की दिशा में राज्य को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। आज संविधान दिवस उस वचनबद्धता को याद करने का अवसर है जो हमारे पूर्वजों ने एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और स्वतंत्र भारत के निर्माण के लिए निभाई थी। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवेदनशीलता और नैतिकता से जीवित और शक्तिशाली रहता है। एक सशक्त राष्ट्र वही होता है जहाँ लोग अपने अधिकारों का संरक्षण करते हुए दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करें, और जहाँ कर्तव्य केवल औपचारिकता न रहकर जीवन का हिस्सा बन जाएँ। अंततः, संविधान दिवस हमें यह सीख देता है कि लोकतंत्र को जीवन्त रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि संविधान में निहित आदर्श आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित और सार्थक बने रहें। संविधान सिर्फ एक विधिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि वह सामाजिक अनुबंध है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है, और यही जुड़ाव भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

**महेन्द्र तिवारी**

# हे राम माँ का दूध भी सुरक्षित नहीं रहा!

सृष्टि की शुरुआत से यह माना जाता है कि माँ का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत समान है, क्योंकि इसमें प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जो उन्हें संक्रमण के प्रभाव से बचाता है। जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चिकित्सकों की राय के अनुसार नवजात मां का दूध शिशु के जीवन को न सिर्फ पहली ढाल होता है, बल्कि रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही मस्तिष्क का विकास में सहयोगी और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की प्राकृतिक शक्ति प्रदान करता है। लेकिन सोचिए, अगर वही दूध किसी जहर के साथ मिलकर बच्चे तक पहुंचे, तो कितना खतरनाक हो सकता है। यह विचार ही किसी भी माता-पिता या समाज को हिलाने के लिए काफी है। हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि माँ का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में स्तन दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पायी गयी है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के स्तन दूध में यूरेनियम पाया जितना गंभीर है, उतनी ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। यह अध्ययन अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जिलों में 17 से 35 वर्ष की 40 महिलाओं पर किया गया। जांच में पाया गया कि सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) मौजूद था। यह मात्रा 0 से 5.25 जी/एल के बीच दर्ज की गई। ब्रिटिश जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्टस' में प्रकाशित इस शोध में कहा गया कि ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों में 5 पीपीबी (प्रति अरब भाग) तक यूरेनियम पाया गया। यूरेनियम एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर किडनी, हड्डियों, और कोशिकाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। स्टडी में स्पष्ट किया कि इस स्तर का तत्काल प्रभाव कम हो सकता है, परंतु शिशु यूरेनियम के एक्सपोजर के प्रति वयस्कों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन क्षमता सीमित होती है, जिससे कोई भी रेडियोधर्मी तत्व अधिक तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि इस रिसर्च में बताया गया है कि 40 माताओं के दूध में यूरेनियम मिला, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका स्तर अनुमेय सीमा से नीचे था। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक जोखिम देखा गया, पर इसका वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव कम होने की संभावना है। इसके बावजूद, यह तथ्य कि सभी महिलाओं के दूध में यूरेनियम मौजूद है, अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। परमाणु वैज्ञानिक और एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश के. असवाल का कहना है कि इसमें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाया गया स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से छह गुना कम है। डब्ल्यूएचओ पीने के पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 पीपीबी तक मानता है, जबकि बिहार के नमूनों में सिर्फ 5 पीपीबी पाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के शरीर में गया अधिकांश यूरेनियम मूत्र के जरिए बाहर निकल जाता है, और स्तन के दूध में इसकी मात्रा बहुत कम होती है। लेकिन यहां बड़ा सवाल यह नहीं कि स्तर सुरक्षित सीमा से कम है या ज्यादा। असली चिंता यह है कि आखिर महिलाओं के दूध में यूरेनियम पहुंच क्यों रहा है? यह संकेत है कि भूजल में यूरेनियम की उपस्थिति लगातार चढ़ रही है। शोध में बताया गया है कि भारत के लगभग 151 जिलों और 18 राज्यों में भूजल यूरेनियम प्रदूषण पाया जा चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिशु अपने शरीर से यूरेनियम को तुरंत बाहर नहीं निकाल पाते, इसलिए वे अपनी माताओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनका शरीर विकसित हो रहा होता है और किसी भी रेडियोधर्मी तत्व का असर उन पर अधिक तेजी से पड़ सकता है। शोध में कहा गया है कि किसी-किसी जगह में स्तन दूध के माध्यम से शिशुओं को यूरेनियम का संपर्क 'खतरनाक स्तर' पर है और यह उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों पर यूरेनियम का असर सबसे खतरनाक इसलिए भी होता है, क्योंकि उनके शरीर में हेवी मेटल्स को बाहर निकालने की क्षमता बेहद कम होती है। इसके कारण किडनी का विकास प्रभावित हो सकता है, न्यूरोलॉजिकल विकास रुक सकता है, आईक्यू कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा सवाल है। इस स्थिति पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। अगर भूजल में भारी धातुओं और रेडियोधर्मी पदार्थों का स्तर बढ़ रहा है, तो इसका असर सिर्फ दूध पर नहीं, बल्कि पेयजल, फसलों और पूरे खाद्य चक्र पर भी पड़ेगा। आपको बता दें कि यह केवल चिकित्सा का मुद्दा नहीं, बल्कि पर्यावरण, विज्ञान और प्रशासन का संयुक्त सवाल है। यह भी जरूरी है कि इस मुद्दे को माताओं के दोष के रूप में पेश न किया जाए। महिलाएं इस संकट की वजह नहीं, बल्कि इसकी पीड़ित हैं। स्तनपान बंद करने या डर पैदा करने से समस्या हल नहीं होगी। असली समाधान भूजल की गुणवत्ता सुधारने, जलस्रोतों के परीक्षण को मजबूत करने और प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने से होगा। सरकार को चाहिए कि तत्काल उन इलाकों में पानी की जांच शुरू कराए जहां से नमूने लिए, गए थे। पानी शुद्धिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को माताओं और बच्चों की नियमित जांच करानी चाहिए। साथ ही, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों को मिलकर यह समझना होगा कि भूजल में यूरेनियम आखिर क्यों बढ़ रहा है, क्या यह प्राकृतिक



कारण हैं, औद्योगिक प्रदूषण है, या किसी और बजह से मिट्टी और पानी में बदलाव हो रहा है? इस समस्या को हल्के में लेना भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। यह सिर्फ एक शोध नहीं, बल्कि चेतावनी है कि हमारा पर्यावरण धीरे-धीरे प्रदूषण के ऐसे स्तर तक पहुंच रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए सरकारों को तुरंत कदम उठाने होंगे। स्तनपान आज भी शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है और इसे किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही, यह भी जरूरी है कि महिलाएं जिस वातावरण में रहती हैं, यह सुरक्षित हो। पानी, हवा और मिट्टी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना किसी भी समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। देखा जाए तो यह अध्ययन देश के स्वास्थ्य ढांचे को आईना दिखाता है। यह बताता है कि पर्यावरण संकट सबसे पहले और सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभाक्ति करता है। आज अगर बिहार के 40 नमूनों में यूरेनियम पाया गया है, तो कल यह संख्या बढ़ सकती है। यह समय है कि सरकारें, वैज्ञानिक संस्थान, और समाज मिलकर इस समस्या की जड़ तक जाएं। भविष्य की पीढ़ी की सुरक्षा के लिए आज सख्त कदम उठाएं। शिशुओं के लिए यह खबर किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। डॉक्टर बताते हैं कि नवजातों के अंग विकास के चरण में होते हैं, जिससे वे विषैली धातुओं को बड़ों के मुकाबले अधिक तेजी से अवशोषित करते हैं। शरीर का वजन कम होने के कारण उन पर जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। ब्रेस्ट मिल्क के जरिए शरीर में जाने वाला यूरेनियम बच्चों की किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है, न्यूरोलॉजिकल (दिमागी) दिक्कतें पैदा कर सकता है और आगे चलकर कैंसर का बड़ा कारण बन सकता है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका, कनाडा और चीन जैसे देशों के भूजल में यूरेनियम मिलने की खबरें आती रही हैं, लेकिन बिहार में इसका ब्रेस्ट मिल्क में पाया जाना समस्या को एक नए और गंभीर स्तर पर ले जाता है। हालांकि, इन चौंकाने वाले नतीजों के बावजूद शोधकर्ताओं ने माताओं को सलाह दी है कि वे स्तनपान कराना बंद न करें, क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए पोषण का सबसे सर्वोत्तम स्रोत है, लेकिन सरकार को इसके स्रोतों का पता लगाकर जल्द रोकथाम करनी होगी। ताकि माँ का दूध अमृत बना रहे।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## विश्वभर में लहरा रहा सनातन का परचम : पवन

**देवरिया।** धर्म नगरी अयोध्या में धर्म ध्वजा की स्थापना के उपलक्ष्य में भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को शहर स्थित रामजानकी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में सनातन धर्म का परचम लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में धर्म ध्वजा की स्थापना भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को और सुदृढ़ करेगी। यह सभी नागरिकों के लिए गौरव का क्षण है। कार्यक्रम में अम्बिकेश पाण्डेय, भगवान यादव, सुमन्त चतुर्वेदी, सत्येन्द्र सिंह सोनू, प्रभुनाथ पाण्डेय, पुरुषोत्तम मिश्रा, विजेंद्र चौहान, जवाहर मिश्र सहित किसान मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोंडा में रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के ट्रैक से उतरने के मामले में PWI सस्पेंड



**गोंडा।** रेलवे अधिकारियों की ओर से संरक्षित व सुरक्षित ट्रेनों के संचालन का दावा किया जा रहा है लेकिन, बीते तीन माह में तीन मालगाड़ी अलग-अलग जगह पर ट्रैक से उतर चुकी है। नवंबर में 15 दिन के भीतर दो घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं में जांच पूरी नहीं हो सकी है। इस मामले में रेल पथ निरीक्षक (पीडब्ल्यूआई) संतोष चौरसिया को निलंबित किया गया है। रेलवे ने जांच तेज कर दी है। मालगाड़ियों के ट्रैक से उतरने की घटना को रेलवे के उच्चाधिकारियों के सुरक्षित ट्रेनों का संचालन करने का स्लोगन कागजों तक ही सीमित है। यहां तक डिवीजन के अधिकारियों का एक दिन पूर्व भी जिस ट्रैक का जांच किया, अगले दिन इसी ट्रैक पर मालगाड़ी का दो डिब्बे पटरी से उतर गए थे। तीन महीने से लगातार ट्रैक से मालगाड़ियां नीचे उतर रही हैं जिसको लेकर रेलवे मंत्रालय के अधिकारी भी चिंतित हैं।

## गोंडा में सैनिकों को ट्रेन में परोसा दूषित खाना, गुस्साए सैनिकों ने प्लेटफार्म पर रखे खाने के पैकेट



**गोंडा।** बेतिया से सहारनपुर जा रही मिलिट्री ट्रेन में सवार सैनिक को स्टेशन पहुंचने पर दूषित और बदबूदार खाना दिया गया। खाने से बदबू आने के कारण सैनिकों ने भोजन के पैकेट को प्लेटफार्म पर रख दिया। जवानों ने आक्रोश व्यक्त किया। स्टेशन के एक फूड प्लाजा की तरफ से सैनिकों को भोजन दिया गया। ट्रेन में इंडियन तिब्बत फोर्स के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश ने बताया कि खाने में खराब गंध आ रही थी इसलिए उसको वापस कर दिया गया है।

## जौनपुर में बरात निकलने के पहले ही थाने पहुंची प्रेमिका, नहीं हो सकी शादी

**जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के लवायन गांव में बेटे की शादी के लिए इधर धूमधाम से बरात निकलने की तैयारी हो रही थी, उधर दूल्हे की प्रेमिका थाने पहुंच गई। उसने शादी की तैयारी कर रहे दूल्हे के खिलाफ थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि मुझसे शादी का झांसा देकर चार वर्षों पूर्व से ही शारीरिक संबंध बनाता रहा है। अब वह चोरी से शादी करने जा रहा है। आरोप के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। वधू पक्ष के लोग देर शाम तक बरात आने की बाट जोहते रहे। बाद में मामला खुलने पर वह भी बेटी की शादी करने से इंकार कर दिया। गांव निवासी रवी पासवान का विवाह इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में तय हुआ था। गत सोमवार की शाम बरात जाने वाली थी। तभी वहां पहुंची पुलिस दूल्हे को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

रवी पासवान झारखंड प्रांत में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वहीं की एक महिला सोमवार को थाने पहुंच आरोप लगाया कि रवी पासवान उससे शादी करने का झांसा देकर चार वर्षों से शारीरिक संबंध बनाता रहा है। वहां से चोरी छिपे भागकर घर चला आया। शादी की जानकारी होते ही वह झारखंड से थाने आकर पुलिस से शिकायत कर दिया। वधू पक्ष के लोग देर शाम तक बरात न आने पर फोन से संपर्क किए तो मामले की सच्चाई ज्ञात हुई। कन्या के पिता भी थाने पहुंच गए। उन्होंने भी बेटी की शादी करने से इंकार कर दिया।

# देवरिया की नवविवाहिता की सनसनीखेज हत्या का खुलासा, मुख्य आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार, टॉयलेट में मिला था खून से लथपथ शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र के जंगलरसुलपुर नंबर दो, लक्ष्मीपुर गांव में तीन दिन पहले आई देवरिया जनपद की नवविवाहिता शिवानी की हत्या के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी विनय को वाराणसी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शादी के जश्न के बीच हुई इस निर्मम वारदात ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया। देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के अवस्थी गांव निवासी 22 वर्षीय शिवानी अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने मायके आई थी। रविवार देर रात जयमाल कार्यक्रम के बाद वह अपने घर लौट आई थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर उसकी मां नोहरी देवी जब कार्यक्रम स्थल से घर पहुंचीं, तो शिवानी घर पर नहीं मिली। बड़ी बेटी से पूछताछ के बाद परिजनों ने आसपास खोजबीन शुरू की।

इसी दौरान घर के पास बने टॉयलेट से संदिग्ध स्थिति में एक हाथ दिखाई दिया। दरवाजा खोलते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई–अंदर शिवानी का खून से लथपथ शव पड़ा था। उसका गला धारदार हथियार से इतनी बेरहमी से रेत दिया गया था कि पूरा दृश्य भयावह हो उठा। मां की चीख सुनकर गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड तथा फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। खोजी कुत्ता खून के निशान सूंघते हुए मृतका के घर के पिछले हिस्से की गली तक गया, जहां से आरोपी विनय का घर स्थित है। फोरेंसिक टीम ने खून के नमूने, मिट्टी, फिंगरप्रिंट सहित कई अहम साक्ष्य एकत्र किए, जो आगे की जांच में महत्वपूर्ण साबित हुए। शुरुआत में मृतका की मां ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने गांव वालों से पूछताछ, कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं। जांच में यह बात सामने आई कि वारदात के बाद से गांव का ही युवक विनय अचानक गायब था। उसकी लोकेशन वाराणसी में ट्रेस हुई, जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस लाइन वाइट सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र ने बताया कि मृतका शिवानी आरोपी विनय पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर विनय ने उससे पीछा छुड़ाने के इरादे से उसकी हत्या कर दी और वारदात के बाद गांव से फरार हो गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। घटना के खुलासे के बाद गांव में आक्रोश और दहशत दोनों का माहौल है। पुलिस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# गोरखपुर में दोहरी हत्या से सनसनी: मां-बेटी की निर्मम हत्या, पुलिस की जांच कई एंगल पर जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दहला देने वाला दृश्य

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात हुई दोहरी हत्या ने पूरे जिले को हिला दिया है। बदमाशों ने एक घर में घुसकर 90 वर्षीय शांति देवी और उनकी 60 वर्षीय बेटी विमला देवी की धारदार हथियारों से बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात रविवार रात करीब की बताई जा रही है, जब आसपास के लोग अपने-अपने घरों में थे, लेकिन किसी ने चीखने-चिल्लाने की आवाज भी नहीं सुनी। इस घटना ने इलाके में दहशत और अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया है।

**काम पर न पहुंचने से खुला मामला**

विमला देवी पिछले आठ वर्षों से रामा फर्नीचर नाम की दुकान पर काम करती थीं। सोमवार सुबह जब वह काम पर नहीं पहुंचीं, तो दुकान मालिक ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शाम तक फोन न उठने और कोई सूचना न मिलने पर मकान मालिक रामानंद विश्वकर्मा को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है।

**दरवाजा तोड़ा तो सामने आया दिल दहला देने वाला दृश्य**

सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुई। पुलिस टीम अंदर पहुंची तो मां-बेटी के शव अलग-अलग कमरों में खून से लथपथ पड़े मिले। अधिकारियों के अनुसार, विमला देवी के सिर पर किसी भारी वस्तु–संभवतः हथौड़े–से हमला किया गया था, जबकि वृद्ध शांति देवी के शरीर पर भी गहरे चोट के निशान मिले।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली कमान**

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी, एसएसपी, सीओ और कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम ने पूरे घर की बारीकी से जांच की, वहीं डॉग स्क्वॉड ने घर और आसपास में साक्ष्य तलाशे। पुलिस ने घर से कई अहम फिंगरप्रिंट और सैंपल कब्जे में लिए हैं।

**चोरी नहीं, प्रॉपर्टी विवाद पर टिकी पुलिस की नजर**

पुलिस के अनुसार घर में किसी भी तरह की बड़ी तोड़फोड़ नहीं मिली है, न ही कीमती सामान गायब है। इससे लूट या चोरी की आशंका लगभग खत्म हो गई है। प्राथमिक जांच में प्रॉपर्टी विवाद को हत्या की मुख्य वजह मानते हुए पुलिस इसी दिशा में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि परिवार में संपत्ति को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे और मामले का खुलासा किया जाएगा। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पूरे इलाके में गहरा भय व्याप्त है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है और कहा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएपी खाद की किल्लत किसान परेशान

**●किसान सुबह से शाम तक दुकानों एवं समितियों का लगा रहे हैं चक्कर, खाली हाथ लौटते हैं घर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर।** गेहूं की बुवाई का समय शुरू होते ही जिले में डीएपी खाद की किल्लत गहराती जा रही है। किसान सुबह से शाम तक खाद के लिए दुकानों और समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। मगर कई किसानों को फिर भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।दुकानदार दुकान पर खाद न होने का बहाना बनाते हैं, जबकि ब्लैक में यही खाद 1800 से 2000 प्रति बोरी के हिसाब से खुलेआम बेची जा रही है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि अधिकतर साधन सहकारी समितियों और इफको केंद्रों पर अव्यवस्था का आलम है। किसानों का आरोप है कि खाद देने के नाम पर दुकानदार उनसे बीज या दवा जबरन खरीदवा रहे हैं। किसानों का कहना है कि क्षेत्र के उर्वरकों के दुकानों का पिछले पांच दिनों से खाद लेने की कोशिश कर रहे हैं, मगर बिना बीज खरीदे खाद नहीं दी जा रही। निजी दुकानदार 1800 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से खुलेआम बिक्री कर रहे हैं। कृषकों ने बताया कि बुवाई में देर न हो, इसलिए मजबूर होकर महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ी। किसानों का कहना है कि सचिव खुद बैठने की जगह दूसरों से वितरण करा रहे हैं। टोकन घर बैठे दिए जा रहे हैं, जबकि सुबह से लाइन में लगे किसानों को खड़े रखा जाता है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल ने बताया कि तीन दिन के बाद डीएपी खाद की रैक लगने वाली है। उन्होंने कहा कि किसी दुकानदार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रुपए लिए जा रहे हो तो इसकी सूचना किसान उपलब्ध कराए जिससे कार्रवाई की जा सके।

## गोंडा में SIR में लापरवाही बरतने पर 93 बीएलओ और सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी

**गोंडा।** विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में लापरवाही बरतने पर कर्नलगंज तहसील के 93 बीएलओ व सुपरवाइजर को एसडीएम नेहा मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब-तलब किया है। वहीं, डीएम ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर अभियान के तहत प्रगति की जानकारी ली। जिला पंचायत सभागार में डीएम प्रियंका निरंजन ने बैठक करके विभागवार अधिकारियों से समीक्षा की। मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाने व उनका डिजिटाइजेशन कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। विभागवार अधिकारियों को भी अभियान से जोड़ा गया है। डीएम ने शहर के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित अन्य बूथों का निरीक्षण किया और लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों को चेतावनी दी। नगर पंचायत बेलसर कार्यालय में एडीएम आलोक कुमार ने बैठक कर समीक्षा की। बीएलओ का सहयोग करके गणना प्रपत्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। दोपहर 12 बजे तक 4.78 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन किया गया था। शाम को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने अभियान को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**बीएलओ तो कहीं मतदाता ढूढ़ रहे गणना प्रपत्र**

एसआईआर के तहत बांटे गए गणना प्रपत्र को वापस लेने के लिए बीएलओ मतदाता को ढूढ़ रहे हैं तो वहीं कुछ गांवों में गणना प्रपत्र के लिए मतदाता बीएलओ को ढूंढ़ रहे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित संपर्क केंद्र में मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करके समस्या का समाधान पूछ रहे हैं।

# अलीगढ़ जामा मस्जिद क्षेत्र अतिक्रमण से कराया मुक्त: जाल, सीढ़ियां और फुटपाथ बने निर्माण तोड़े



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगढ़।** जामा मस्जिद ऊपरकोट के चारों ओर से नगर निगम ने सोमवार को अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की। नालों पर फिक्स किए गए लोहे के जाल, सड़क तक बनाई गई सीढ़ियां, फुटपाथ पर स्थायी निर्माण व दुकानों के आगे सड़क तक तिरपाल आदि को जेसीबी से हटवाया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने समय की मांग करते हुए अपने तेवर दिखाए। नगर निगम प्रवर्तन दल से नोकझोंक भी की लेकिन पुलिस बल की सख्ती के चलते किसी की न चली। जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया है वहां सीसी (क्लोज सर्किट) कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम ने दोबारा अतिक्रमण न लगने देने के संबंध में क्षेत्रीय पुलिस को पत्र भी भेज दिया है।

**नगर निगम ने प्रवर्तन दल व पुलिस बल के साथ की अतिक्रमण ढहाने की कार्रवाई**

क्षेत्र में सीसी कैमरों को लगाकर इनको नगर निगम के इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आइसीसीसी) से जोड़ दिया जाएगा। हैबिटेट सेंटर में बने आइसीसीसी के कार्यालय से ही नजर रखी जा सकेगी। अतिक्रमण होने पर लाउडस्पीकर से संदेश देते हुए पुलिस को सतर्क किया जाएगा।

**दोबारा अतिक्रमण न लगे इसके लिए पुलिस विभाग को पत्र भेजा, हुई वीडियोग्राफी**

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि इस पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई है। दोबारा जो भी अतिक्रमण करने में लिप्त पाया गया उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। सुगम यातायात व नाला-नाली की सफाई के बीच जो भी अतिक्रमण आएगा उसको गिराया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि ऊपरकोट जामा मस्जिद व कोतवाली के पास कैमरे लगवाए जाएंगे। साथ ही उनको भी चेतावनी दी गई जिन्होंने सड़क किनारे फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। उनसे कहा कि अतिक्रमण खुद ही हटा लें, नगर निगम ने कार्रवाई की तो सभी उत्पाद जब्त कर लिए जाएंगे। सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह व प्रवर्तन दल प्रभारी एमपी सिंह के निर्देशन में कार्रवाई की गई।

# यूपी-बिहार को कनेक्ट करने वाला पुल हुआ जर्जर, हर पल सता रहा डर

**भैरोगंज (कुशीनगर)।** विशुनपुरा ब्लाक के जटहां-पडरौना मार्ग से किन्नरपट्टी बाजार होकर पड़ोसी प्रांत बिहार को जोड़ने वाली सड़क पर जुड़वनिया नाला पर कई दशक पहले बना पुल जर्जर हो गया है। पुल के स्लैब में कई जगह होल हो गया है तो एक पिलर भी दरक गया है। वाहन गुजरते हैं तो पुल में कंपन होने लगता है, इससे दुर्घटना का डर सताता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ध्यान नहीं दिया गया तो यहां कभी भी हादसा हो सकता है। क्षेत्र के विपिन श्रीवास्तव, शिव चौहान, सुदर्शन गुप्ता, बाबूनंदन कुशवाहा, योगेंद्र चौहान, संजय तिवारी, मुंद्रिका यादव, नरेश चौहान, मनोहर गोड़, उमेश चौहान आदि ने बताया कि किन्नरपट्टी बाजार से जुड़वनिया नाला को पार कर पिच सड़क बिहार प्रांत के सीमावर्ती गांवों को जोड़ती है। कई दशक पहले जुड़वनिया नाला पर बना पुल जर्जर हो गया है। क्षेत्र के माघी कोठिलवा, अर्नहवां, चिरवहिया समेत 15 से 20 गांवों के लोगों को आने-जाने का यही मुख्य मार्ग है। प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां पुल से गुजरती हैं। चीनी मिलों में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है। गन्ना लदे वाहनों का आवागमन भी शुरू हो गया है। वजन अधिक होने से अगर पुल धंस गया तो जानमाल की क्षति हो सकती है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से यहां नया पुल बनवाने की मांग की है।

# अयोध्या में धर्म-ध्वज प्रतिष्ठा: राष्ट्र की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव का ऐतिहासिक क्षण

**●अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर पवित्र धर्म-ध्वज की प्रतिष्ठा का भव्य और दिव्य समारोह हुआ सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** अयोध्या धाम में सोमवार को भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर पवित्र धर्म-ध्वज की प्रतिष्ठा का भव्य और दिव्य समारोह हुआ सम्पन्न। इस अवसर ने पूरे देश में आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय एकात्मता की भावना को और प्रगाढ़ किया। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया अमेठी की पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस आयोजन को 'भारतीय सभ्यता, आध्यात्मिक तेज और सनातन सांस्कृतिक निरंतरता का अद्वितीय प्रतीक' बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सम्पन्न इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान में सरसंघचालक मोहन भागवत तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति ने इसे और अधिक ऐतिहासिक बना दिया। स्मृति ईरानी ने कहा कि यह केवल परंपराओं की पुनर्स्थापना नहीं, बल्कि रामराज्य के आदर्श–धर्म, मर्यादा, सेवा, न्याय और लोककल्याण–की पुनर्प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय संकल्प है।मंदिर के शिखर पर स्थापित धर्म-ध्वज को भारतीय संस्कृति के गौरव, त्याग, आस्था और आध्यात्मिक सामर्थ्य का सजीव प्रतीक माना जा रहा है। केसरिया ध्वज का लहराना राष्ट्र के सनातन स्वर और आध्यात्मिक ऊर्जा को नई दिशा देने वाला बताया गया है।अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर में स्थापित रामायण के विभिन्न प्रसंग, सांस्कृतिक पट्ट और शिल्प भारतीय परंपराओं के जीवंत संदर्भ के रूप में आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। स्मृति ईरानी ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति के दिव्य केंद्र के रूप में उभर रही है।इस पावन अवसर पर उन्होंने प्रभु श्रीराम से देशवासियों के कल्याण, समृद्धि और शांति की कामना की। स्मृति ईरानी ने कहा कि यह क्षण भारत की आत्मा को और प्रखर तथा एकीकृत करने वाला है।

# गोला क्षेत्र में दो पक्षों के पंचायत के बाद खूनी संघर्ष, एक गंभीर घायल - चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ग़ोला बाजार- गोरखपुर** – गोला थाना क्षेत्र के दुरई बारानगर गांव में रविवार दोपहर पंचायत के ठीक बाद दो पक्षों में हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पंचायत खत्म होते ही एक पक्ष पर दूसरे पक्ष द्वारा हमले का आरोप लगाया गया है। मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो महिलाओं को भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना से पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया है।

**पीड़ित राजीव ने बताया घटनाक्रम**

दुरई बारानगर निवासी राजीव पुत्र मिठाई ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे उनके ही दरवाजे पर दोनों पक्षों और गांव के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई थी। किसी विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से की गई यह पंचायत शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। लेकिन जैसे ही गांव के लोग वहां से हटने लगे, तभी अचानक विपक्षी पक्ष के लोग उन पर टूट पड़े। राजीव के मुताबिक गनेश पुत्र रामटहल, सनी पुत्र गनेश, जितेंद्र पुत्र स्व. पारसनाथ और दुर्गा पत्नी जितेंद्र ने अचानक उन्हें घेरकर पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी पुष्पा और भाई की पत्नी पुष्पा को भी आरोपियों ने बेरहमी से मारा-पीटा। हमले में राजीव के सिर में गंभीर चोट आ गई, वहीं उनकी भाभी पुष्पा को भी कई जगह चोटें आई। पीड़ित का कहना है कि आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

**गांव में दहशत, पुलिस ने शुरू की जांच**

अचानक हुए इस हमले से गांव में दहशत फैल गई। पंचायत में मौजूद रहे लोगों ने भी घटना पर हैरानी जताई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भेजा। राजीव का सिर फटने के कारण हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**चार आरोपियों पर केस दर्ज**

थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घटना ने एक बार फिर ग्रामीण विवादों में पंचायत के बाद बढ़ती हिंसा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत का उद्देश्य समाधान होता है, लेकिन दुरई बारानगर जैसी घटनाएं शांति व्यवस्था पर चुनौती बनकर सामने आती हैं। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# गोलाबाजार में दर्दनाक सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवादाता




**ग़ोला बाजार - गोरखपुर।** ग़ोला थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे का मामला अब गरमा गया है। गोला उपनगर के वार्ड नंबर 2 निवासी श्रीनिवास को एक अज्ञात वाहन ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वे बाइक समेत सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरे। हादसा इतना भयावह था कि उनका दायां पैर बुरी तरह टूट गया और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई। अब पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना पिछले शुक्रवार की है। घोड़ालोटन वार्ड नंबर 2 निवासी राजू कुमार पुत्र जोखन ने अपने भाई श्रीनिवास की ओर से गोला थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। तहरीर के अनुसार श्रीनिवास उस दिन बाइक से गोला कस्बा बाजार करने जा रहे थे। जैसे ही वे रानीपुर गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रीनिवास गाड़ी समेत काफी दूर तक घिसटते हुए सड़क किनारे बनी खाई में गिर पड़े। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन गंभीर रूप से घायल श्रीनिवास को तत्काल इलाज के लिए आजमगढ़ ले गए, जहां डॉ. आर.बी. त्रिपाठी द्वारा उनका ऑपरेशन किया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है और हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई जा रही है।

पीड़ित परिजन इस घटना से आक्रोशित हैं और आरोपी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 285, 125(ए), 125(बी) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि घटना काफी गंभीर है, इसलिए आरोपी वाहन चालक की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि वाहन की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। सड़क हादसे की इस घटना ने क्षेत्रवासियों में भी चिंता बढ़ा दी है। लोग तेज रफ्तार व लापरवाह वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन की जरूरत को रेखांकित करता है। पुलिस की जांच जारी है और पीड़ित परिवार न्याय की आस लगाए है।

# मीट-फिश मार्केट का अभाव, अवैध दुकानों का साम्राज्य

**●नपा प्रशासन की लापरवाही से शहर में बढ़ी गंदगी और संक्रमण का खतरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** नगर पालिका क्षेत्र में मीट एंड फिश मार्केट न होने की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। शहर में 300 से अधिक अवैध मुर्गा, मछली और मांस की दुकानों ने बिना पंजीकरण, बिना टैक्स और बिना किसी चिकित्सकीय जांच के खुलेआम कारोबार फैला रखा है। नपा प्रशासन की निष्क्रियता ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

**शहर में गंदगी और दुर्गन्ध का बढ़ता दायरा**

रेलवे स्टेशन रोड, महिला थाना, रुद्रपुर मोड़, सीसी रोड, कसया रोड... शहर की लगभग हर प्रमुख सड़क पर अवैध दुकानें जम चुकी हैं। अमृत स्टेशन के तहत रेलवे स्टेशन के विकास की बात हो रही है, लेकिन स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सबसे पहले बदबू, गंदगी और असंगठित बाजार का सामना करना पड़ता है।

**रेलवे की जमीन पर मछली बाजार—उद्योग व्यापार मंडल का आरोप**

उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री राजेंद्र मौर्य ने बताया कि रेलवे की जमीन पर बिना अनुमति मछली बाजार संचालित है। उन्होंने तंज कसा कि स्वच्छता अभियान शायद कागज तक ही सीमित है।

**मंदिर और मोहल्लों में कटान—स्थानीय लोगों का विरोध**

सपा नेता इम्तियाज़ ने कहा कि मंदिर के सामने अवैध मांस बाजार शहरवासियों की भावनाओं के विपरीत है और तुरंत हटाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हर चौराहे, हर मोहल्ले में पशुओं की कटान हो रही है, किसी प्रकार की मेडिकल जांच तक नहीं होती।

**नियमों की धज्जियाँ उड़ने का आरोप**

उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शक्ति गुप्ता ने कहा कि नपा प्रशासन ने नियमों का अस्तित्व ही खत्म कर दिया है। वर्षों से डीएम और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकों में मुद्दा उठाया, उद्योग बंधु में भी एजेंडा रहा–पर कार्रवाई शून्य रही।

**विहिप का सुझाव—शहर से बाहर मार्केट बसाने की मांग**

विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के उपाध्यक्ष उपेंद्र शाही ने इसे अनुचित ठहराते हुए कहा कि नपा प्रशासन को शहर के बाहर जमीन लेकर संगठित मार्केट बनाना चाहिए, ताकि शहरवासी गंदगी और दुर्गंध से राहत पा सकें।

**नपा ने भूमि अभाव बताया—अधिकारियों ने स्वीकारा संकट**

नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त भूमि न होने से समस्या बढ़ी है। जबकि अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी ने भी माना कि नपा प्रयासरत है, लेकिन स्थान न मिलने के कारण दिक्कतें बनी हुई हैं।

देवरिया में संगठित मीट-फिश मार्केट न होना सिर्फ प्रशासनिक असफलता नहीं, बल्कि शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था से सीधा जुड़ा मुद्दा है। प्रशासन चाहे जो दलील दे, बाजार अवैध रूप से चल रहे हैं और शहर इसकी कीमत चुका रहा है।

**स्वतंत्र प्रभात की पड़ताल**

शहर में 300+ अवैध दुकानें, नपा में चिकित्सक नहीं, न लाइसेंस, न टैक्स, न कटान की जांच व्यवस्था, स्वच्छता पर सीधा प्रभाव, संक्रमण का खतरा, वर्षों से शिकायतें, पर कार्रवाई नहीं

# संक्षिप्त खबरें

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ सम्मानित

सर, पुनरीक्षण अभियान का कार्य बीस दिनो मे ही पूर्ण करने पर जिला व तहसील प्रशासन ने किया सम्मानित।



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार पूरे भारतवर्ष मे सर, अभियान के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मात्र वीस दिनो मे ही अपने बूथ संख्या 387 जुनियर हाई स्कूल मे कार्यरत शिक्षामित्र तैहिद बेग व वूथ संख्या 253 प्राथमिक विद्यालय इमलिया मे तैनात शिक्षामित्र मनीषा देवी ने मात्र बीस ही दिनो मे सर अभियान के तहत मतदाता शुद्धिकरण के फार्मो का पूरा डाटा भरकर अपने कार्यालय मे सक्षम अधिकारियो को सौप कर पूनः शिक्षण कार्य मे लग गई है। जिसके तहत जिला लखीमपुर खीरी की जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सम्मानित किया इसके पश्चात गोला की उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की पूरी टीम ने उनका माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नगर पंचायत मे व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भा.ज.पा.कार्यकर्ताओ ने की प्रेस वार्ता



**खीरी।** नगर पंचायत खीरी में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की मंशा के विपरीत नगर पंचायत खीरी की समाजवादी पार्टी की चेयरपर्सन के द्वारा किए जा रहे कार्यो के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कस्बा खीरी के कार्यकर्ताओं ने एक प्रेस वार्ता की जिसको भारतीय जनता पार्टी खीरी मंडल के पूर्व महामंत्री तथा नगर पंचायत खीरी के पूर्व नामित सदस्य रोहित अवस्थी ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में रोहित अवस्थी ने कहा है कि मार्च 2024 में रामलीला की जमीन पर रामलीला पार्क के निर्माण के लिए नगर पंचायत खीरी द्वारा कार्यदेश जारी किया गया था लेकिन निर्माण अभी तक अधूरा है। नगर पंचायत द्वारा बनाई गई अस्थाई गौशाला में गौ वंशीय पशुओं को नहीं रखा जाता है।गौ वंशीय पशु आवारा सड़कों पर घूमते रहते हैं । कूड़ा निस्तारण के लिए बनाए गए एमआरएफ सेंटर में कूड़ा ना डालकर राष्ट्रीय राजमार्ग 727 एच के किनारे कूड़ा घर बनाया गया है जिसमें आवारा जानवर कूड़ा खाते हुए दिखाई पड़ सकते हैं। नगर पंचायत खीरी द्वारा नगर के विभिन्न तालाबों को कूड़े से पाटा जा रहा है । मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने लिखा है कि चेयरपर्सन के भ्रष्टाचार के कारण नगर में हो रहे निर्माण कार्यो तथा स्ट्रीट लाइट आदि में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है रोहित अवस्थी ने मांग की है कि नगर पंचायत खीरी की चेयरपर्सन के संपूर्ण कार्यकाल में कराए गए कार्यो की टी ऐ सी (टेक्निकल ऑडिट कमिटी) कराई जाए एवं उनकी तथा उनके परिजनों की संपत्ति की जांच हो। प्रेस वार्ता में उनके साथ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के पति राम बहादुर निषाद ,पूर्व सभासद राकेश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार, शक्ति केंद्र संयोजक दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

## 'अन्य मंदिरों में दर्शन का संकल्प भी पूरा करेंगे': राम मंदिर ध्वजारोहण के बीच अखिलेश यादव का बयान



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक सूक्ष्म राजनीतिक कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अन्य मंदिरों में जाने से पहले इटावा में निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने का अपना संकल्प पूरा करेंगे। यह टिप्पणी अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में ऐतिहासिक 'ध्वजारोहण' समारोह से पहले आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष ध्वजारोहण समारोह के दौरान अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के 191 फुट ऊँचे शिखर पर पवित्र भगवा ध्वज फहराया। राम मंदिर के ध्वजारोहण के मौके पर अखिलेश यादव ने इटावा के निर्माणाधीन मंदिर का हवाला देते हुए राजनीतिक कटाक्ष किया, जिसका अर्थ है कि अन्य मंदिरों के दर्शन का उनका संकल्प पूर्ण होने पर ही पूरा होगा। यह बयान राम मंदिर के पूर्णता की ओर बढ़ते निर्माण और प्रमुख अनुष्ठानों के बीच आया है, जबकि अखिलेश यादव ने पहले के समारोहों में शामिल न होने पर निमंत्रण न मिलने का दावा किया था।

# प्रेमी के संग मिलकर पुत्र की हत्या का षड्यंत्र रच रही है बहू, बहन के चक्कर में अपने वैवाहिक जीवन को बर्बाद कर रही है

● बहू बहन बहू को प्रेमी से बात और जीजा को छोड़कर असली जीजा बहू के शातिर प्रेमी को मान रही जीजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला शास्त्री नगर मिश्राना चौकी कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर-खीरी की रहने वाली पीड़िता छोटी बेगम ने बताया उसके दो पुत्र महताब अली सरताज अली व दो पुत्रियां हैं बड़ी पुत्री के साथ रेप व गैंगरेप प्राणघातक हमले कुल मिलाकर 10 एफआईआर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दर्ज कराई और सरकार द्वारा निशुल्क सुरक्षा मिली और सुरक्षा हटने के बाद पुत्री पत्रकारिता कर शादी न कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य कर रही 15 साल से पूरा परिवार दहशत भरा जीवन जी रहा था परिवार में जब कुछ आत्मविश्वास जागा तो बड़े पुत्र महताब अली की शादी पिपरिया निकट मूसाराम शोरूम के पीछे थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी के रहने वाले नशीर अहमद की बड़ी पुत्री रिजवाना से तय हुई थी सभी जानकारी बता दिया जैसे पुत्र बेरोजगार हैं बड़ी पुत्री रेप व गैंगरेप पीड़ित हैं।इस शर्त पर शादी तय हुई थी की न पीड़िता किसी के बहकावे में आएगी न नशीर और दोनों को एक दूसरे से मतलब रखेंगे बस सहमति बनने पर दिनांक 17. नवम्बर.2024 को महताब की शादी रिजवाना से हुई थी पीड़िता की बहूं स्वतंत्र स्वभाव की महिला है।तथा शादी के बाद से ही बात-बात पर बड़ी पुत्री को निशाना बनाना तेरे साथ रेप हुआ प्राणघातक हमले में मरी नहीं बहुत बड़ी पत्रकार बनती है आए दिन ताने छोटी पुत्री को दहेज केस में फंसाने की धमकी दे छोटे पुत्र को मार तक चुकी और दो बार गर्भ नष्ट कर चुकी हैं विरोध करने पर फांसी लगा लेंगे नाटक आए दिन करना और पुत्र को पुत्रियां और छोटे पुत्र के खिलाफ भड़का कर मार खिलवाना बहूं की दिनचर्या में शामिल हो गया था पीड़िता की बड़ी पुत्री बहूं के सदैव निशाने पर रही बाद में पता चला समधी द्वारा झूठ बोला गया। वह लखीमपुर-खीरी में रह कर देख भाल मंगनी शादी के कार्ड छपवाएं जबकि बहूं मोहल्ला वजीरपुर इन्डस्ट्रियल एरिया थाना अशोक बिहार उत्तरी पश्चिमी दिल्ली में पली बढी हुई दिल्ली के ही किसी युवक से बहूं का प्रेम प्रसंग चल रहा था रात दिन फोन पर बातें विडियो काल करना जिसमें बहूं की छोटी बहन रहनुमा उर्फ छोटी मध्यस्ता करती थी इसी लिए बहूं लखीमपुर-खीरी को गांव कह तांडव मचाती और घर वालों से गांव में न रहने की बात कर पीड़िता के परिवार पर झूठे आरोप लगाती है घटना दिनांक 2-अक्टुबर-2025 को पीड़िता के यहां बहूं की मां,, छोटी बहन रहनुमा उर्फ़ छोटी आई और घर ले जाने की ज़िद करने लगी और तरह-तरह के आरोप लगाए जिस पर विरोध करने पर बहूं की छोटी बहन रहनुमा उर्फ़ छोटी ने मां के साथ मिलकर छोटी पुत्री का मुंह नोचने के बाद बहुत मारा-पीटा और पुत्र को बुलाकर उल्टे पुत्री पर झूठा आरोप लगाकर पुत्र से भी पिटवाया बहूं की छोटी बहन बहूं को साथ ले जाने की ज़िद पर अड़ी रही न भेजने पर छोटी साली रहनुमा उर्फ़ छोटी और सांस ने अंजाम भुगतने की धमकी देकर चली गई। जिसका परिणाम बड़ा पुत्र महताब अली व छोटे पुत्र सरताज अली का खून का प्यासा हो गया पूरे परिवार में जबरदस्त दरार डाल कर पीड़िता के पुत्र से दिल्ली में रहो लखीमपुर में नहीं रहूंगी दबाव बनाने लगी पीड़िता के पुत्र के न मानने पर दिनांक 5.अक्टूबर.2025 को बहूं उस समय जब पीड़िता का पुत्र घर पर मौजूद नहीं था लाखों के घर में रखे जेवर कपड़ा व नगदी लेकर बिना बताए घर से चली गई पीड़िता के पुत्र ने जब काफी तलाश किया तब उसे जानकारी मिली कि वह अपने मायके मोहल्ला आनंद नगर पिपरिया बाईपास थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी चली गई है। बहुत प्रयास करने के बाद बहूं घर नहीं आई पीड़िता के समधी नशीर ने साफ कहा मेरी लड़की बड़े शहर की रहने वाली है या तुम्हारे छोटे शहर लखीमपुर में नहीं रह पाएगी परिवार में जबरदस्त फूट डालकर दिल्ली में रहने की जिद् पर अड़ी दिनांक 10-नवम्बर 2025 को पीड़िता का पुत्र बहूं को लेने गया जहां बहूं ने आने से साफ़ मना कर दिया जेवर रूपए मांगने पर साफ मना कर दिया जिसको लेकर पीड़िता के पुत्र व बहु रिजवाना उसके पिता नशीर सास व बहन अफसाना रहनुमा उर्फ़ छोटी, भाई अरमान इमरान ने खूब मारा पीटा और कहा दिन अच्छे तो मोटरसाइकिल घर छोड़ छोड़ जाओ वरना दहेज एक्ट में जेल में सड़ोगे भयभीत पीड़िता के पुत्र ने 20-11-2025 विदाई का वाद न्यायालय में डाला जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता के शिकायती पत्र से सेम डेट 5-11-2025 पर झूठी घटना दिखाकर डेढ़ माह बाद बहूं ने दिनांक 24-नवम्बर -2025 को महिला थाने शिकायती पत्र दिया जिसमें पुत्र और बड़ी पुत्री को महिला थाने बुलवाया गया वहां पर मौजूद पीड़िता की बहूं और बहूं की छोटी बहन द्वारा झूठे आरोप लगाकर पीड़िता के पुत्र के साथ न रहने की जिद् पर अड़ी रही जिसके बाद महिला थाने से मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेज दिया गया है।जहां दिनांक 30.नवम्बर .2025 को पीड़िता की बहूं व पुत्र को बुलाया गया है।

पूरे मामले की मास्टरमाइंड बहूं की छोटी बहन रहनुमा उर्फ छोटी है। वह जितना कहती उतना समधी समधन यानि पूरा परिवार करता है पुत्र के वैवाहिक जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाली पुत्र की साली रहनुमा उर्फ़ छोटी है। मामले की नजाकत देखते हुए पीड़िता के परिवार में हुए जबरदस्त बिखराव करने वाली बहूं जिस शर्त पर रहे जो पुत्र चाहे पुत्र व बहूं के वैवाहिक जीवन में पीड़िता न उसके छोटे पुत्र दोनों पुत्रियों का न कोई वास्ता न कोई सरोकार रहा है न रहेगा वह जैसे चाहे रहे काफी पीड़ादायक जीवन से उभरे परिवार को निशाना न बनाया जाए पति बाहर काम करते हैं उनकी जान को खतरा है। पीड़िता के परिवार की कमज़ोरियों का लाभ बहु व उसका परिवार न उठा पाए और बहूं प्रेमी से मिलकर पीड़िता के पुत्र की हत्या का षड्यंत्र न रच पाए अगर किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होती है उसके जिम्मेदार पुत्र के ससुरालीगण होगे। क्योंकि बहुत बडा खेल बहूं द्वारा खेला गया पुत्र को घरजमाई बनाकर प्रेमी के साथ दिल्ली में मौज मस्ती करे।

## अंतर -विद्यालय खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन



**बरेली/रिठौरा।** मिशन एकेडमी स्कूल नवाबगंज में आयोजित अंतर- विद्यालय खेल प्रतियोगिता में बीआर जीनियस इंटरनेशनल नवाबगंज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए। स्कूल की अंडर -14 खो-खो टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा किया। वहीं अंडर-17 वालीबॉल टीम ने बेहतरीन प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। अंडर -17 रस्साकशी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को कोच नासिर , मर्फ़त के लगातार अथक सहयोग और प्रोत्साहन मिलता रहा, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# क्योलडिया में टूटी सड़क ओवरलोड वाहन जनता को बना सर दर्द जिम्मेदार मौन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** नवाबगंज के अंतर्गत विकासखंड भदपुरा में स्थित क्यों लड़ियां मैं शारदा सागर खंड नहर पर बनी लोक निर्माण विभाग की सड़क विगत 4 वर्षो से टूटी पड़ी है जिसमें तो दो फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं इन्हीं गडढो से होकर ओवरलोड वाहन एवं सामान्य वहां यातायात करते हैं। जिसके चलते आने जाने वालों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है परंतु सबसे अधिक व्यापारी भी इसी सड़क पर अपना व्यापार कर रहे हैं इस टूटी हुई सड़क होने के कारण उनके व्यापार में भी कोई प्रगति नहीं हो पा रही है जिसके कारण बरसात में तो यह रास्ता ही बंद हो जाता है। तब यहां के व्यापारी हाथ पैर हाथ धरे बैठे रहते हैं यह सड़क क्यों लड़िया के मुख्य तिराहे से लेकर जावेदा जाने वाले पुल तक खस्ता हाल बनी हुई है इस पर अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक सभी मौन धारण किए हुए हैं जिसके चलते लोक निर्माण विभाग अपनी मनमानी का परिचय देते हुए सड़क का निर्माण नहीं करवा रहा है। इसलिए यहां की जनता को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है किसी भी दिन यहां पर बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के प्राइवेट कर्मचारी महिलाओं के साथ करते अभद्रतापूर्ण व्यवहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-(खीरी)** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जनता तक तमाम योजनाएं और लाभार्थियों को होने वाली समस्याओं को छुटकारा दिलाने के लिए खासा तैयारी कर हर संभव मदद और योजनाओं के द्वारा लाभ पहुचाने का काम कर रहे हैं।लेकिन लखीमपुर-खीरी पलिया पूर्ती निरिक्षक कार्यालय में तैनात प्राइवेट कर्मचारी महिलाओं से दुर्व्यवहार कर सरकार की तमाम योजनाओं में ग्राहण लगाने का काम कर रहे हैं और तो और महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर पूर्ति निरीक्षक अधिकारी और लिपिक कर्मचारी भी शांति से तमाशा देख रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण नगरपालिका पलिया वार्ड नं पठान 1 की आधा दर्जन महिलाएं महिनों से पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है जैसे ही मंगलवार को सुबह कार्यालय खुला वही महिलाएं राशनकार्ड से नाम कटवाने के लिए पहुंची थी पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के प्राइवेट कर्मचारी ने बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण व्यवहार करते हुए महिलाओं को चलता कर दिया। वहीं मौजूद मीडिया कर्मियों ने पूछा तो आरोप लगाते हुए महिलाओं ने नाम वीडियो न चलाने को लेकर खुलासा कर दिया कहा कि की महिनों से पलिया पूर्ती निरिक्षक कार्यालय में राशनकार्ड में नाम काटने और परिवार से अलग राशनकार्ड बनवाने के लिए चक्कर लगा रही हैं। वहीं दूसरी महिला ने कहा हमारी शादी 2019 में हुई थी 2021 में सभी पत्र इकट्ठा कर दिया था लेकिन नजराना न मिलने के चलते अभी तक राशनकार्ड नही बनाया गया।जबकि पठान 1 के उन घरों के राशनकार्ड बना दिए गए जिनके नाम घर गाडी तमाम जगहों पर लाखों करोड़ों के प्लाट पड़े हैं। वहीं लाभार्थियों की बात करें तो पलिया पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के चक्कर काटने के लिए ही पैदा हुआ हो महिलाओं ने कहा कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार कार्य तो अच्छा कर रही लेकिन पूर्ती निरिक्षक पलिया कार्यालय में तैनात प्राइवेट कर्मचारी व अधिकारी सरकार को बदनाम करने पर तुले हुए है। महिला ने कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि हमारे साथ हुए दुर्व्यवहार पर हम सभी महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेल्पलाइन और महिला हेल्पलाइन पर शिकायत करेंगें। अधिकारियों की बात करें तो न किसी ने मामले को गम्भीरता से लिया और न ही उन प्राइवेट कर्मचारी पर कार्रवाई हुई।

# सवारी से भरी बस ने बुजुर्ग को मारी जोरदार टक्कर

● पुलिस ने घायल अवस्था में पहुंचाया निघासन सीएससी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** सिंगाही बेलरायां नेशनल हाईवे पर देव स्थान सिद्ध बाबा पर लखीमपुर से सवारी भरकर बेलरायां जा रही सवारी भरी बस ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मारी जिससे वह वहीं पर जख्मी होकर गिर गया। जिससे वहां अफरातफरी मच गयी और लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सड़क हादसे की खबर पाकर पहुंची सिंगाही पुलिस ने गंभीर रुप से जख्मी हुए बुजूर्ग को निघासन सीएचसी निघासन पहुंचाया वहां से उसको जिला अस्पताल के लिए भेजा गया है। मंगलवार को सिंगाही बेलरायां रोड पर देव स्थान सिद्ध बाबा पर लखीमपुर से सवारी भरकर बेलरायां जा रही बस नंबर यूपी 31 ञ्ज 2717 ने सड़क पार कर रहे हरि किशन उर्फ रामपाल उम्र 60 वर्ष निवासी रन नगर तिकुनियां डाक्टर राहुल के वहां पैर के ज़ख्म का इलाज कराकर वापस अपने घर जा रहे थे सड़क पार करते समय सामने से आ रही बस ने उनको जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह वहीं गिर गये और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनके नाक और मुंह कान से खून बहने लगा थोड़ी देर में वहां राहगीरों की भीड़ जमा हो गई सड़क हादसे की खबर सुनकर सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचते। घायल को उठाकर सीएचसी भेजा जहां से डॉक्टर ने फर्स्ट एड देने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जनता आक्रोशित हो जाने के कारण बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया है पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

## फिरोजाबाद सीजेएम कोर्ट में मच गई खलबली, पति की पेशी पर आई महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास



**फिरोजाबाद।** सीजेएम कोर्ट में मंगलवार दोपहर एक बजे पूनम निवासी मथुरा नगर, थाना उत्तर ने आत्मदाह का प्रयास किया। उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। तभी पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। महिला ने पति और सास के विरुद्ध थाना उत्तर में डेढ़ माह पूर्व प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पति की पेशी पर आई थी महिला

पति की कोर्ट में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से पेशी थी। इसी दौरान उसने आत्मदाह का प्रयास किया। उसे हिरासत में लेकर मटसेना पुलिस थाने में लाकर पूछताछ कर रही है। घटना के सक्रिय हुई पुलिस अंदर जाने वालों पर नजर रख रही है।

# अंकुश यादव की पहल से समाजवादी पार्टी में नई ऊर्जा का संचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशन में चल रहे एसएआर (SAR) अभियान के अंतर्गत समाजवादी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष माननीय अमित वर्मा के निर्देशानुसार, जिला सचिव अंकुश यादव जी लोगों के बीच जाकर फॉर्म भरवा कर जमा कर रहे हैं। उनका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि वे अपना फॉर्म जल्दी से भरें और बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को जमा करें।अंकुश यादव जी के द्वारा अब तक हजारों फॉर्म जमा कराए जा चुके हैं। उन्होंने अपने पिताजी के साथ अपने गांव में लोगों के फॉर्म भरकर शुरुआत की, और अब वे रोज गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उनका मानना है कि जितने ज्यादा लोग सुरक्षित रहेंगे, उतने ही अधिक वोटों से समाजवादी सरकार बनेगी। उनका एकमात्र लक्ष्य है आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना।अपने क्षेत्र में अंकुश यादव जिला सचिव के रूप में अपनी एक निजी पहचान बना रहे हैं। वे लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानते हैं और कई बार मुख्यमंत्री जी को पत्र भी लिख चुके हैं। उनकी इस पहल से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिल रही है और लोगों में एक नया उत्साह देखा जा रहा है।

## नीमगांव पुलिस ने एक बार का शांति भंग में किया चालान



**नीमगांव खीरी।** के पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नीमगांव थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के अंतर्गत नीमगांव पुलिस द्वारा चलाये जा रहे हैं अपराध और अपराधी पर अंकुश पाने के लिए पैला निवासी रमेश सिंह पुत्र मोहन सिंह पर विविधी कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी मितौली कोर्ट में पेश कर चालान भेजा गया।

# एस.आई.आर.को लेकर कांग्रेस भवन पर प्रेस वार्ता आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** दिनांक 25 नवंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस भवन पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उक्त प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकार बंधुओ से रूबरू होते हुए जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा है भाजपा लोकतांत्रिक अधिकारों को चुरा कर सत्ता पर काबिज हो गई है अपने संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें सजग एवं जागरूक रहना पड़ेगा । इस समय कांग्रेस की देश को बहुत जरूरत है क्योंकि वोट चोरी हमारे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन गई है । SIR के नाम पर देश भर में अफरा तफरी का मचा रखी है । नतीजा तीन हफ्तों में 16 बी.एल.ओ.की जान चली गई द्य हार्ट अटैक तनाव आत्महत्या सर कोई सुधार नहीं थोपा गया जुल्म है द्य साथ ही उप्रेती ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सर इतनी हड़बड़ी में क्यों कराया जा रहा है द्य सर की अचानक क्या जरूरत पड़ गई । सर हो जाने से कितना बड़ा सुधार हो जाएगा द्य इनमें से एक भी बात का सटीक उत्तर ज्ञानेश कुमार के पास नहीं है द्य मगर सर कराना है द्य क्योंकि बीजेपी को लाभ पहुंचाना है उक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की मांग है कि SIR की समय सीमा बढ़ाई जाए। इतने कम समय में संभव नहीं है। आज की तारीख में बा मुश्किल 20% ही लोग इस प्रक्रिया में शामिल हो पाए हैं। सरकार को आम जनमानस का ध्यान ये भी रखना चाहिए कि इस समय शादी विवाह मुंडन में व्यस्तता है साथ ही किसान लोग इस समय गन्ना कटाई एवं गेहूं की बुवाई में व्यस्त हैं किसी को मत दे नजर लेते हुए समय सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने मीडिया बंधुओ से मुखातिब होते हुए कहा कि इलेक्शन कमीशन का काम हर पार्टियों के लिए लेवल प्लेयिंग तैयार करना होता है ।




मगर ज्ञानेश कुमार सिर्फ भाजपा के फायदे के लिए लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू हैं द्य इसे सर के नाम पर जानबूझकर बीजेपी के संभावित विरोधी वोटो का नाम लिस्ट से काटना है। जिस इलेक्शन कमीशन पर बीते 70 वर्षो से देश का भरोसा था आज इस कमीशन को लेकर जनता के मन में शंका पैदा हो गई है। तिवारी ने कहा कि आखिर इलेक्शन कमीशन को सर की इतनी जल्दी क्यों है द्य बिहार के बाद बंगाल समेत कई राज्यों में किस हड़बड़ी में यह किस लाभ पहुंचाने के लिए सर कराया जा रहा है द्य अगर कांग्रेस और राहुल गांधी के वोट चोरी और सर पर आरोपी का जवाब इलेक्शन कमीशन क्यों नहीं देता द्य सभी को अनुभव यही है कि सर में टारगेट कर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं चुनाव आयोग ने जैसा बिहार में किया वहीं नीति बाकी राज्यों मे अपनाई जा रही है सर को लेकर हम बिहार में पहले से सवाल उठा रहे हैं हमने बिहार में वाटर अधिकारी यात्रा भी निकाली थी और देश को बताया था कि सर में बहुत सारी गड़बड़ियां है । SIR के बारे में सुप्रीम कोर्ट के पांच आदेश आए जो कि चुनाव आयोग की बदनियत को दिखाते हैं और उसे सुप्रीम कोर्ट ने भी देखा है। उक्त प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से उपस्थित नवाज खान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, डाक्टर रईस अहमद उस्मानी जिला उपाध्यक्ष, अब्दुल रहीम महासचिव , वरुण चौधरी, राजेंद्र गुप्ता आदि।

# खनन माफिया पर मेहरबान पुलिस, केस दर्ज फिर भी गिरफ्तारी नही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।**अवैध खनन कराने के मामले में सिंगाही पुलिस काफी समय से बदनाम तो है ही अब तो खनन कारोबार करने वाले आरोपियों के साथ सिंगाही पुलिस खड़ी है। खनन माफियाओ के खिलाफ सिंगाही थाने में खनन स्पेक्टर पर तमंचा रखना व गनर से राइफल छीनने के सम्बंध में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। बावजूद इसके आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है जिसमें मुख्य भूमिका थाना प्रभारी और केस के विवेचक की है।बताते चले कि खनन को लेकर लगातार खबरों के प्रकाशन के कारण उच्च अधिकारियों ने खनन की समस्या को सज्ञान में लेते हुए बीते 18 नवम्बर की रात करीब 11 बजे खनन अधिकारी आशीष सिंह ने मोतीपुर के भौका घाट पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बालू परिवहन करते पकड़ी गई। इनमें दो ट्रॉली बालू से भरी हुई थीं, जबकि दो खाली ट्रॉली बालू भरने जा रही थीं। वाहन चालकों के मोबाइल जब्त कर टीम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंचने से पहले ही मोतीपुर निवासी मुन्ना खान, कल्लू पुरवा निवासी हीरालाल, कोतवाली तिकुनिया के गांव तकिया पुरवा निवासी रविंद्र भार्गव और बंजरिया फार्म थाना सिंगाही निवासी फतेह सिंह मौके पर चार-पांच अन्य साथियों के साथ पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करते हुए खनन अधिकारी से गाली-गलौज हाथापाई करने की कोशिश की। हमलावरों ने गनर प्रदीप कुमार पर तमंचा लगाकर उसकी राइफल छीनने का भी प्रयास किया और खनन अधिकारी पर भी तमंचा रखा। माफियाओं और अधिकारियों की तकरार के बीच दो खाली ट्रैक्टर ट्रॉली चालक सहित मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। रोकने का प्रयास करते समय अवैध खनन निरीक्षक की पूरी टीम को ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने का भी प्रयास किया।पुलिस के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया दो खाली ट्रैक्टर ट्राली लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। खनन निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 19 नवम्बर को सुसंगत धाराओं में उपरोक्त आरोपितों पर मुकदमा पंजीकृत कर लियाथा।उम्मीद थी कि पुलिस ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए तत्काल कार्यवाही करेगी लेकिन ऐसा कुछ देखने को नही मिला, मुकदमा पंजीकृत के 6 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस की इस तरह के लापरवाह रवैये को देखते हुए मामला संदिग्ध लग रहा कि कहीं पुलिस आरोपियों के साथ तो नही खड़ी। इस मामले को लेकर सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के पास फोन लगाया तो महोदय फोन को उठाना मुनासिब नही समझे।

# नाबालिग किशोरी का निर्वस्त्र अवस्था मे कब्र से बाहर शव मिलने से हडकंप

● नीमगांव थाना क्षेत्र के कस्बा सिकंदराबाद में एक नाबालिक किशोरी का शव कब्र से बाहर करीब 600 मीटर दूर एक गन्ने के खेत में निर्वस्त्र अवस्था में मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा सिकंदराबाद में एक नाबालिक किशोरी का सब कब्र से निकालकर कब्रिस्तान से करीब 600 मीटर दूर एक गन्ने के खेत में निर्वास्त्र अवस्था में पड़ा मिला जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।नीमगांव थाना क्षेत्र के कस्बा सिकंदराबाद निवासी शकील खान की 15 वर्षी पुत्री जो की मानसिक रूप से बीमार थी जिसकी बीमारी के चलते शुक्रवार को मौत हो गई जिसके बाद पर जिन्होंने सबको गांव के ही कब्रिस्तान में दफना दिया जिसके 5 दिन बाद मंगलवार सुबह जब ग्रामीण निकले तो देखा की वहाँ किशोरी की कब्र खुदी पड़ी है तो परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने क़ब्र के अन्दर देखा तो उसमे से शव गायब था जब काफी खोजबीन की तो उसका शव कब्रिस्तान से 600 मीटर दूर एक गन्ने के खेत मे नग्न अवस्था मे पड़ा मिला मौके पर एक कुदाल व शव के कपडे क़ब्र के पास पड़े मिले मौके पर पहुंची नीमगाँव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मौके पर पहुंची फरेंसिक टीम ने भी बारीकी से ज़ाच की है। नीमगांव थाना प्रभारी आदित्य कुमार मौर्य ने बताया की मौके पर पहुंचकर सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे में कौलापुर निवासी विजय कुमार (34) की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात लगभग 8:30 बजे बंधन बैंक के सामने स्थित कट स्टॉप के पास हुई, जब विजय कुमार सड़क किनारे खड़े होकर किसी का इंतज़ार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रहे दो अज्ञात वाहन आपस में ओवरटेक करने लगे। उसी दौरान एक वाहन ने अनियंत्रित होकर पटरी पर खड़े विजय कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सीएचसी गोपीगंज ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पत्नी सोनी देवी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी पर हमला, मारपीट व लूट का आरोप

पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गोपीगंज।** जीटी रोड स्थित लाई बाजार के निवासी विजय प्रकाश जायसवाल, संचालक प्रकाश बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर, पर गुरुवार 22 नवंबर को हुए हमले, तोड़फोड़ और लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजय प्रकाश ने आरोप लगाया कि सौरभ पाठक, सचिन पाठक, सुड्डू पाठक तथा 4-5 अज्ञात लोग दुकान पर पहुंचे और पहले गाली-गलौज, फिर धमकी देने लगे। कारोबारी ने बताया कि पाठक परिवार पहले उधार पर बिल्डिंग मैटेरियल लेते थे और जब उनसे हिसाब माँगा गया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि हमलावरों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की, सामान इधर-उधर फेंक दिया तथा मारपीट करते हुए पीड़ित की जेब से करीब दस हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने एससी/एसटी एक्ट का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिवार ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पराली जलाने पर किसान पर लगा पाँच हजार रुपये का जुर्माना



**ज्ञानपुर।** पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। बीती रात 24 नवंबर को करीब 10 बजे तहसील ज्ञानपुर के वेदपुर गांव में पराली जलाने की जानकारी मिलने पर तहसील स्तरीय टीम मौके पर पहुंची। जांच में पराली जलाने की पुष्टि हुई। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के दिशा-निर्देशों और यूनियन ऑफ इंडिया बनाम कृषक केस में पारित आदेशों के अनुसार पराली जलाना प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने वेदपुर निवासी शैलेन्द्र यादव पर पर्यावरण क्षति शुल्क के रूप में पाँच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। तहसीलदार ज्ञानपुर ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी किसान पराली जलाने की घटना को दोहराता है तो उसके विरुद्ध धारा 26 के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि पराली जलाने से बचें और वैकल्पिक निस्तारण के तरीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

### जमीनी विवाद में महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जहाँगीराबाद निवासी उमाशंकर ने आरोप लगाया है कि 17 नवंबर को लगभग 11 बजे दिन में जमीनी विवाद को लेकर उनके भाई जगनारायण, उसकी पत्नी उर्मिला देवी तथा साले कल्लू राम ने उनकी पत्नी रामा देवी को भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुए लाठी-डंडे से मारपीट की। पीड़ित पक्ष के अनुसार मारपीट में रामा देवी के सिर, हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद विपक्षी पक्ष ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार दहशत में है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी।

# सेंट मैरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन

### ●रेड हाउस ओवरऑल चैंपियन, छात्रों के प्रदर्शन से दर्शक उत्साहित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सेंट मैरी स्कूल नई बाज़ार भदोही में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 2025 का आयोजन मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने किया। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण और मार्च पास्ट की सलामी लेकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन और विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। खेलकूद स्पर्धाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए 100, 200 और 400 मीटर दौड़, रिले रेस, फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, मेंढक व बत्तख दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद सहित कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। बच्चों ने प्रत्येक इवेंट में प्रतिभा और अनुशासन का परिचय दिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा में रेड हाउस 232 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया, जबकि ग्रीन हाउस 228 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। विशेष उपलब्धि के लिए अर्पित दुबे को गोला फेंक में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मुख्य अतिथि एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन की भी प्रशंसा की कि उनके प्रयासों से छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अंकिता रावल और बिन्को सुरीन ने किया। खेल विभाग के शिक्षक संजय, नितेश, नीरज, जोसेफ, राकेश, नीलिमा, शुभम, नीलम, स्नेहा, सारिका, राहुल और धीरज–ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य फादर आनंद लाकड़ा ने सभी अतिथियों तथा विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलकूद जैसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। उत्साह और प्रतिस्पर्धा से भरे माहौल में सेंट मैरी स्कूल का वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## राम जानकी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के विठ्ठलपुर गांव में स्थित राम जानकी मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर श्री राम सहस्त्र नाम स्तोत्र 108 पाठ उसके बाद संगीतमय अखंड रामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन किया गया। पाठ के पश्चात भगवान राम व माता सीता का भव्य श्रृंगार किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीण क्षेत्र के जन समुदाय के सहयोग से भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर हजारों की संख्या भक्त गण उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## 30 वर्ष पूर्व चंदा से बना वरुणा नदी का पुल जर्जर

### ● कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा,नया पुल निर्माण की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावा क्षेत्र में कैड़ा घाट स्थित वरुणा नदी पर बना लगभग 30 वर्ष पुराना पुल अब जर्जर हालत में पहुँच चुका है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह पुल उस समय ग्रामीणों के चंदा से मात्र चार लाख रुपये की लागत से बनाया गया था, लेकिन अब इसकी संरचना कमजोर होकर दरकने लगी है। बड़े वाहनों का आवागमन इस पर खतरे से खाली नहीं है। यह पुल सुरियावा के 52 बीघा तालाब से कैड़ा होते हुए बहुता, कटवार, मछलीशहर, जौनपुर और मड़ियाहूं को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। प्रतिदिन स्कूल बस, ट्रक, ट्रैक्टर और भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 24 घंटे चालू रहने वाले इस व्यस्त मार्ग पर पुल की स्थिति अब अत्यंत चिंता का विषय बन गई है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सड़क एक लेन की होने के कारण आवागमन और भी जोखिम भरा हो गया है। सड़क के चौड़ीकरण के साथ-साथ नए पुल का निर्माण क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकता बन गया है। क्षेत्र के सामाजिक व जनप्रतिनिधि विंध्यवासिनी सिंह, जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, राम सजीवन, रामराज, सुभाष चंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, रविंद्र सिंह, धनंजय सिंह तथा अनुज सिंह सहित कई लोगों ने सांसद, विधायक, प्रभारी मंत्री और जिलाधिकारी से तत्काल ध्यान देने और वरुणा नदी पर नया पुल निर्माण कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने चेताया कि यदि समय रहते पुल के निर्माण की पहल नहीं की गई तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

## पुलिस ने दर्ज किया मुकदमाडीएम शैलेष कुमार ने किया कई बूथों का औचक निरीक्षण

### ● विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तेजी लाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के क्रम में मंगलवार को आयोजित विशेष अभियान दिवस पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, गणना प्रपत्रों के संकलन और डिजिटाइजेशन की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया। सबसे पहले डीएम केशवपुर सरपतहा बूथ पहुँचे। यहाँ उन्होंने बीएलओ से घर-घर सत्यापन, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की स्थिति पूछी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 'मतदाता सूची में एक भी त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। 'इसके बाद जिलाधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवास स्थित बूथ पर पहुंचे। यहाँ उन्होंने गणना प्रपत्रों का मिलान किया और बीएलओ व सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि सभी प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन समय से पूरा किया जाए। उन्होंने रिकॉर्ड को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम पूरे गड़ेरिया बूथ पर भी पहुँचे। यहाँ उन्होंने मतदान केंद्र की भौतिक सुविधाओं रैंप, पेयजल, प्रकाश, शौचालय आदि की स्थिति जाँची और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान दिवस के दौरान प्राप्त होने वाले सभी आवेदन–फार्म 6, 7, 8 एवं 8–का निस्तारण पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर किया जाए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 'विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एक बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं। '

## शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने पर 25 नवंबर-बीएलओ ऑफ द डे बनीं कविता देवी एवं शिवांग

### ● अब तक 09 बीएलओ ने शत प्रतिशत किया डिजिटाइजेशन

### एस आई आर कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने पर 02 बीएलओ सम्मानित

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को डीईओ ने बधाई व शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना

### अपने बूथ के सभी मतदाताओं का शत प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित, एकत्रित, डिजिटाइज करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि मतदाताओं के उत्साह, बीएलए के सहयोग एवं बीएलओ की कर्तव्य निष्ठा से कई विधानसभाओं के मतदेय स्थलों पर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइ?जेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है। ऐसे बीएलओ की कार्यप्रणाली अपनाते हुए अन्य सभी बीएलओ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में तेजी लाएं। विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अपने बूथ के सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र को शत प्रतिशत वितरित,एकत्रित एवं डिजिटाइज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष बीएलओ को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने इन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें बीएलओ की भूमिका निर्णायक होती है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी चयनित बीएलओ द्वारा समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय योगदान दिया गया है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में तीनों विधानसभा वार 25 नवंबर के सबसे उत्कृष्ट प्रगति करने वाले 02 सम्मानित बीएलओ- विधानसभा-392 भदोही में बूथ संख्या 22 , जूनियर हाईस्कूल बीरापुर कक्ष संख्या 2 के बीएलओ शिवांक सहायक अध्यापक एवं विधानसभा-394 औराई में बूथ संख्या 198 ग्राम चकजोधी की बीएलओ कविता देवी रोजगार सेवक 25 नवंबर की बीएलओ ऑफ दी डे बनी।

24 नवंबर के बेस्ट बीएलओ एस आई आर-2026 में विधानसभा-392 भदोही में बूथ संख्या 117 जू. हाईस्कूल देवदासपुर के बीएलओ अभिषेक कुमार मिश्र (रोजगार सेवक), विधानसभा-393 ज्ञानपुर में बूथ संख्या 304 प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर कक्ष संख्या 2 के बीएलओ विनोद कुमार,विधानसभा-394 औराई में बूथ संख्या 210 प्राथमिक विद्यालय संवरा रघुनाथपुर के बीएलओ विनय कुमार सिंह शिक्षामित्र, आशा देवी शिक्षामित्र बूथ संख्या 151, प्राथमिक विद्यालय मुडफोड़ा 392 भदोही विधानसभा एवं 23 नवंबर के सबसे उत्कृष्ट प्रगति करने वाले 03 सम्मानित बीएलओ- विधानसभा-392 भदोही में बूथ संख्या 181 प्राथमिक विद्यालय चक्र भवानी दास कक्ष संख्या 2 के BLO सुमित कुमार प्रजापति, विधानसभा-393 ज्ञानपुर में बूथ संख्या 187 प्राथमिक विद्यालय नारेपार कक्ष संख्या 2 के BLO प्रदीप सिंह, विधानसभा-394 औराई में बूथ संख्या 228 प्राथमिक विद्यालय पीपरगांव चकमसूद के BLO इफ्तखार ने अपने बूथ का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य समयबद्ध पूर्ण किया। उपर्युक्त सभी बीएलओ द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण -2026 अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा इनके कार्य की प्रशंसा करते हुए सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गयी।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त बीएलओ से अपील की कि वे इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता और सटीकता के साथ कार्य करते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा एस आई आर-2026 अभियान को सफल बनाने में पूरी प्रतिबद्धता से योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं अद्यतन होना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार है, जिसके लिए बीएलओ लगातार फील्ड में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद भदोही में अभी तक 04 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा चुका है। उन्होंने समस्त मतदाताओं से एस आई आर प्रक्रिया में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेने एवं अपने बीएलओ का सहयोग करने की अपील की।

# नगर के जामा मस्जिद में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** नगर के मोची टोला मुहल्ला स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद में बीती रात मस्जिद के मुख्य द्वार पर लगे हुए पर्दे में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। मस्जिद के बगल वाले कमरे में मस्जिद इमाम शाहीद कादरी सो रहे थे उसी दौरान परिवाजी शहीद मुहल्ला निवासी शाहिल अपने भाई को खोजते हुए वहां पहुंच गया और देखा कि मस्जिद के अन्दर धुआ उठ रहा है उसने तत्काल इमाम को जगाया और दोनों लोग आग बुझाने में लग गए।शाहील ने हल्ला मचाकर आसपास के लोगों को बुलाने के बाद 112 पर फोन करके मामले की जानकारी पुलिस को दी। आग लगने की जानकारी मिलते ही हिन्दू,मुस्लिम भाई मौके पर पहुंच कर आग के लपट को बूझाकर आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा मस्जिद के दरवाज़े पर लगे पर्दे में आग लगायी गई है। जिससे मस्जिद में लगा पर्दा व दीवाल धुएं से खराब हो गई है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि घटना देर रात की है, कुछ शरारती तत्वों का फुटेज से ट्रेस कर लिया गया है कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।घटनाक्रम की जानकारी पर चार थाने के प्रभारी, उपनिरीक्षक पीएससी बल तैनात की गई है। घटनास्थल पर पहुंचे चेयरमैन मंसूर अहमद ने कहा कि यह घटना अमन चैन ख़राब करने के लिए किया गया है लेकिन नगर की बुद्धजीवी जनता समझदार है यह नगर गंगा जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है।

## एस आई आर 2026 के सर्वश्रेष्ठ बीएलओ बने राजेश मिश्रा

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के पूर्वा नदौली में सहायक अध्यापक के पद पर राजेश मिश्रा नियुक्त हैं जिनको लालगंज तहसील क्षेत्र के रतेह का बीएलओ बनाया गया है जहां अन्य बीएलओ परेशान हैं वही राजेश कुमार मिश्रा शतः प्रतिशत कार्य करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाते हुए चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीयों जिला मजिस्ट्रेट मिर्जापुर द्वारा 23 नवंबर 2025 के बेस्ट बीएलओ चुने गए जिसकी प्रशंसा जिला अधिकारी मिर्जापुर एवं चुनाव आयोग के ट्विटर अकाउंट के द्वारा भी साझा किया गया राजेश मिश्रा को इस अभियान में उत्कृष्ट प्रगति के लिए क्षेत्र के साथी अध्यापकों उनके परिजनों एवं ईस्ट जनों के द्वारा अभिनंदन एवं बधाई दिया गया वही राजेश मिश्रा साधारण अध्यापकों में से एक अध्यापक हैं जो की मिर्जापुर जिले में नियुक्त हैं राजेश मित्र को जो भी काम शौपा जाता है वह बड़े ही जिम्मेदारी से अपना कार्य करते हैं ग्रामीणों ने भी अध्यापक का प्रशंसा करते हुए बताया कि एक अच्छे अध्यापकों में से राजेश मिश्रा अध्यापक हैं।

## थाना गोपीगंज अंतर्गत OBT प्राइवेट लिमिटेड गोपपुर द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम भदोही द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** यातायात जागरूकता माह (जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह भी कहा जाता है) का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर साल नवंबर महीने में चलाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित सड़क परिवहन को बढ़ावा देना है।आज दिनांक-25.11.2025 'यातायात जागरुकता माह नवम्बर-2025' के अंतर्गत थाना गोपीगंज स्थित OBT प्राइवेट लिमिटेड गोपपुर द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम क अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया शुभारंभ। ओ0बी0टी0 मैनेजर के सौजन्य से ओ0बी0टी0 गेट के सामने गोपीगंज में आयोजित 'हेलमेट वितरण कार्यक्रम' में अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही के द्वारा श्री अनिल कुमार प्रभारी यातायात के साथ सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। यातायात नियमों की जानकारी विषयक जारी हैंडव्हील पम्पलेट को वितरित किया गया। तथा लोक गायक राजेश परदेसी द्वारा जन जागरूकता गीत की प्रस्तुति कर क्षेत्र की जनता को यातायात नियमों के पालन तथा उनके जीवन की रक्षा हेतु जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक भदोही के द्वारा बताया गया कि जनपदीय पुलिस द्वारा सार्वजनिक मार्गो, चौराहों व तिराहों पर भी लगातार भ्रमणशील रहकर पुलिस टीमों द्वारा आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन हेतु -नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने,अवयस्क को वाहन न चलाने देने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवरलोड न चलाने आदि के संबन्ध में जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक श्री अभिमन्यु मांगलिक ने संबोधित करते हुए कहा गया कि 'हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हम अपने हजारों नौजवान, बच्चे और परिवार के मुखिया खो रहे हैं। केवल हेलमेट पहनने से 70% तक सिर की चोट से होने वाली मौतें रोकी जा सकती हैं। जनपद भदोही जो कि एक हाईवे से सटा जनपद है जहां छोटे बड़े वाहनों का आगमन बहुत तेज गति से रहता है,जहां पर एक्सीडेंट होने की संभावना ज्यादा रहती है इसलिए हाईवे पर चलते समय हेलमेट पहनना / सीट बेल्ट तथा यातायात संकेतों के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। महोदय द्वारा



लोगों से अपील की गई कि केवल चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि जिंदगी बचाने के लिए हेलमेट पहने। इसलिए हमेशा ढ्रस्ढ मार्का के हेलमेट का प्रयोग करे। जिंदगी से ज्यादा जरूरी कुछ भी नहीं है। हेलमेट पहने और दूसरों को भी जागरूक करे ताकि सुरक्षित रह सके। सभी नागरिकों से अपील की गई कि - बिना हेलमेट बाइक न चलाएँ, चार पहिया वाहन में सीटबेल्ट जरूर लगाएँ , नशे में वाहन न चलाएँ ओवरस्पीड और ओवरलोडिंग से बचें, बच्चों को अवयस्क अवस्था में वाहन न चलाने दें 'आपका जीवन अमूल्य है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा OBT प्राइवेट लिमिटेड की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया गया।'सड़क पर सावधानी, घर में खुशहाली! 'सुरक्षित ड्राइविंग करें। हेलमेट पहनें। सीट बेल्ट बांधें। नियम तोड़ने वालों को रोकें।

## अपर पुलिस अधीक्षक, के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान



**भदोही** अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन मे, शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक, के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के दृष्टिगत- दिनांक 25.11.2025 को महिला सुरक्षा दल/एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद चुनार मीरजापुर

पत्राकः 335/ई-निविदा सूचना / रा0से0सी0 ज0नि0यो0/2025-26 दिनांक. 24-11 2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से आनलाईन निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट httpÑ//etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा 2 बिड, टेक्निकल व फाईनेनिशयल बिड के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। निविदा संबंधी समस्त प्रपत्र लिफाफा में सीलबंद कर के दिनांक 17/12/2025 को प्रातः 11:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा दिनांक 17/12/2025 को अपरान्ह 01:00 बजे खोली जाएंगी। यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

**ई-निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है।**

| निविदा की आनलाईन उपलब्धता | निविदा अपलोड करने की तिथि | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि | फाईनेन्शियल बिड खालने की तिथि |
|---|---|---|---|
| दिनांक 26.11.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से दिनांक 16.12.2025 को सायं 6:00 बजे तक | दिनांक 26.11.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से दिनांक 16.12.2025 को सायं 6:00 बजे तक | दिनांक 17.12.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे से | टेक्निकल बिड खोलने के पश्चात फाईनेन्शियल विड खोली जायेगी। |

(विजय कुमार यादव)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद चुनार
मीरजापुर

(मंसूर अहमद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद चुनार
मीरजापुर

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेसी महिला नेत्री के निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक

**नैनी प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी पूर्व सचिव वैभवी जोशी ऊर्फ इंदुबाला की माता व जिला महिला कांग्रेस कमेटी की कई बार जिला महासचिव रही फूलकली चौधरी का सोमवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है।कांग्रेस नेता विवेक पांडे ने कहा की उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय छति हुई हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने शोक संवेदना को व्यक्त करते हुए बताया कि फूलकली चौधरी विगत 40 वर्ष पुरानी कांग्रेसी नेत्री थी और कांग्रेस की ओर से आयोजित रहें संघर्ष में निरंतर ही अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया करती थी, संघर्ष की राह में कई बार जेल भी जा चुकी थी उनके निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच में एक लड़ाकू योद्धा की कमी हमेशा बनी रहेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से मृत आत्मा शान्ति हेतू ईश्वर से प्रार्थना किया गया।वही इस दुःख की घड़ी मे परिवार को ढाडस बँधाया गया।इस निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, मोहम्मद यूनुस अंसारी,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश महासचिव व प्रयागराज मण्डल प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय,शहर महासचिव अंजुम नाज,नबाब खाँ, इंजिनियर विजय कुशवाहा, ओम प्रकाश शर्मा, रामधारी यादव, अनिल रावत, पास्टर विनोद जैकाब, अजय कुशवाहा, सहित आदि कांग्रेस मौजूद रहें।

## ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत प्रयागराज में मोबाइल चोरी करने वाली शातिर महिला गिरफ्तार

**ब्यूरो प्रयागराज।** 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने प्रयागराज जंक्शन पर मोबाइल चोरी में लिप्त एक शातिर महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।दिनांक 23 नवम्बर 2025 को प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर रैक सुरक्षा ड्यूटी के दौरान रेलवे सुरक्षा बल की महिला कांस्टेबल कुसुम यादव की निगाह एक महिला पर पड़ी जो संदिग्ध रूप से यात्रियों के बीच घूम रही थी। सतर्कता बरतते हुए कांस्टेबल ने उक्त महिला को रोककर पूछताछ की, जिसमें उसने एक यात्री का Vivo कंपनी का मोबाइल फोन (कीमत लगभग 14,000/-) चोरी करना स्वीकार किया। घटना की जानकारी तुरंत राजकीय रेलवे पुलिस (GRP), प्रयागराज को दी गई। RPF एवं GRP की संयुक्त टीम ने पूछताछ में महिला की पहचान पूजा (उम्र 31 वर्ष, निवासी - बलिया) के रूप में की। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करते हुए चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया।

## मिशन शक्ति व साइबर अपराध जागरूकता अभियान का आयोजन




**नैनी,प्रयागराज।** स्थित इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आईटीआई के छात्र-छात्राओं के लिए यातायात विभाग, थाना औद्योगिक कमिश्नरेट प्रयागराज एवं अपराध निरोधक समिति प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को यातायात नियमों, महिला सुरक्षा,मिशन शक्ति तथा साइबर अपराध के प्रति सजग करना रहा।कार्यक्रम में उप निरीक्षक यातायात इन्द्र पाल वर्मा ने यातायात नियमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार व समाज में भी इसका संदेश प्रसारित करने की अपील की। वहीं थाना औद्योगिक से मिशन शक्ति की प्रतिनिधि कु. कुसुम गुप्ता ने छात्राओं को वर्तमान में बढ़ रही घटनाओं से अवगत कराते हुए सुरक्षा उपायों की जानकारी दी और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री जी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध,ऑनलाइन ठगी और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में समिति सचिव संतोष कुमार, जनसंपर्क अधिकारी शोएब आलम, कार्यक्रम संयोजक यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा एवं संदीप सोनी के साथ राम प्रकाश प्रजापति सक्षम विश्वकर्मा गौरव विश्वकर्मा की प्रमुख भूमिका रही।आईटीआई संस्थान में विशेष एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु जिन पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया, उनमें कौसर (समन्वयक), प्रभाकर तिवारी (निदेशक प्लेसमेंट), फेबियन जोसेफ (कंप्यूटर अनुदेशक), अंकित यादव (प्रयोगशाला प्रभारी), सीमा (दाई) एवं अमितेश (सुरक्षा गार्ड) बाबुल शामिल रहे।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे प्राप्त जानकारी को अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाकर एक सुरक्षित, जागरूक एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में योगदान दें।

# टूटे रिश्तों को दुष्कर्म बताने की आदत चिंताजनक, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपराध की गंभीरता कम होती है

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने नाकाम या टूटे रिश्तों को दुष्कर्म या अन्य अपराध का रूप दिए जाने को परेशान करने वाली आदत बताते हुए कहा कि ऐसे मामले में आपराधिक न्याय प्रणाली का गलत इस्तेमाल चिंता की बात है। ऐसे ही दुष्कर्म के एक आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, हर खराब रिश्ते को दुष्कर्म का जुर्म बताना न सिर्फ अपराध की गंभीरता को कम करता है, बल्कि आरोपी पर कभी न मिटने वाला कलंक लगाता है और गंभीर अन्याय करता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (24 नवंबर) को एक वकील के खिलाफ रेप का केस खारिज कर दिया। उस पर शादी का झूठा झांसा देकर एक महिला के साथ बार-बार रेप करने का आरोप था। यह देखते हुए कि सेक्स सहमति से हुआ था, शादी के किसी झूठे वादे से प्रभावित नहीं था, कोर्ट ने महिला के आरोपों को झूठा पाया और यह सहमति से बने रिश्ते के बाद में खराब होने का एक क्लासिक उदाहरण है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि दुष्कर्म का अपराध सबसे गंभीर किस्म का है और इसे सिर्फ उन्हीं मामलों में लगाया जाना चाहिए जहां असल में, जबरदस्ती या बिना सहमति के यौन हिंसा हुई हो। पीठ ने कहा, एक अच्छे रिश्ते के दौरान बने शारीरिक संबंधों को सिर्फ इसलिए दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता क्योंकि रिश्ता शादी में नहीं बदल पाया। हालांकि पीठ ने यह भी कहा कि कानून को उन असली मामलों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए जहां भरोसा टूटा हो और इज्जत का उल्लंघन हुआ हो।

कोर्ट ने कहा, इस कोर्ट ने कई मौकों पर इस परेशान करने वाली आदत पर ध्यान दिया है, जिसमें नाकाम या टूटे हुए रिश्तों को अपराध का रंग दे दिया जाता है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे समाज में जहां शादी का गहरा सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व होता है, वहां यह आम बात है कि एक महिला इस विश्वास के आधार पर सेक्सुअल रिलेशनशिप के लिए सहमति दे देती है कि इससे कानूनी और सामाजिक रूप से स्वीकृत शादी होगी। ऐसे हालात में, उसकी सहमति शर्तों पर होती है और शादी के वादे पर आधारित होती है। कोर्ट ने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि वादा झूठा था, गलत नीयत से किया गया था, और शादी करने का कोई असली इरादा नहीं था, बल्कि सिर्फ महिला का शोषण करने के लिए था, तो ऐसी सहमति को गलत माना जा सकता है, जिसके लिए ढ्ढक्कष्ट की धारा 376 के तहत सुरक्षा मिलती है। साथ ही, कोर्ट ने चेतावनी दी कि यह नियम तभी लागू किया जा सकता है जब इसके सपोर्ट में भरोसेमंद सबूत और ठोस तथ्य हों, न कि सिर्फ आरोपों या अंदाज़ों पर। शीर्ष कोर्ट ने एक शख्स की अपील पर अपने फैसले में यह टिप्पणी की। इस शख्स ने बॉम्बे हाई कोर्ट के मार्च, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें छत्रपति संभाजीनगर में अगस्त 2024 में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की उसकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। शीर्ष कोर्ट ने कहा, इस मामले में दुष्कर्म का आरोप पूरी तरह शिकायतकर्ता महिला के इस दावे पर टिका है कि आदमी ने शादी का झूठा भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि यह मामला ऐसा नहीं है जिसमें अपीलकर्ता ने प्रतिवादी महिला को सिर्फ शारीरिक सुख के लिए फुसलाया और फिर गायब हो गया।

यह रिश्ता तीन साल तक चला, जो लंबा समय है। पीठ ने कहा, ऐसे मामलों में, एक सही चलते रिश्ते के दौरान हुई शारीरिक निकटता को सिर्फ इसलिए दुष्कर्म का अपराध नहीं माना जा सकता क्योंकि रिश्ता शादी में नहीं बदल पाया। पीठ ने कहा, हमें इस बात का एहसास है कि हमारे देश में शादी का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व है। ऐसे में कानून को उन असली मामलों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए जहां भरोसा तोड़ा गया हो और इज्जत को ठेस पहुंचाई गई हो, ताकि पहले के भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म के लिए सजा) का सुरक्षा का दायरा असल में परेशान लोगों के लिए सिर्फ एक औपचारिकता बनकर न रह जाए। साथ ही, इस सिद्धांत का इस्तेमाल भरोसेमंद सबूतों और ठोस तथ्यों पर आधारित होना चाहिए, न कि बिना सबूत वाले आरोपों या नैतिक अंदाजों पर। कोर्ट ने कहा कि रिस्पॉन्डेंट नंबर-2 का फिजिकल इंटिमेसी का फैसला सिर्फ शादी के वादे की वजह से नहीं था। कोर्ट ने महेश दामू खरे बनाम महाराष्ट्र राज्य के फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि 'जब तक यह नहीं दिखाया जा सकता कि फिजिकल रिश्ता सिर्फ शादी के वादे की वजह से था, जिससे फिजिकल रिश्ते से सीधा संबंध हो और उस पर किसी और बात का असर न हो, तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि गलतफहमी की वजह से सहमति खराब हुई थी।' पीठ ने कहा, हाईकोर्ट यह समझने में नाकाम रहा कि प्राथमिकी को सीधे पढ़ने से ही पता चलता है कि पार्टियों के बीच रिश्ता असल में आपसी सहमति से बना था। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जिन कामों की शिकायत की गई है, वे उस समय अपनी मर्जी से बने रिश्ते के दायरे में हुए थे। प्राथमिकी और आरोपपत्र रद्द करते हुए पीठ ने कहा, ऐसे मामलों में अभियोजन जारी रखना कोर्ट मशीनरी का गलत इस्तेमाल करने जैसा होगा। अभियोजन के मुताबिक, एक महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और बाद में एलिमनी/मेंटेनेंस की मांग करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। इसी सिलसिले में वह अपीलकर्ता शख्स से मिली जो वकील है। समय के साथ, उनके बीच करीबी रिश्ता बन गया। महिला का कहना था कि संबंधित व्यक्ति ने उससे शादी की इच्छा जताई थी, लेकिन तब शादीशुदा जीवन में परेशानियों के कारण, उसने प्रस्ताव ठुकरा दिया। बाद में महिला गर्भवती हो गई। उसका गर्भपात करा दिया गया। बाद में महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया लेकिन तब अपीलकर्ता ने इससे इंकार कर दिया।

## बंगाल में वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग और बीजेपी के बीच मिलीभगत



### ● प्रदर्शनकारी बीएलओ का आरोप।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** कोलकाता में सोमवार रात उस समय नाटकीय घटनाक्रम हुआ जब बीजेपी कार्यकर्ताओं के एक समूह का पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सामने बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के एक फोरम के प्रदर्शनकारी सदस्यों से आमना-सामना हो गया। इस दौरान पुलिस ने बीच-बचाव किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'बीएलओ अधिकार रक्षा समिति' के कई सदस्य सोमवार को दोपहर से ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे थे और उनका आरोप था कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान उन पर ''काम का अत्यधिक बोझ'' है। मामला तब बिगड़ गया जब कोलकाता नगर निगम (केएमसी) पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में लगभग 50 बीजेपी कार्यकर्ता रात 11 बजे मौके पर पहुंचे और सीईओ कार्यालय में बंद चुनाव आयोग के अधिकारियों को डराकर एसआईआर प्रक्रिया को रोकने के तृणमूल कांग्रेस के कथित प्रयास के खिलाफ नारे लगाने लगे। स्थिति तब बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारी बीएलओ ने जवाबी नारे लगाए और बीजेपी पर ''पश्चिम बंगाल में वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग के साथ मिलीभगत'' से काम करने का आरोप लगाया।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ता ''शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बीएलओ को आतंकित करने और भड़काने की कोशिश कर रहे थे, जो केवल सीईओ से मिलना चाहते थे।'' घोष ने दावा किया, ''प्रदर्शनकारी बीएलओ नहीं हैं। वे तृणमूल समर्थित संगठनों के नेता हैं।''बीएलओ फोरम के सदस्यों ने आरोपों को खारिज कर दिया। जब दोनों समूह मीडियाकर्मियों के सामने एक-दूसरे पर कटाक्ष कर रहे थे तभी उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी के नेतृत्व में एक पुलिस बल उनके बीच खड़ा हो गया ताकि वे टकराव होने से रोक सकें। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल रात करीब 11.40 बजे अपने कार्यालय से बाहर निकले। वे बीएलओ के धरने के कारण कार्यालय में ही थे।उन्होंने देर रात के घटनाक्रम पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन तनाव उस समय कम हो गया जब उन्हें और निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारियों को पुलिस ने उनके आवासों तक पहुंचाया।

## आत्मस्वीकृति और घर से शव बरामदगी के बावजूद मिली जमानत पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी सरकार-आरोपी से जवाब तलब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में हत्या के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हस्तक्षेप करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्य आरोपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने यह आदेश तब दिया जब उसे बताया गया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान स्वयं गला घोंटकर हत्या करने की बात स्वीकार की थी। शव भी उसके ही घर से बरामद हुआ था, बावजूद इसके इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उसे जमानत दे दी। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने पीड़िता की मां की याचिका पर अधिवक्ता राजेश जी. इनामदार और शाशवत आनंद की दलीलें सुनने के बाद राज्य सरकार और आरोपी आशीष गौतम उर्फ अरविंद कुमार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका के अनुसार, 35 वर्षीय राजकेसर चौधरी की हत्या के मामले में आरोपी ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसने जूट की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की और शव को अपने नव-निर्मित घर के सेप्टिक टैंक में छिपा दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वहीं से सड़ी-गली लाश बरामद की, जिसकी पहचान परिजनों और स्वतंत्र गवाहों ने की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना और अन्य कारण बताया गया है, जो स्पष्ट रूप से हत्या की पुष्टि करता है। याचिका के अनुसार, 2 सितंबर 2025 को हाईकोर्ट ने आरोपी को लंबी हिरासत, धीमी ट्रायल प्रक्रिया और जेलों में भीड़ का हवाला देते हुए जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने इसमें आर्थिक अपराधों से संबंधित फैसलों का हवाला भी दिया। इसकी आलोचना करते हुए याचिका में कहा गया कि यह हत्या जैसे जघन्य अपराधों के संदर्भ में बिल्कुल अनुपयुक्त था। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट ने जगजीत सिंह बनाम आशीष मिश्रा के निर्णय का उल्लंघन किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पीड़ित पक्ष को हर चरण पर सुना जाना अनिवार्य है। याचिका में हाईकोर्ट के आदेश को कानूनी रूप से विकृत और तथ्यों की अनदेखी करने वाला बताया गया है। पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य और आरोपी से पूछा कि ऐसे भयावह और प्रमाणिक साक्ष्यों वाले केस में जमानत देने की परिस्थितियां क्या थीं? मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा



**नैनी ,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के अरैल स्थित सच्चा बाबा आश्रम के समीप सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।जिसमे सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ कथा के मुख्य जजमान शंकर लाल पांडे अरैल निवासी कथा व्यास आचार्य श्री राघवेंद्र जी श्रीधाम वृंदावन के द्वारा भागवत का कथा किया जाएगा। प्रतिदिन 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से शंकर लाल पांडे,तापसी आश्रम के महंत श्याम दास महाराज, डॉक्टर चंद्रदेव मिश्रा, आनंद पांडे, बृजेश पांडे, दिवाकर पांडे, देवी दीना यादव ,बृजेश यादव, धीरज यादव ,आत्म प्रकाश यादव ,नरसिंह मुखिया, श्रीकांत पांडे, नरहरि पांडे ,त्रिभुवन, महेंद्र शर्मा ,ध्रुव तिवारी, मिथिलेश, अशोक संगम तिवारी,कलश यात्रा मे शामिल रहे।

## आपराधिक कानून बदला लेने का जरिया नहीं हो सकते ; सुप्रीम कोर्ट ने कहा- निजी फायदे के लिए सिस्टम का दुरुपयोग न हो

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपराधिक कानून, निजी फायदे के लिए या बदला लेने का जरिया नहीं बन सकते। कोर्ट ने उस प्रवृत्ति की निंदा की जिसमें कुछ लोग अपने निजी फायदे के लिए न्यायिक प्रणाली का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने गुवाहाटी के एक कारोबारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और धारा 406 (भरोसा तोड़ने का अपराध) के तहत दर्ज आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए ये बातें कहीं। यह देखते हुए कि हाल के वर्षों में कुछ लोग अपने निजी फायदे और अपने गलत इरादों को पूरा करने के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, पीठ ने कहा, कोर्ट को ऐसी प्रवृत्ति के खिलाफ सतर्क रहना होगा और यह पक्का करना होगा कि हमारे समाज के ताने-बाने पर बुरा असर डालने वाले कामों को शुरू में ही खत्म कर दिया जाए। शिकायत और सबूतों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कारोबारी इंदर चंद बागरी के खिलाफ धोखाधड़ी और भरोसा तोड़ने के अपराध के लिए कोई आधार नहीं बनता है और शिकायत करने वाले जगदीश प्रसाद बागरी के पास विवादित संपत्ति की सेल डीड को रद्द करने और अपने कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के उल्लंघन के लिए हर्जाने का दावा करने के लिए सिविल कानून के तहत दूसरे उपाय मौजूद हैं। पीठ ने कहा, आपराधिक कानून को निजी बदला लेने की कार्रवाई शुरू करने का मंच नहीं बनना चाहिए। इंदर चंद बागरी पर गलत मंशा का आरोप नहीं लगाया जा सकता इसलिए, अभियोजन की ओर से उनके खिलाफ लगाए गए आरोप टिक नहीं सकते। पीठ ने यह देखते हुए कि भरोसा तोड़ने के अपराध और धोखाधड़ी में अंतर है, पीठ ने कहा, धोखाधड़ी के लिए, गलत या गुमराह करने वाली बात कहने के समय, यानी शुरू से ही आपराधिक मंशा जरूरी है, वहीं भरोसा तोड़ने के अपराध में, सिर्फ भरोसा तोड़ने का सबूत ही काफी है। इस तरह, भरोसा तोड़ने के अपराध में, अपराधी को कानूनी तौर पर संपत्ति सौंपी जाती है और वह बेईमानी से उसका गलत इस्तेमाल करता है। दूसरी ओर धोखाधड़ी के मामले में अपराधी धोखे या बेईमानी से किसी व्यक्ति को संपत्ति देने के लिए उकसाता है। पीठ ने कहा, ऐसी स्थिति में, दोनों अपराध एक साथ नहीं हो सकते क्योंकि दोनों एक दूसरे के उलट हैं। पीठ ने कहा, इन बातों और कारणों को देखते हुए, हमारी पक्की राय है कि अपील करने वाले-आरोपी (इंदर चंद बागरी) के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई जारी रखने से उसे बेवजह परेशान किया जाएगा क्योंकि धारा 406 या 420 के तहत अपराध के लिए पहली नजर में कोई मामला नहीं बनता। शिकायत करने वाले ने अपीलकर्ता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं, लेकिन वह इस कोर्ट के सामने उन्हें सही साबित करने में नाकाम रहा है। ऐसे में शीर्ष कोर्ट ने कारोबारी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई रद्द करने से इन्कार करने वाले गुवाहाटी हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा, इससे न्यायिक प्रणाली खासकर क्रिमिनल कोर्ट पर बेवजह दबाव पड़ेगा।



## गौहनिया कर्मा रोड पर लावारिस बाइक मिलने से सनसनी, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा घूरपुर थाना क्षेत्र में स्थित गौहनिया-करमा मार्ग पर एक लावारिस बाइक मिलने से हड़कंप मच गया है। सड़क किनारे पड़ी इस बाइक को देखकर ग्रामीणों में पहले संशय था, लेकिन अब नए सुराग मिलने के बाद पुलिस भी एक्टिव हो गई,और मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार देर रात सड़क की ओर से तेज ब्रेक लगने और किसी वस्तु के गिरने की आवाज सुनाई दी थी। हालांकि, अंधेरा और सुनसान इलाका होने के चलते कोई भी बाहर नहीं निकला।अगली सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे,तब उन्होंने बाइक को सड़क किनारे झाड़ियां में आधा दबा हुआ पाया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाइक की तलाशी ली, लेकिन उसमें ना तो कोई मोबाइल फोन मिला और ना ही पहचान। संबंधित दस्तावेज बाइक का टूल बॉक्स भी खुला हुआ था।जिससे पुलिस को संदेह है कि कोई व्यक्ति जल्दबाजी में कुछ निकालकर यहां से फरार हुआ है। जांच के दौरान पुलिस को पास की कच्ची सड़क पर घसीटने जैसे निशान भी मिले हैं। इससे यह आशंका लगाई जा रही है कि हादसे के बाद बाइक को घसीटकर झाड़ियों के पास रखा गया है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस मार्ग में रात को अक्सर चोरी,राहजनी, शराब तस्करी और अवैध परिवहन से जुड़े वाहन गुजरते हैं ऐसे में यह भी संभावना है कि यह बाइक किसी संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोगों की हो,और पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए यहां छोड़ दिया गया हो। घूरपुर पुलिस टीम ने बाइक मिलने के बाद आसपास के खेतों और नहर किनारे भी सघन तलाशी अभियान चलाया।इसका उद्देश्य यह



पता लगाना था कि कहीं कोई व्यक्ति घायल अवस्था में तो नहीं पड़ा है।हालांकि, अभी तक कोई व्यक्ति या कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है।पुलिस बाइक के मालिक की पहचान करने में जुटी है। बाइक की नम्बर प्लेट और इंजन नम्बर की जानकारी विभिन्न जिलों में भेजी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मालिक की पहचान कर उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा, ताकि , घटना की गुत्थी सुलझाई जा सके।

## ममता का भाजपा पर तीखा प्रहार: मुझे हराने का दम नहीं, चुनाव आयोग अब बीजेपी कमीशन



विधानसभा चुनाव अभी कुछ महीने दूर हैं। उससे पहले बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सियासत गरमा गई है। इसी माहौल में मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोंगांव में एक सभा की। एसआईआर विरोधी रैली में ममता ने कहा कि भाजपा राजनीतिक रूप से मेरा मुकाबला नहीं कर सकती और न ही मुझे हरा सकती है। उन्होंने कहा कि 'इलेक्शन कमीशन' अब एक निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है, यह 'बीजेपी कमीशन' बन गई है।

## जूनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में प्रयागराज की बालिकाओं ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** जूनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 नवंबर से 23 नवंबर तक डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई में आयोजित की गई थी इसमें उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में प्रयागराज ने गोरखपुर को मिनिमम चेस विधि से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया प्रयागराज ने अपने पुल में बांदा, गौतम बुध नगर और कौशांबी को हराया इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने के लिए राधेश्याम मौर्य,अंकित कनौजिया,विकास कुमार यादव को आमंत्रित किया गया था विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार रहे , ईशा (कप्तान



)पायल , मान्या जायसवाल ,ब्यूटी द्विवेदी ,अनुष्का ग्रहरी , अक्षत, रिवाशी रावत , मानसि, आराधना, सत्या यादव .सुरुचि, इच्छा सभी विजेता खिलाड़ियों का प्रयागराज आगमन पर अरुण प्रताप सिंह (सचिव भानु प्रताप स्पोर्ट्स एकेडमी ) एवं रूपेंद्र सिंह ने सम्मान किया गया। सभी खिलाड़ी प्रतिदिन भानु प्रताप स्पोर्ट्स एकेडमी के खेल मैदान पर राधेश्याम मौर्य कोच के दिशा निर्देशन में अभ्यास करते हैं।

## सीमा सुरक्षा के साथ लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे रही एसएसबी - विधायक

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में 66वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल हरिवंशपुर एसएसबी के कमांडेंट विपलव के कुशल नेतृत्व में ग्राम पंचायत रसियावल खुर्द में नागरिक कल्याण एवं सिलाई प्रशिक्षण का विधायक श्याम धनी राही द्वारा उद्घाटन कर 21 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर बन सकेंगे आत्म निर्भर, कहा कि यह कार्यक्रम सीमावर्ती विद्यालयों के छात्र- छात्राओं में स्वालंबी बनने के प्रति रुचि को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। इससे बच्चों में देश के प्रति राष्ट्रीय भावना जागृत होगी। आयोजित इस कैम्प में आने जाने से बच्चों में देश के प्रति प्रेरणा जागृत होगी। कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट कार्तिकेन, प्रभारी निरीक्षक सुखलाल राय , दलजीत ,धीरेन्द्र नाथ शुक्ला व बबलू पांडे प्रधान प्रतिनिधि, अभिषेक पांडे सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

## सामान्य भविष्य निधि कार्यशाला/ अदालत में जी पी एफ प्रकरणो को समय से प्रेषितकर समयावधि के अंतर्गत करने हेतु अवगत कराया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** ऑडिट दिवस के अंतर्गत महालेखाकार (ले. एवं हक.) प्रयागराज के द्वार सामान्य भविष्य निधि खाता धारकों को सुगम पूर्वक भुगतान किए जाने के उद्देश्य से आज वरिष्ठ उप महालेखाकार अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय के संगम सभागार प्रयागराज में मंगलवार को सामान्य भविष्य निधि कार्यशाला/अदालत का आयोजन किया गया। बैठक में उपमहालेखाकर श्री विजय सिंह पंवार, मुख्य कोषाधिकारी प्रत्युष कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह सहित महालेखाकार प्रयागराज के सहायक लेखाधिकारी श्री अवनीश कुमार, श्रीश शुक्ला, जितेंद्र कुमार सिंह जनपद के विभागों के आहरण वितरण अधिकारी, लेखाधिकारी आदि उपस्थित रहे। वरिष्ठ उप महालेखाकार अभिषेक कुमार ने कोषाधिकारियों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए समस्त जीपीएफ प्रकरणो को समय से प्रेषित करने हेतु तथा ऑनलाइन प्रेषित प्राधिकार पत्रों पर भुगतान समयावधि के अंतर्गत करने हेतु अवगत कराया। सामान्य भविष्य निधि से संबंधित सभी भुगतान ऑनलाइन हो गई है जिसे आहरण वितरण अधिकारी समय समय पर जांच कर सकते है तथा इसका लाभ सभी अभिदाताओ को सहज रूप से प्राप्त करा सकते है।



जीपीएफ कार्यशाला/अदालत के दौरान कर्मचारियों के जीपीएफ मिसिंग, जीपीएफ भुगतान एवं लम्बित मामलों, एनपीएस से जीपीएफ में स्थानांतरण कार्यों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरण, जीपीएफ सम्बन्धी खाता एवं अन्य संबंधित मुद्दे पर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ जीपीएफ कार्यशाला/अदालत के दौरान आने वाली अन्य समस्याओं पर भी जानकारी दी गई। उपमहलेखाकर श्री विजय सिंह पंवार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्त की गई।

## राह चलते महिला से हुई छेड़खानी, थाने में दी गई तहरीर

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना बारा क्षेत्र के अंतर्गत ललई मार्ग पर महिला से छेड़खानी का प्रकरण सामने आया है। महिला ने चामू ग्राम के एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त व्यक्ति आए दिन परेशान करता रहा है। पैसे का लालच देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश कई बार कर चुका है। शनिवार दोपहर ललई मार्ग पर रास्ते में भद्दी टिप्पणी करने पर महिला ने विरोध कर दिया। जिस पर उक्त व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों में गाली दी,और जान से मारने की धमकी दी। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर महिला किसी तरह थाने पहुंची। महिला ने बताया कि बारा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बारा पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कैबिनेट का फैसला: बिहार बनेगा AI का हब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की होगी स्थापना



**पटना।** बिहार को कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार बिहार ने राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना करेगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जानकारी दी कि सरकार नई तकनीकों का समावेश कर नवाचार के माध्यम से राज्य के विकास को संकल्पित है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में स्थापित हो रही है। लिहाजा यह आवश्यक हो गया है कि शोध, नवाचार और इस क्षेत्र में अग्रणी उद्योग एवं संस्थाओं का सहयोग प्राप्त कर राज्य को कृत्रिम बुद्धिमता जैसे वैश्विक परिवर्तनकारी क्षमता रखने वाले क्षेत्र में बिहार को अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। इसका फायदा यह होगा कि सामाजिक, आर्थिक एवं क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विशेषता बताई और कहा कि एआई और उसके उपयोग से संबंधित नीति का निर्धारण हो सकेगा तथा संस्थानीकरण भी होगा। अग्रणी उद्योगों, संस्थानों की भागीदारी से राज्य में एआई परिस्थितिकी का निर्माण किया जा सकेगा। राज्य में एआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, शासन व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, नगर विकास, परिवहन, एवं उद्योग जैसे क्षेत्रों में तंत्र का विस्तार हो सकेगा। अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर शोध, पेटेंट तथा उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। फेलोशिप, रेजिडेंसी तथा विशेषज्ञ कार्यक्रम से दीर्घकालिक प्रतिभा को बढ़ावा मिलेगा। नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए ओपन डाटा को बढ़ावा दिया जाएगा। तकनीकी संस्थानों के माध्यम से शिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उत्तरदायी एआई इको सिस्टम से संबंधित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### उल्टे चोर कोतवाल को...; पटना में स्कूटी चोर को पकड़ना पुलिस अफसर के लिए पड़ा महंगा

**पटना सिटी।** सुल्तानगंज थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु दारोगा बीएनआर के समीप सब्जी खरीद रहे थे। उसी दौरान एक चोर उनकी स्कूटी चोरी कर भागने लगा। प्रशिक्षु दारोगा ने हिम्मत दिखा स्कूटी चोरी कर भाग रहे वाहन चोर को पकड़ा। गुस्साए चोर ने अपने साथियों को जमा कर लिया और दारोगा जी पर हमला कर दिया। उन्हें इतना मारा कि दारोगा जी बेहोश हो गए। इसके बाद उनकी जेब से 11 सौ रुपये भी निकाल लिए। प्रशिक्षु दारोगा ने आधा दर्जन से अधिक हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है।

**सब्जी खरीदने गए थे पुलिस अधिकारी**

सुल्तानगंज थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु दारोगा चंद्रकिशोर झा ने प्राथमिकी में बताया कि 22 नवंबर को सुबह लगभग 8:30 बजे थाना से अपनी स्कूटी से बीएनआर के समीप सब्जी खरीदने गए। लगभग 8:45 बजे सब्जी खरीदने के दौरान एक युवक उनकी स्कूटी लेकर फरार होने लगा। यह देख उन्होंने खदेड़ कर चोर को पकड़ा। पकड़ाए चोर की पहचान आलमगंज थाना के शेरशाह रोड सकरी गली निवासी संजीत कुमार उर्फ सोनू के रूप में हुई।चोर डरने की जगह दारोगा जी को ही धमकाने लगा। उसने तुरंत अपने भाई मंजीत कुमार उर्फ मोनू समेत अन्य आधा दर्जन युवकों को बुला लिया। उसके बाद उनलोगों ने पुलिस अधिकारी पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वे संभल नहीं पाए। उनका सिर फट गया वे लहूलुहान हो गए। उनकी हालत बेहोशी जैसी हो गई। वे उठ नहीं पा रहे थे।

**मारपीट के बाद रुपये भी ले भागे**

प्रशिक्षु दारोगा ने बताया कि हमलावरों ने जेब से ग्यारह सौ रुपये निकाल लिया और मारपीट करते हुए फरार हो गए। जब होश आया तो सुल्तानगंज थाना को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद थाना के गश्ती दल मौके पर पहुंच कर घायल प्रशिक्षु दारोगा को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। उनकी पसली और सिर में चोट है। इलाज के बाद प्रशिक्षु दारोगा ने दोनों भाई संजीत उर्फ सोनू, मंजीत उर्फ मोनू तथा आधा दर्जन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। पुलिस आरोपितों की खोज में छापेमारी कर रही है।

## चौपारण प्रखंड के दादपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### ● लोगों ने उत्साह के साथ लिया भाग, कई आवेदनों का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के दादपुर, डेबो और गोबिंदपुर पंचायतों में आयोजित एक दिवसीय शिविरों में ग्रामीणों की बड़ी भीड़ उमड़ी। तीनों पंचायतों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याओं व शिकायतों को रखकर त्वरित समाधान की उम्मीद जताई। प्रशासनिक टीम ने भी मौके पर कई मामलों का ऑन-स्पॉट निपटारा कर लोगों को राहत दी। दादपुर पंचायत में शिविर का उद्घाटन बीडीओ नितेश भास्कर, वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी मेहता, भाजपा नेता विकास यादव के पिता गोबिंद यादव, जेएमएम नेता बीरेंद्र राणा, मुखिया गंदौरी दांगी, पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रह्लाद सिंह, जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अब्दुल कलाम, समाजसेवी मो. तौफीक और प्रतिनिधि पवन दांगी की उपस्थित में किया गया। डेबो पंचायत के शिविर में एलआरडीसी अजय भगत, सीओ संजय यादव, मुखिया सरिता देवी, पूर्व मुखिया मोहन साव मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। वहीं, गोबिंदपुर पंचायत में शिविर का शुभारंभ एलआरडीसी अजय भगत, सीओ संजय यादव, बीडीओ नितेश भास्कर और मुखिया उमा देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तीनों शिविरों में जमीन-पर्चा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना और अन्य सरकारी लाभों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण मामलों की ऑन-स्पॉट जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू की, जिससे ग्रामीणों में संतोष देखा गया। अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को तेज गति से निपटाना और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक तुरंत पहुँचाना है। ग्रामीणों ने भी शिविर में मिल रही सुविधाओं पर प्रसन्नता जताते हुए ऐसे कार्यक्रम बार-बार आयोजित करने की मांग की। इस दौरान एक शिकायत सामने आई कि शिविर स्थल के बाहर मइया सम्मान योजना के दो-पृष्ठीय फॉर्म को कुछ लोग 30-30 रुपये में बेच रहे थे। इस पर बीडीओ नितेश भास्कर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा। फोटो कॉपी दुकानदार निर्धारित दर पर ही फॉर्म बेचेंगे। काला बाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तीनों पंचायतों में आयोजित शिविर ग्रामीणों की भारी भागीदारी और प्रशासन की सक्रियता के कारण सफल रह

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ, थाना राजापुर एवं थाना पहाड़ी पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपियों को कुल 60 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी खण्डेहा उपनिरीक्षक राहुल पाण्डेय व उनके हमराही आरक्षी मनीष यादव द्वारा आरोपी लाला उर्फ अवधेश निवासी ग्राम नीवी थाना मऊ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक रमेशचन्द्र तिवारी व उनके आरक्षी राघवेन्द्र पटेल द्वारा आरोपी अनिल सोनकर निवासी मुहल्ला कारखाना कस्बा व थाना राजापुर को 20 क्वार्टर शराब के साथ तथा थाना राजापुर के उपनिरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह व उनकी टीम आरक्षी कमलेश कुमार, दीपक कुमार एवं महिला आरक्षी प्रियंका सिंह द्वारा आरोपी रमेशचन्द्र निवासी भुईहरीमाफी कोतवाली कर्वी को 20 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## मधुपुर के पाँच प्रवेश मार्गों पर लायंस क्लब ने लगाए सड़क सुरक्षा जागरूकता बोर्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मधुपुर, देवघर, झारखंड:-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए मधुपुर के पाँच प्रमुख प्रवेश मार्गों पर स्वागत एवं यातायात जागरूकता बोर्ड स्थापित किए हैं। ये बोर्ड मधुपुर-गिरिडीह रोड, मधुपुर-देवघर रोड (ला ओपाला फैक्ट्री मार्ग), मधुपुर-सारठ रोड, मधुपुर-सारवां रोड और मधुपुर-मार्गोमुंडा रोड पर लगाए गए हैं। विशेष परावर्तक (रिफ्लेक्टर) सामग्री से निर्मित इन बोर्डों पर सुरक्षित ड्राइविंग, गति सीमा का पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, नशामुक्त वाहन संचालन तथा यातायात अनुशासन जैसे संदेश प्रमुखता से अंकित हैं। इनका उद्देश्य दिन हो या रात, यात्रियों तक स्पष्ट और प्रभावी रूप से सुरक्षा संदेश पहुँचाना है। क्लब के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने बताया कि सड़क सुरक्षा आज एक गंभीर सामाजिक मुद्दा है और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मधुपुर सदैव सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों में अग्रणी रहा है, और यह पहल उसी श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की। इस कार्य को सफल बनाने में क्लब सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, सह-सचिव लायन राजेश तिवारी सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। क्लब की यह पहल शहर में एक सकारात्मक और जागरूक वातावरण विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## श्रद्धालुओं ने निकाली शोभा यात्रा




**पहाड़ी, चित्रकूट:** ग्राम पंचायत अशोह में हो रहे अखंड सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। पंडित आदर्श मिश्रा हर्ष भारद्वाज मोहित की अगुवाई में निकली यह कलश यात्रा अशोह से पहाड़ी होते हुए ओवरी के रास्ते पुनः अशोह गांव कार्यक्रम स्थल पहुंची। पहाड़ी आगमन पर यात्रा में श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत बजरंग दल के जिला संयोजक प्रणव भारद्वाज, गौ रक्षा प्रमुख विमल, समाज सेवी राजेंद्र तिवारी, साहिल सहित दर्जनों श्रीराम भक्तों ने किया। इस दौरान सनातन बन्धुओं के द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत और जलपान की व्यवस्था कराई गई। यहां आचार्य व्यास महाराज का माल्यार्पण, आरती करके यात्रा को सकुशल रवाना किया गया।

## सेवा के अधिकार सप्ताह के आलोक में प्रखण्ड के तीन पंचायतों में शिविरों का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़िया प्रखण्ड के तीन पंचायतों – बीच पहाड़ी, खाकसा एवम् गनपूरा – के पंचायत सचिवालयों में 25 नवंबर को सेवा का अधिकार सप्ताह के आलोक में 2025 झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया। पंचायत सचिवालयों में आयोजित शिविरों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप शील, पंचायतों के सचिव, रोजगार सेवक, पंचायतों की मुखिया, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। शिविरों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने शिविर के उद्देश्यों की सविस्तार जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों से सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। लोगों ने वृद्धावस्था पेंशन, आंबुआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान सहित अन्य योजनाओं के लिए आवेदन जमा किया। शिविरों का आयोजन विभिन्न पंचायतों में 21 से 28 नवंबर तक किया जायेगा। प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में सेवा शिविरों के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है।

विशेष रूप से वृद्ध, वृद्धा तथा मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से वंचित महिलाओं में अधिक प्रसन्नता दिखाई दे रही है।

## बलिया ददरी मेला: मेले में की मस्ती, सामान की भी खरीदारी लग्न के सामानों का भी बिक्री मेले में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** महर्षि भृगु की धरती पर ऐतिहासिक ददरी मेले भीड़ बढ़ती जा रही है। मेले अच्छी भीड़ रही है। परिवार संग लोगों ने मेले में पहुंच कर आनंद उठाया। सामान की खरीदारी की। इससे मेले में पूरे दिन चहल-पहल बनी रही है। मेले में उमड़ी भीड़ को देखते हुए व्यापारी भी खुश दिखे इन दिनों मेले में दुकानें भी सुबह 9 बजे तक सज गई थीं। सुबह लोग जल्द आने लगे। मेले में सुबह ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बस, ट्रेन समेत अन्य साधनों से मुख्यालय पहुंच गए। मेले में सुबह से उमड़ी भीड़ एक छोर से दूसरे छोर तक लोग मेले का आनंद लेने के बाद चाट, गुड़ही जलेबी समेत अन्य व्यंजनों का आनंद लिया। झूला, मौत का कुआं व जलपरी के पास सबसे अधिक भीड़ देखी गई। बच्चों ने छोटे झूले तो बड़ों ने खतरनाक झूले पर आनंद लिया। सुनामी झूला देखने के लिए भीड़ लगी रही लेकिन चढ़ने की हिम्मत हर कोई नहीं दिखा पा रहा था। इधर, महिलाएं श्रृंगार व घरेलू सामान की खरीदारी में जुटी रही। गर्म कपड़ों की दुकानों पर लोगों ने शॉल, कंबल, चादर आदि खरीदे। छुट्टी के कारण बच्चों की संख्या मेले में अधिक दिखी। झूला, चर्खी, मौत का कुआं, जलपरी, ड्रैगन ट्रेन का लुत्फ लेने के लिए लोगों को कतार में खड़े होकर टिकट लेना पड़ा। युवा गुब्बारे पर निशाना लगाते रहे।

**भूले बिसरे को पुलिस ने मिलाया**

भीड़ में अधिकांश परिवार के लोग एक दूसरे से बिछड़ जा रहे थे। वे तत्काल पुलिस की मदद लेते थे। पुलिस इनके परिवार के सदस्यों को मिलाने का काम करती रही, इसमें सबसे अधिक बच्चे थे। इस दौरान 12 परिवार के सदस्यों को मिलाया गया।

**खेती-किसानी के सामान की भी बिक्री**

घरेलू उपयोग में आने वाले जरूरत की चीजों के अलावा खेती किसानी से जुड़ा सामान सामान मेले में उपलब्ध है। खुरपी, हसुआ, चौकी, बेलन आदि की दुकानें लगी हैं। एक ओर जहां आकर्षक पंडालों में सजी-धजी दुकानें हैं, वहीं दूसरे हिस्से में पारंपरिक अंदाज में टेंट-तिरपाल लगाकर बिना किसी तामझाम के बिलकुल शांत व गंवई अंदाज में भी बहुत सी दुकानें सजी हुई हैं।

**सज गया भारतेंदु कला मंच**

ऐतिहासिक ददरी मेले में तीन बड़े चौराहे प्रशासन की तरफ से बनाए गए हैं। मेले में एक लेन से दूसरी लेन में जाने लोग चौराहे से होकर निकलते हैं। प्रशासन व नगर पालिका परिषद की तरफ से बनाए गए तीन चौराहों का नाम भारतेंदु कला मंच, महर्षि भृगु मुनि चौराहा व दर्दर मुनि चौराहा रखा गया है। इन चौराहों को आकर्षक रूप से सजाया गया है।

## ड्यूटी के दौरान युवक को गंभीर हेड इंजरी, चिकित्सकों ने बताया ब्रेन हेमरेज

### ● सांसद, विधायक ने ली घटना की जानकारी, कंपनी प्रबंधन से की बातचीत

### विधायक प्रतिनिधि, जीप प्रतिनिधि समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कंपनी से की वार्ता, सहयोग का मिला आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही के लोहार टोली, धनबाद रोड निवासी छोटू यादव उर्फ़ वेद प्रकाश यादव पिता स्व. भोला यादव की तबीयत अचानक खराब हो जाने के बाद उनका जीवन संकट में है। सोमवार देर रात उनकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार छोटू यादव रियाडा स्थित शालीमार प्लेट फील्ड्स लिमिटेड, कोनरा में कार्यरत थे। सोमवार देर रात ड्यूटी आवर में उन्हें गंभीर हेड इंजरी हो गई, जिसके कारण उनकी स्थिति लगातार खराब होती गई। रांची स्थित स्टेनफोर्ड अस्पताल में विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने ब्रेन हेमरेज की पुष्टि की है। वर्तमान में वह आईसीयू में भर्ती हैं और उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया है कि उपचार में काफी खर्च आएगा। छोटू यादव का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और इतने बड़े उपचार का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है। इस कारण परिजनों ने समाज के लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से आगे आकर आर्थिक सहयोग की अपील की है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने तुरंत मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी सूचना सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव को दी। जनप्रतिनिधियों ने कंपनी के मालिक और सुपरवाइजर से युवक के समुचित इलाज के लिए सहयोग सुनिश्चित करने को कहा। मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर के नेतृत्व में परिजन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कंपनी के सुपरवाइजर से मुलाकात की। कंपनी प्रबंधन और वर्कर टीम ने भी जहां तक संभव हो सके उपचार में सहयोग का आश्वासन दिया। बरही और आसपास के क्षेत्रों में घटना को लेकर चिंता का माहौल है। स्थानीय लोग छोटू यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं और कई लोग मदद को आगे आ रहे हैं।फिलहाल उनका इलाज रांची के स्टेनफोर्ड अस्पताल में जारी है, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नज़र बनाए हुए है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, छोटन ठाकुर, मो यूसुफ, सिक्की यादव, पंकज वर्णवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बुंडू गांव में सनसनी हत्या, परिवार में मातम और गांव में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**केरेडारी, हजारीबाग, झारखण्ड:-** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के बुंडू पंचायत अंतर्गत बबुभाबर टोला के एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय रूपलाल कसमाली पिता करमा कसमाली के रूप में हुई है। अपराधियों ने सीने में लगातार पांच गोलियां मारी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम कराने के लिए हजारीबाग भेज दिया। पूरे गांव में इस वारदात के बाद गहरी दहशत का माहौल है और लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रूपलाल समाज में शांति प्रिय और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वह मंडा पूजा व गांव के अन्य पूजा-पाठ में हमेशा सक्रिय रहते थे, उनकी किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी भी नहीं थी।पुलिस और प्रशासन हर बिंदु पर जांच कर रही है तथा परिजनों और ग्रामीणों से लगातार पूछताछ की जा रही है। अभी तक इस वारदात के कारणों का कोई स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, न ही अपराधियों का कोई सुराग मिला है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई है और मामले को शीघ्र सुलझाने का प्रयास जारी है।रूपलाल की हत्या ने न केवल उनके परिवार को गहरे दुख में डाल दिया है, बल्कि पूरे गांव में असुरक्षा की भावना फैला दी है। लोग अब अपने घरों में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। गांव में शोक की लहर है और हर कोई इस जघन्य हत्या के कारण व्यथित है। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## प्रियंका कुमारी के परिजनों को मिला न्याय, मर्डर केस में पति के साथ सास-ससुर दोषी करार

**औरंगाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पांच उमेश प्रसाद की अदालत ने दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या में पति, सास एवं ससुर को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने घटना को लेकर हसपुरा थाना में वर्ष 2024 में कराई गई प्राथमिकी में सुनवाई करते हुए मंगलवार को जेल में बंद बेबीपुर गांव निवासी पति विकास कुमार, उसके पिता योगेंद्र राजवंशी और मां जोखन देवी को दोषी पाया है। अपर लोक अभियोजक शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि सास एवं ससुर के बंधपत्र को न्यायालय ने विखंडित कर जेल भेजने का आदेश दिया है। सजा की बिंदु पर 29 नवंबर 2025 सुनवाई होगी। बताया गया कि मामले की प्राथमिकी ओबरा थाना क्षेत्र के चेचाड़ी गांव निवासी नंद राजवंशी ने 10 अक्टूबर 2023 को हसपुरा थाना में कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री प्रियंका कुमारी की दहेज के लिए दोषी करार आरोपितों के द्वारा हत्या कर दी गई थी। दहेज के लिए सभी उनकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। सात अक्टूबर 2023 को पिटकर हत्या कर दिया। हत्या के बाद आरोपितों ने शव को जलाने का प्रयास किए पर सूचना पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। इसी मामले में न्यायालय का फैसला आया है। पति पहले से जेल में बंद हैं।

## बरही के तीन पंचायतों में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, कुल 1,759 आवेदन हुए प्राप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड में आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के तहत बरसोत, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव और रानीचुंवा पंचायतों में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। तीनों पंचायतों में मिले कुल 1,759 आवेदन में से अधिकांश का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जिससे लोगों में संतोष देखा गया। शिविरों की निगरानी प्रखंड विकास पदाधिकारी बरही द्वारा की गई। बरसोत पंचायत में कुल 694 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 641 ऑनलाइन दर्ज किए गए और 193 का निपटारा मौके पर किया गया। सबसे अधिक 430 आवेदन अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के तहत आए। इसके अलावा आय प्रमाण-पत्र 4, जन्म प्रमाण-पत्र 1, मृत्यु प्रमाण-पत्र 1, जाति प्रमाण-पत्र 45, नया राशन कार्ड 27, भूमि मापी 2, भूमि धारण प्रमाण-पत्र 2, वृद्धा पेंशन 140, विधवा पेंशन 140 तथा स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र 37 आवेदन दर्ज हुए। पंचायत में कुल 80 आवेदन ऑनलाइन लंबित हैं। बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत में कुल 446 आवेदन प्राप्त हुए, जिन सभी को ऑनलाइन दर्ज किया गया। इनमें से 397 आवेदनों का निपटारा मौके पर ही हो गया। अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के 311 में से 268 आवेदनों का समाधान किया गया। आय प्रमाण-पत्र 6, जन्म प्रमाण-पत्र 1, जाति प्रमाण-पत्र के 35 आवेदन भी दर्ज किए गए। दाखिल-खारिज के 1 और भूमि मापी के 5 आवेदन इन प्रोसेस में हैं। वृद्धा पेंशन 54, विधवा पेंशन 1 और स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र के 33 आवेदन पूरी तरह निष्पादित किए गए। रानीचुंवा पंचायत में 619 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 608 ऑनलाइन दर्ज किए गए और 414 का निपटारा मौके पर किया गया। अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के 429 में 233 का समाधान हुआ, जबकि 11 आवेदन अभी लंबित हैं। आय प्रमाण-पत्र 2, जन्म प्रमाण-पत्र 5, मृत्यु प्रमाण-पत्र 1, जाति प्रमाण-पत्र 64 तथा स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र 60 आवेदन दर्ज हुए। वृद्धा पेंशन 52 और विधवा पेंशन 1 आवेदन भी शामिल रहे। ग्रामीणों ने शिविरों में तेज एवं पारदर्शी सेवा उपलब्ध होने पर प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, बसरिया पंचमाधव मुखिया नीलम देवी, रानीचुंवा मुखिया मूर्ति देवी, प्रतिनिधि हरेंद्र गोप समेत प्रखण्ड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

## 23 दिनों से लापता दलित नाबालिग बच्ची के विरोध में भीम आर्मी का प्रतिवाद मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) के आह्वान पर दलित समाज की एक नाबालिग बच्ची के 23 दिनों से लापता होने के विरोध में अम्बेडकर चौक से सदर थाना हजारीबाग तक एक विशाल प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व भीम आर्मी हजारीबाग जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मा. संजय रविराज भी उपस्थित रहे। प्रतिवाद मार्च का उद्देश्य पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना तथा मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग करना था। मार्च में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। भीम आर्मी ने मांग किया कि लापता बच्ची की खोज के लिए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया जाए। जांच प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखते हुए हर प्रगति की जानकारी परिवार को उपलब्ध कराई जाए। भविष्य में ऐसे मामलों की रोकथाम हेतु सुरक्षा एवं निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जाए। भीम आर्मी ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन जल्द ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो संगठन व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। संगठन ने कहा कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रतिवाद मार्च में जिला सचिव अरबिंद कुमार दास, नरेश राम, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, कामिल भाई, कुंदन कुमार दास, राहुल अम्बेडकर सहित कई जिला अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रखंड स्तरीय टीमों में दारू प्रखंड अध्यक्ष बब्लू मेहरा एवं उनकी टीम, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश दास एवं उनकी टीम, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार दास एवं उनकी टीम, चुरचू प्रखंड प्रभारी शुनिल कुमार दास एवं उनकी टीम, इचाक प्रखंड प्रभारी सुधीर कुमार दास एवं उनकी टीम,बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव एवं उनकी टीम साथ ही सैकड़ों कार्यकर्ता और आमजन इस मार्च में शामिल हुए और एक स्वर में कहा कि जब तक बच्ची सुरक्षित बरामद नहीं हो जाती, आंदोलन जारी रहेगा। ममता का भाजपा पर तीखा प्रहार: मुझे हराने का दम नहीं, चुनाव आयोग अब बीजेपी कमीशन विधानसभा चुनाव अभी कुछ महीने दूर हैं। उससे पहले बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सियासत गरमा गई है। इसी माहौल में मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोंगांव में एक सभा की। एसआईआर विरोधी रैली में ममता ने कहा कि भाजपा राजनीतिक रूप से मेरा मुकाबला नहीं कर सकती और न ही मुझे हरा सकती है। उन्होंने कहा कि 'इलेक्शन कमीशन' अब एक निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है, यह 'बीजेपी कमीशन' बन गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीफ लोगो को लेकर यातायात पुलिस ने किया जागरूक



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर जन जागरूकता अभियान के तहत बधिर वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत, बधिर चालक/कान के प्रतीक चिन्ह योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। इसका उद्देश्य बधिर चालकों की पहचान सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं को कम से कम करना है। बधिर चालकों के वाहनों पर यह विशेष प्रतीक चिन्ह लगाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। यह चिन्ह अन्य वाहन चालकों को सूचित करेगा कि वाहन का चालक बधिर है। इससे वे अधिक सावधानी बरतेंगे और हॉर्न के बजाय दृश्य संकेतों का उपयोग करेंगे। जिससे स्वयं के साथ साथ बधिर चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया व नियम विरुद्ध वाहन का संचालन करने वालों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 141 वाहनों का चालान किया गया।

### नपाध्यक्ष ने श्रीराम बारात का किया स्वागत



ललितपुर। नगर में निकली गई श्रीराम बारात का नपाध्यक्ष सोनाली जैन के नेतृत्व में घंटाघर पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। वहीं बारात में चल रहे सभी श्रद्धालुओं को फल वितरण व जलपान कराया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। आज भगवान श्रीराम व माता सीता विवाह पंचमी का दिन है। नगर पालिका द्वारा श्रीराम बारात में शामिल समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए फल वितरण व जलपान की व्यवस्था की गई है व सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया है। इस दौरान अध्यक्ष महोदया द्वारा रथ पर सवार श्रीराम व लक्ष्मण के स्वरूप को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान मुन्नालाल जैन, विवेक जैन, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, लिपिक अभिषेक चौबे, लिपिक दीपेंद्र कुमार, लिपिक सुधीर रावत, अमित रैकवार, हितेंद्र रैकवार, सहित पालिका के अन्य कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से सब्जी विक्रेता का पैर टूटा

ललितपुर। जुगपुरा डाकघर के पास रहने वाली निशा राज पत्नी भूपेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पति सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। बीती 21 नवम्बर को वह रात करीब 8 बजे पति भूपेन्द्र अहिरवार के साथ सब्जी का ठेला लेकर वापस घर आ रही थी। तभी अचानक एक अपाचे मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 ए.ई. 7181 के चलाक हरनाम सिंह ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुये मोड पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति का दाहिना पैर टूट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना को देखा और उसके पति को जिला अस्पताल ले गये, जहां पति का ऑपरेशन बताया। इस घटना के बाद से पति की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुलिस का चेकिंग अभियान तेज, बैंकों-एटीएमों की सघन जांच

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में मंगलवार को जनपदभर के थाना प्रभारियों ने बैंकों, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों व पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग की। बैंक परिसरों में सुरक्षा गार्डों की तैनाती व सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच की गई। थाना सलेमपुर से लेकर जिले के सभी थानों की टीमों ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी।

# डोंगराखुर्द फीडर की एक सप्ताह से बिजली गायब, फसलें बर्बाद होने की कगार पर

●डीएम ने तत्कालसंज्ञान लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए निर्देश

कथित लाइनमैन की मनमानी और वसूली के आरोप, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

विकास खंड महरौनी के सौजना फीडर की खुली लापरवाही, विभागीय कार्रवाई की मांग तेजऔर वसूली के आरोप, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

विकास खंड महरौनी के सौजना फीडर की खुली लापरवाही, विभागीय कार्रवाई की मांग तेज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। विकासखंड महरौनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोगरा खुर्द से जुड़े सौजना विद्युत फीडर में पिछले एक सप्ताह से लगातार बिजली आपूर्ति बंद है, जिससे क्षेत्र के किसानों की रबी फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। खेतों में सिंचाई न होने से गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसलों भारी नुकसान झेल रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती के पीछे लाइनमैन की मनमानी जिम्मेदार है। ग्रामीणों के अनुसार एक व्यक्ति जो स्वयं को लाइनमैन बताता है, बिजली आपूर्ति को जानबूझकर नियंत्रित करता है और अपने चहेते लोगों को ही प्राथमिकता देता है। आरोप है कि यह पूरे दिन में सिर्फ 10 से 30 मिनट के लिए ही बिजली बहाल करता है, जबकि कई बार बिजली बिल्कुल भी नहीं मिलती। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त कथित लाइनमैन किसानों से अवैध वसूली करता है और पैसे लेने पर ही लाइन बहाल करने की बात कहता है। स्थानीय किसानों में कडोरे, सामन सूरज, उजवक सिंह, दीवान हिमांशु राजा तथा ग्राम डोगरा खुर्द के सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायतों के बाद भी विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

ग्रामीणों का कहना है कि सौजना फीडर पर रोस्टर के अनुसार सप्लाई देने की जगह मनमानी बिजली कटौती की जा रही है, जिससे सिंचाई पूरी तरह ठप है। बिजली न मिलने की वजह से क्षेत्र में फसल बर्बादी का खतरा बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने जल्द ही रोस्टर के अनुसार नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल एवं कथित लाइनमैन के खिलाफ विभागीय जांच और कानूनी कार्रवाई की जाये।

# हरे बांस मंडप छाए.. सिया जू को राम ब्यान आए

●श्रीराम की निकली अद्भुत भव्य बारात

नगर वासियों ने पुष्प वर्षा के साथ किया बारात का स्वागत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तालबेहट। विवाह पंचमी के अवसर पर नगर के मंदिरों में श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर रात्रि में भगवान राम की भव्य बारात निकाली गई। राम बारात का नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। बारात के आगमन उपरांत वैदिक विधि विधान से टीका, जयमाल, कन्यादान की रस्में की गई।

नगर के प्रसिद्ध मदन मोहन मंदिर, मोहन लालजी मन्दिर, हजारिया महादेव मन्दिर तथा श्रीराम मन्दिर साहू समाज मंदिर में आयोजित श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव आयोजित किए गए। श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव में लगुन, तेल, मंडप की सभी रस्में परम्परागत विधि विधान से सम्पन्न होने के बाद को मंगलवार की शाम भव्य राम बारात निकाली गई। जिसमें अश्व रथ पर सवार श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन सहित ऋषि मुनियों के स्वरूप बारात में विशेष शोभायान हो रहे थे। आकर्षक झाकियों के साथ जगत जननी सीता को ब्याहने गुरु विश्वामित्र के साथ रथ पर सवार होकर जब भगवान श्रीराम परिजनों सहित रथ पर सवार हो कर निकले तब उनकी मनोहारी छवि निहारने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। डीजे और बैंड बाजों की धुनों पर हरे बांस मण्डप छाए,सिया जू का राम ब्याहन आए के गीतों पर नर नारी थिरकते हुए खुशियां मना रहे थे।

दूल्हा बने राम का जगह जगह आरती बंदन कर तिलक लगाकर स्वागत किया। कस्बा के विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों ने राम बारात का भव्य स्वागत सत्कार किया। पुराने पेट्रोल पम्प तिराहे पर युवा जागृति मंच कार्यकर्ताओं ने श्रीराम बारात का भव्य आरती पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। श्रीराम की बारात बड़ा बाजार, बस स्टेंड, रामलीला मैदान, पेट्रोल पम्प, सरफयाना होते हुए बड़ा बाजार बालाजी मन्दिर के समीप जनक पुरी पहुंची जहां बारात आगमन पर महिलाओं ने मंगल गीत गाये। बारात में जगह जगह मनोहारी आतिशबाजी की गई। इसके के बाद मन्दिर में श्रीराम सिया की विवाह की सभी परम्परागत रश्ते वैदिक मंत्रों के बीच सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के अवधेश पुजारी, कैलाश नाथ गुप्ता, रामनारायण पाठक, नवल बिलगैंया, अरूण पाठक, रविन्द्र गुप्ता नीटू, धर्मेन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र सोनी, विजय सोनी बबलू, शिवम सोनी, पवन सोनी, बंटी नामदेव आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पिंजरों में रखे गये तोतों का किया रेस्क्यू

●आईबीसीएस व वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। झांसी के बबीना में भारतीय जैव-विविधता संरक्षण सोसायटी (आईबीसीएस) और वन विभाग की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण रेस्क्यू अभियान चलाकर उन तोतों को मुक्त कराया, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा पालतू रूप में पिंजरों में रखा गया था। सूचना प्राप्त होते ही टीम तत्काल पहुँची और सभी पक्षियों को सुरक्षित निकालकर वन विभाग की कस्टडी में ले लिया। रेस्क्यू किए गए पक्षियों में रोज़-रिंग्ड पैराकीट व् पल्म हेडेड पाराकीट प्रजातियाँ शामिल थीं। लोग इन्हें सुंदर रंग, चहक और आवाज की नकल करने की क्षमता के कारण पालतू बनाते हैं जो की पूरी तरह अवैध है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कानूनी प्रावधान भारत में सभी देशी तोते सूचीबद्ध हैं। किसी भी देशी पैराकीट को पकड़ना, रखना, पालतू बनाना, खरीदना-बेचना या परिवहन करना कानूनन अपराध है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार दोषी पाए जाने पर 3 साल तक की कैद, या 25 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बार-बार अपराध करने पर सज़ा और भी कठोर हो सकती है। रेस्क्यू किए गए तोतों का स्वास्थ्य अवलोकन टीम के विशेषज्ञों ने कर के उनको प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया व् कुछ को निगरानी में रखा गया है। आईबीसीएस और वन विभाग ने जनता से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव को पिंजरे में न रखें, यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध कैद या पालतू रखना दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। वन्यजीवों की स्वतंत्रता और उनके प्राकृतिक व्यवहार का सम्मान करें। बबीना में किया गया यह संयुक्त रेस्क्यू अभियान वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है और स्थानीय स्तर पर व्यापक सराहना प्राप्त कर रहा है। इस अभियान में आईबीसीएस से डा.सोनिका कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह (जिला समन्वयक, आईबीसीएस-झाँसी ), हरेंद्र व् वन विभाग से कौशलेंद्र सिंह तोमर फॉरेस्टर, आकाश फॉरेस्टर गार्ड, रामदयाल फॉरेस्ट गार्ड, शेरसिंह न्यूनतम वेतन कर्मी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के लैपटॉप, टेबलेट व सरकारी फाइलें लेकर फरार हुआ ड्राईवर

●बारह नवम्बर की घटना, तेरह दिन बाद करायी गयी एफआईआर दर्ज

बीडीओ महरौनी, बीडीओ मड़ावरा, बीडीओ बिरधा का सामान व सरकारी दस्तावेज गायब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। गिन्नौट बाग में बारह नवम्बर को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में आधिकारिक रूप से शामिल होने के लिए आये खण्ड विकास अधिकारियों के कीमती सामान, लैपटॉप, टेबलेट और कार्यालय की महत्वपूर्ण फाइलों को लेकर कार चालक फरार हो गया। अधिकारियों की संवेदनहीनता का जीवन्त उदाहरण यह भी देखा गया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद भी फरार हुये ड्राइवर के भाई के कहने पर अभी तक मामले को दबाए रखा गया। जब मामला खुलता नजर आया तो भाड़े पर लगी कार के पंजीकृत स्वामी के जरिए ड्राईवर पर एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

मिर्चवारा में रहने वाले रामकुमार पुत्र करन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह बुलैरो गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.टी. 3828 का पंजीकृत स्वामी है। यह गाड़ी उसने विकास खण्ड बिरधा कार्यालय में लगायी थी। बुलैरो को चलाने की जिम्मेवारी ग्राम जिजयावन राधेश्याम पुत्र स्व.फूलसिंह को सौंपी गयी थी। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि वह बीती 12 नवम्बर 2025 को मुख्यालय स्थित गिन्नौट बाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुलैरो से, जिसे राधेश्याम चला रहा था के साथ गये हुये थे। यहां आरोप है कि अपराह्न करीब 2 बजे राधेश्याम वाहन में रखे हुये कीमती सामान व कार्यालय की महत्वपूर्ण पत्रावली का बैग लेकर फरार हो गया और फोन भी बंद कर लिया। काफी इंतजार करने के बाद विकास खण्ड बिरधा में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार ने बताया कि राधेश्याम 1.30 बजे से 2 बजे के बीच अचानक सामूहिक विवाह स्थल गिन्नौट से ही गाड़ी की चाबी पकड़ाकर यह कहते हुये चला गया कि अभी वापस आ जाऊंगा।

**इन अधिकारियों का यह सामान गया चोरी**

बीडीओ बिरधा द्वारा बताया गया कि उनका एप्पल कम्पनी का लैपटॉप कीमत 35 हजार रुपये, ऑफिस के सरकारी दस्तावेज ले गया। बीडीओ मड़ावरा के एच.पी. का लैपटॉप, साथ में ऑफिस के कुछ फाइलें सभी गायब हैं। बीडीओ महरौनी का टेबलेट 40 हजार रुपये का लेकर फरार है। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह स्थल पर भीड़-भाड़ के कारण अन्य अधिकारी जिसमें खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा, खण्ड विकास अधिकारी महरौनी के भी कीमती सामान लेकर फरार है।

**पुलिस को सूचना देने के बजाय परिजनों, रिश्तेदारों को खोजा**

उनके द्वारा सूचना मिलते ही ड्राईवर राधेश्याम की खोजबीन किया गया, उसके घर वालों व रिश्तेदारों और सगे भाई राजा भैया से भी कहा। लेकिन राधेश्याम का फोन बंद आने से किसी दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रही। तीन दिन बाद जब राधेश्याम के बड़े भाई राजा भैया ने बताया कि उसकी बात हो गयी है, वह जल्द आ जायेंगे, तब तक एफआईआर न करायें।

**राजाभैया ने साले से मिलकर राधेश्याम से कराया सामान चोरी**

रामकुमार ने आरोप लगाया कि राधेश्याम ड्राईवर था और उसके बड़े भाई राजा भैया ने अपने साले ग्राम मड़वारी निवासी चन्द्रपाल पुत्र शेर सिंह यादव के माध्यम से सारा सामान लेकर गायब कराया। यह भी बताया कि चन्द्रपाल का मोबाइल भी बंद जा रहा है।

**12 नवम्बर की घटना तेरह दिन बाद हुयी दर्ज**

इस घटना को लेकर बताया जा रहा है कि 12 नवम्बर को गिन्नौट बाग में हुयी, लेकिन पुलिस में जाने के बजाय अधिकारियों ने वाहन स्वामी द्वारा ड्राईवर के परिजनों से बात करने और खोजने में व्यवस्त रहे, लेकिन नियमानुसार कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज, जिनका खुलासा एफआईआर में नहीं किया गया है और लैपटॉप, टेबलेट जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण जानकारियां हो सकती हैं के गायब होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देकर एफआईआर दर्ज करायी जानी थी।

**पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना की शुरू**

कोतवाली पुलिस ने वाहन स्वामी रामकुमार की तहरीर पर ड्राईवर राधेश्याम के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में नगर के श्री राम बारात का हुआ आयोजन

●साथ ही सामूहिक आदर्श विवाह के साथ साथ नव युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पत्रिका विमोचन भव्य रूप से हुआ आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में नगर के स्थित तुवन प्रांगण में श्री राम बारात सामूहिक आदर्श विवाह के साथ साथ नव युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पत्रिका विमोचन भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज बंधुओं जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों व नवयुवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागी होकर इसे सफल बनाया। इस अवसर पर सामूहिक आदर्श विवाह के माध्यम से युवाओं के वैवाहिक जीवन के शुभारंभ को सामाजिक सरलता, पारदर्शिता और सामूहिक सद्भाव के साथ संपन्न कराया गया। सभी नव दंपतियों को महासभा द्वारा आवश्यक वैवाहिक सामग्री प्रदान की गई तथा आशीर्वचन हेतु उपस्थित वरिष्ठजन एवं संतजनों ने शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दूसरे चरण में नव युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से आए युवक-युवतियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय प्रस्तुत किया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में वैवाहिक परिचय प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और विश्वासपूर्ण बनाना रहा, जिससे योग्य युवक-युवतियों को एक-दूसरे को समझने का अवसर मिल सके।

आयोजन के दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि 'कुशवाहा समाज हमेशा से संगठन, शिक्षा और सामाजिक एकता के लिए अग्रसर रहा है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन न केवल आर्थिक रूप से समाज को सशक्त बनाते हैं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और सरलता का श्रेष्ठ उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का वातावरण मिलना चाहिए, जिसके लिए मैं सदैव प्रयासरत हूँ।' विधायक जी ने समाज की उन्नति हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया तथा युवाओं को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। 'संघठन ही समाज की वास्तविक शक्ति है। आज कुशवाहा समाज का हर वर्ग शिक्षित, संगठित और जागरूक हो रहा है। सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन समाज में नई सकारात्मक सोच और एकता का संदेश देता है।' उन्होंने समाज में शिक्षा, राजनीतिक सहभागिता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ाने पर जोर दिया। वर्मा जी ने पत्रिका विमोचन को समाज के बौद्धिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन पटेल जी ने अपने संबोधन में कहा 'युवा पीढ़ी समाज के भविष्य की धुरी है। योग्य युवक-युवतियों का पारदर्शी परिचय सम्मेलन समाज में वैवाहिक प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाता है। महासभा आगे भी युवाओं के लिए करियर मार्गदर्शन, शिक्षा सहायता और संगठन विस्तार जैसे कार्यक्रम करती रहेगी। श्रीमती शकुंतला कुशवाहा जी ने महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा

'किसी भी समाज की प्रगति उसकी महिलाओं के सशक्त होने से ही संभव है। महिला प्रकोष्ठ शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की मातृशक्ति को सशक्त बनाने हेतु निरंतर काम कर रहा है।'

उन्होंने महिलाओं की अधिक भागीदारी एवं नेतृत्व को बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी पदाधिकारियों और समाजबंधुओं के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का शुभ समापन हुआ। आयोजन की सफलता के लिए अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ललितपुर की पूरी टीम को सराहना मिली।

महासभा ने भविष्य में भी समाज के सर्वांगीण उत्थान हेतु ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा समाज के उत्थान, संगठन की गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर आधारित पत्रिका का विमोचन भी किया गया। पत्रिका विमोचन करते हुए मुख्य अतिथिगणों ने महासभा के प्रयासों की सराहना की तथा समाज में शिक्षा, संगठन, संस्कार और सहयोग की भावना को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के सामूहिक उत्थान, युवा मार्गदर्शन, शिक्षा प्रोत्साहन तथा एकजुटता को मजबूत बनाने के लिए आगे भी इसी प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन मंगल कामनाओं के साथ हुआ। कार्यक्रम में श्रीकांत कुशवाहा उपसभापति जिला सहकारी बैंक ललितपुर, पुरुषोत्तम कुशवाहा, सुजान कुशवाहा, रामू कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य, रमेश कुशवाहा नझाई नगर अध्यक्ष एवं समस्त समाज के माते मुखियागण, अधिवक्तागण, प्रधानगण एवं सम्मानित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### वृद्ध मां को गालियां देकर धमकाने का आरोप

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोतीखेरा निवासी राजू यादव पुत्र जगत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि कस्बा के मेला ग्राउण्ड चौराहा पर शिवानी मोबाइल नाम से दुकान है। प्रतिदिन की भांति वह सुबह 9.30 बजे अपनी दुकान पर पहुंच जाता हूं। 23 नवम्बर को भी अपनी दुकान पर था। सुबह 11 बजे उसकी पत्नी ने फोन करके बताया कि पड़ोस के भगवान सिंह पुत्र छंदीराम यादव, अवतार पुत्र छंदीराम यादव निक्की पुत्र भगवान सिंह बिना कारण उसकी मां मेंदा, पत्नी रजनी व भाभी शिवकुंवर पत्नी राजेन्द्र के साथ उलाहना देने पर गालियां दीं। माता ने जब मना किया तो थाने में दर्ज करायी गयी शिकायत को लेकर धमकाने लगे और मारने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# विश्व विरासत सप्ताह का हुआ समापन

●धरोहरों व पर्यटन स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता : राज्यमंत्री



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। विश्व विरासत सप्ताह अंतिम दिन क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी, इंटेक ललितपुर चैप्टर, बुन्देलखण्ड हेरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कॉलेज में राज्य मंत्री मनोहर लाल, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने समापन किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सारे विश्व में हमारे देश में सर्वाधिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल मौजूद है। जिनके संरक्षण एवं विकसित किये जाने की नितांत आवश्यकता है, जिससे विदेशी पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में हमारे देश आ सकें और देश का पर्यटन उद्योग और अधिक विकसित हो सकें। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जनपद में प्रदेश के सबसे अधिक धरोहर मौजूद है, जो सारे विश्व के सैलानियों को आकर्षित करने की क्षमता रखती है। अध्यक्षता करते हुए संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हम विरासत सप्ताह में अपनी अमूल्य विरासत और पर्यटन को संजोने एवं विकसित करने का संकल्प लें। इंटेक एवं हम सभी के मिले-जुले प्रयास से ललितपुर एक दिन पर्यटन का हब बनेगा, यहां प्रचुर मात्रा में युवाओं को रोजगार मिलेगा। बुन्देलखण्ड हेरिटेज सोसाइटी अध्यक्ष डा.एस.के. दुबे ने कहा कि हमारे धरोहर के सुरक्षित रहने से उनके अवलोकन के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों के माध्यम से भारत की संस्कृति का प्रचार विश्व स्तर पर होगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि यहां के पर्यटन स्थलों को विकसित किये जाने हेतु शासन पूरी तरह सजग है और इनके विकास हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की जा रही है। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी झाँसी मंडल डा.राजीव त्रिवेदी ने विभाग द्वारा पुरातत्व स्थलों के विकास की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। विरासत अभिरुचि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम प्रदीप यादव, द्वितीय प्रवेन्द्र कुशवाहा एवं तृतीय स्थान दीपेन्द्र सिंह रहे। इस दौरान डा.महेश झा, डा.सूफिया, डा.विनोद यादव, डा.रामलाल रैकवार, असि. प्रो.भजनलाल साहू, असि. प्रो. रामलखन यादव, असि. प्रो. सतीश साहू, असि. प्रो. सेजल पाराशर, असि. प्रो. रानू सिंह, असि. प्रो. प्रसन्न विश्वकर्मा, असि. प्रो. साहिबा, असि. प्रो. शीबा, असि. प्रो. रमाकांत सिंह, असि. प्रो. राहुल विश्वकर्मा सहित पुरातत्व विभाग के रमेश श्रीवास, महेंद्र कुमार, अभिषेक परिहार, रामचरण कुशवाहा, संजू, अरविन्द कुमार, साकेत जैन, विनोद कुमार एवं अमन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### पहाड़िया खंड में बालू खनन में अनियमितताओं के आरोप तेज, डीएम को सौंपा गया शिकायत पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





चित्रकूट। जिले के कर्वी तहसील अंतर्गत पहाड़िया और मऊ-ब क्षेत्र में बालू खनन को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। मामले को गंभीर बताते हुए एक विस्तृत शिकायत पत्र जिलाधिकारी चित्रकूट को सौंपा गया है। शिकायत में खनन पट्टाधारक पर तय सीमा से अधिक बालू निकालने, अवैध खनन कराने और नियमों को ताक पर रखकर डम्पिंग स्थल तैयार करने जैसे गंभीर आरोपों का जिक्र है। शिकायतकर्ता आयुष्मान त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि ग्राम पहाड़िया खंड में विवेक अवस्थी के नाम से जारी छह माह के अनुज्ञापत्र के तहत 11,000 घनमीटर बालू खनन की अनुमति दी गई थी। यह अनुज्ञापत्र जून 2025 में प्रभावी हुआ था। आरोप है कि सिर्फ जून महीने में ही पूरी मात्रा में उपलब्ध बालू निकाल ली गई और खनन से संबंधित MM-11 पास भी समाप्त हो गए। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्तमान में पहाड़िया खंड में खनन योग्य बालू शेष ही नहीं है।

शिकायत में दावा किया गया है कि पहाड़िया खंड के ठीक पास स्थित मऊ-ब क्षेत्र में अवैध ढंग से बालू खनन कराया जा रहा है। इसके लिए अवैध रूप से रास्ता भी बनाया गया है, जिससे ट्रकों का आवागमन लगातार जारी है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि पहाड़िया खंड के MM-11 पास समाप्त होने के बाद मऊ-ब क्षेत्र में रवि त्रिपाठी के नाम से नियम विरुद्ध डम्प तैयार किया गया है, जो नदी से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। खनन नियमों के मुताबिक किसी भी खनन क्षेत्र से डम्प की न्यूनतम दूरी पाँच किलोमीटर होनी चाहिए। बावजूद इसके, शिकायत के अनुसार मऊ-ब क्षेत्र में बनाए गए कथित डम्प से अन्य खदानों के MM-11 पास कटवाकर बड़े पैमाने पर बालू का परिवहन हो रहा है।

शिकायतकर्ता ने इसे सीधे-सीधे सरकारी राजस्व की करोड़ों रुपये की चोरी बताया है और कहा है कि अवैध खनन व परिवहन से शासन को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेने, आरोपितों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने और अवैध खनन को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है।जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज होने के बाद अब क्षेत्र में प्रशासनिक हलचल बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही राजस्व और खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय जांच किए जाने की संभावना है। स्थानीय लोगों में भी इस मामले को लेकर खासा आक्रोश देखा जा रहा है और वे निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में ईनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थानाध्यक्ष बाघराय श्रवण कुमार मय हमराह का0 परविन्द कुमार, का0 गौरव, चालक हे0का0 राजाराम सिंह द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में थाना बाघराय से संबंधित 5000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त रितिक पाण्डेय उर्फ पुष्पांकर पाण्डेय पुत्र राघवेन्द्र पाण्डेय उम्र करीब 25 वर्ष निवासी छत्ता का पुरवा झींगुर थाना महेशगंज प्रतापगढ़ को थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत भैसासुर मंदिर वहद ग्राम बारी के पास पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

## अभियान में गायब मिले शिक्षक का एसडीएम ने किया स्पष्टीकरण तलब



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंगलवार को एसडीएम ने कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रामपुर संग्रामगढ़ के नौढ़िया मतदेय स्थल पर तैनात प्राथमिक शिक्षक को गैरहाजिर देख एसडीएम का पारा चढ़ गया। नाराज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी को सम्बन्धित शिक्षक का स्पष्टीकरण लिये जाने के निर्देश दिये है। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बेलहा, खजुरी, नरायनपुर, कामापट्टी, शीतलमऊ आदि मतदेय स्थलों का भी निरीक्षण कर पुनरीक्षण अभियान की हकीकत खंगाली। एसडीएम ने अभियान में लगे सभी बीएलओ को घर घर जाकर मतदाता प्रपत्र पूर्ण कराये जाने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि यदि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में शिकायत मिली तो सम्बन्धित जिम्मेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अभियान को लेकर तहसीलदार गरिमा वर्मा तथा नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र ने भी कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

## मनरेगा के विकास कार्यो का हुआ सोशल ऑडिट



**सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास क्षेत्र बर्डपुर के ग्राम पंचायत गायघाट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना का सोशल ऑडिट मंगलवार को पंचायत भवन पर सम्पन्न हुआ। जिसके तहत ग्राम पंचायत में कच्चा एव पक्का कार्यो का आडिट हुआ। सोशल ऑडिट में श्रमिकों से कार्य के बारे मे जानकारी लेते हुए प्रभारी आडिट शिव प्रसाद ने कहा कि ग्राम सभा में जितने भी श्रमिक इस योजना के तहत कार्य किए हैं। उनको मजदूरी समय से मिला कि नहीं। कार्यो का स्थलीय सत्यापन किया गया। टीम के सदस्यों ने लोगों से एक - एक कार्य की जानकारी ली। कहा कि श्रमिकों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन का रोजगार मिलना चाहिए। मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों को कार्य मिलना चाहिए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश ने कहा कि मनरेगा के तहत करीब 40 लाख रुपया का कच्चा कार्य हुआ है। सभी श्रमिको के खाते में सरकार के तरफ से पैसा पहुच गया हैं। जो भी कार्य हुए उसके बारे में लोगो को विस्तार से जानकारी दिया। इए अवसर पर केसरी चौधरी, चिखुरी, हृदय राम, धर्मराज निषाद, राधेश्याम पासवान, दशरथ गुप्ता, सहदेव गुप्ता, मदन राजभर, राजेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मेमू ट्रेन का निरस्तीकरण रद्द, होंगी संचालित

**ललितपुर।** झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर पुराने वॉशेवल एप्रन को तोड़कर नए एप्रन के निर्माण के चलते झांसी से ललितपुर और बीना के मध्य मेमू ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, लेकिन अब यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन मेमू ट्रेनों का संचालन फिर से नियमित कर दिया गया है। 64616 झांसी-ललितपुर मेमू और ललितपुर से झांसी के मध्य चलने वाली 64615 मेमू अब 25 नवंबर से आठ जनवरी तक निरस्त नहीं रहेंगी बल्कि नियमित रूप से चलेंगी। इसी प्रकार ललितपुर से बीना के मध्य 64618 ललितपुर-बीना मेमू ट्रेन और 64617 बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन भी पूर्व की तरह संचालित होंगी। रेलवे झांसी के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की परेशानी और लगातार ट्रेनों की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बलरामपुर पुलिस का व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

### ● महिलाओं और बालिकाओं को दी गई कानूनी व सुरक्षा संबंधी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर बलरामपुर पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देश पर जिले के सभी थानों में गठित महिला सुरक्षा दल ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों तथा ग्राम स्तर पर पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स, कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान के दौरान महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपालों का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुना और तत्काल निस्तारण का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को वूमेन पॉवर लाइन–1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, एम्बुलेंस–108, चाइल्ड लाइन–1098, स्वास्थ्य सेवा–102, महिला हेल्पलाइन–181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076 और साइबर हेल्पलाइन–1930 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरण कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

स्थानीय थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली और उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी बताया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं आसानी से इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में नारी सम्मान व गरिमा को सुदृढ़ करना है। प्रशासन ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## तमंचा सटाकर गालीगलौज व जानलेवा धमकी का आरोप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर आरोपियों द्वारा तमंचा सटाकर पीड़ित के पुत्रों के साथ मारपीट को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना दुबान निवासी अखिलेश कुमार दुबे पुत्र स्व0 रामयश ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 24 नवंबर को वह निमंत्रण गया था। घर पर उसके दो पुत्र मौजूद थे। वह लोग पुराने घर से जा रहे थे। इस बीच रास्ते में चितरी गांव के दो आरोपियों ने पीड़ित के पुत्रों की बाइक जबरिया रोक कर तमंचा सटाकर जानलेवा धमकी दी। इसके बाद आरोपी उसके दरवाजे पर पहुंच गये तथा गालीगलौज करने लगे। दरवाजे पर आधा दर्जन आरोपियों ने उसके दरवाजे पर बाइक व अन्य सामानों में तोड़फोड़ भी की। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# 12 लाख रूपये की ठगी के मामले में अंतर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के प्रकरण में 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में नामजद वांछित अन्तर्जनपदीय अभियुक्त विमल पाण्डेय को कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।अन्तर्जनपदीय अभियुक्त विमल पाण्डेय को कमिश्नरेट लखनऊ, जनपद प्रतापगढ़ धोखाधड़ी, मारपीट, जालसाजी जैसे गंभीर अपराध दर्ज है।वादी निवासी बदायूँ द्वारा थाना कोतवाली नगर पर प्रार्थना पत्र दिया था कि अभियुक्त विमल पांडे पुत्र महेंद्र कुमार पांडे, निवासी जनपद प्रतापगढ़ द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आरओ एआरओ की नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर उनसे कुल 12,00,000 रुपए में 5,00,000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर एवं 7,00,000 रुपए नकद की धनराशि हड़प ली गई।अभियुक्त द्वारा फर्जी दस्तावेज एवं जाली ज्वाइनिंग लेटर प्रदान कर उन्हें भ्रमित किया गया तथा बाद में बहानों से टालमटोल करता रहा। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में धारा 319 (2)/318 (4)/338/336 (3)/340 (2) बीएनएस बनाम अभियुक्त विमल पांडे नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली नगर उप निरीक्षक अनुपम त्रिपाठी मय हमराह का0 रमाकान्त गौड़ द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ से संबंधित एक वांछित अभियुक्त विमल पाण्डेय पुत्र महेन्द्र प्रताप पाण्डेय निवासी ग्राम पूरे ईश्वरनाथ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरेईश्वरनाथ अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## कलाकार धर्मेन्द्र के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया दुःख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पद्म विभूषण से सम्मानित फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता एवं पूर्व सांसद धर्मेन्द्र के निधन पर गहरा दुःख जताया है। विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि धर्मेन्द्र ख्यातिप्राप्त कलाकार होने के साथ मृदुभाषी एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे। नेताद्वय ने कहा है कि लगभग तीन सौ फिल्मों में उन्होंने एक बेहतरीन कलाकार की प्रमुख भूमिका निभाकर सभी के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। नेताद्वय का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## दहेज हत्या मामले में महिला अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** दहेज हत्या के मामले में दर्ज केस में मंगलवार को उसका बाजार पुलिस ने एक और अभियुक्ता को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।पुलिस द्वारा मु0अ0स0 180/25 धारा 85/108 बीएनएस व 3 /4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित एक अभियुक्ता किसमती पत्नी भगवानदास निवासी ग्राम छितरापार थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।गौरतलब है कि जनपद पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत विश्वजीत सौरयान (क्षेत्राधिकारी सदर) के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे उसका पुलिस टीम ने दबिश देकर घटना में शामिल उक्त अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में आरक्षी पन्नेलाल,महिला आरक्षी माला मौर्या शामिल रही।

# गृहस्थी के सभी उपहार संग दुल्हने गई पिया के घर

### ●17वें सामूहिक विवाह सकुशल संपन्न होने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मीडिया परिवार सभी अतिथियों, सहयोगियों का बहुत-बहुत आभार- रोशनलाल उमरवैश्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 17वां सामूहिक विवाह सोमवार को देर रात सम्पन्न हुआ। सभी जोड़ों को पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने सभी जोड़ों को घड़ी पहनाई। सोने का मंगल सूत्र व चांदी की पायल सभी दुल्हनों को एसडीएम सदर नैंसी सिंह ने देकर आशीर्वाद दिया। सभी वर कन्याओं को आशीर्वाद नगरपालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, मुंगरा बादशाहपुर नगर पालिका के अध्यक्ष कपिल मुनि उमरवैश्य व समाज के पदाधिकारियों ने आशीर्वाद दिया।विवाह सकुशल संपन्न होने के पश्चात सभी दुल्हनों को सारी गृहस्थी के अलमारी, पंखा, कंबल, गद्दा, रजाई, चद्दर, ताला चाभी, लेमन सेट, सिंगारदान, साड़ी पांच, गिफ्ट तीन, सीलिंग फैन, कुकर, टीवी, 5 बर्तन, सिलाई मशीन, घड़ी, मंगलसूत्र, बिछिया, पायल, प्रेस, सिंगार दान, बेड, कलसा स्टील, लोटा, थाली, परात, लड्डू, खाजा आदि सामान दिया गया। विदाई की बेला में उपस्थित सभी दुल्हनों को समाज सभा महिला टीम की अध्यक्ष पुनम गुप्ता, महामंत्री रेखा उमरवैश्य ने नम आंखों से विदा किया।कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने पर संरक्षक समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य सभी सहयोगियों व जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधिगण, मीडिया परिवार,दान-दाताओं का सभी पदाधिकारियों का आभार जताया।रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि सभी के सहयोग से 17वां सामूहिक विवाह सकुशल संपन्न हुआ।अभी तक 450 कन्याओं का विवाह कराने का सौभाग्य समाज सभा को मिला है।150 से ज्यादा वर और कन्याओं के माता-पिता नहीं थे। सभी का कन्यादान करने का सौभाग्य सभी पदाधिकारियों मिल चुका है। समाज सभा के अध्यक्ष गुलाब चंद्र ने कहा कि देश भर से आये पदाधिकारियों और अतिथियों ने सहभागिता कर 17वें सामूहिक विवाह में चार-चांद लगा दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में राम जी, रोशनलाल उमरवैश्य, गुलाबचंद, जवाहरलाल बच्चा,राम अजोर उमरवैश्य, डॉ0 श्याम, हनुमान प्रसाद, महादेव, राकेश मेडीली, विश्वनाथ, जीत लाल, पवनेश, श्री राम महूली, अजय कुमार, दीपक सभासद, पवन सभासद, संतोष कुमार बब्लू, देवानंद, छेदीलाल, अमन गुप्ता व महिला टीम की संरक्षक महिमा गुप्ता,अध्यक्ष पूनम गुप्ता, महामंत्री रेखा उमरवैश्य,हनुमान प्रसाद, कैलाश नाथ, मदनलाल, अजय कुमार, दीपक कुमार सभासद, अवनीश कुमार, महादेव, डॉक्टर श्याम, शिव विलास, रामविलास, जीत लाल, स्वप्निल, रमेश चंद्र, उमाशंकर, श्री राम, आशीष कुमार, कृष्ण कुमार, देवेंद्र कुमार गुप्ता, पवन सभासद, लालता प्रसाद, कपिल मुनि, श्यामधर, दिलीप कुमार, सुरेश कुमार, जितेंद्र, प्रशांत, प्रत्यूष, आनंद कुमार, विष्णु कुमार, रामलाल, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, सियाराम, गुलाबचंद, दयाराम, राकेश कुमार, सुरेश कुमार, लखनलाल, अजय कुमार, जगदंबा प्रसाद, छोटेलाल, आदर्श कुमार आदि उपस्थित रहे।

# समारोहपूर्वक मनाया गया पं0 बद्रीधर द्विवेदी का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबागंज क्षेत्र के पूरे बुद्धीधर स्थित बीडी इण्टर कालेज के प्रांगण में मंगलवार को कई शिक्षण संस्थानों के संस्थापक रहे समाजसेवी स्व0 पं0 बद्रीधर द्विवेदी का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी व संस्थान के निदेशक डॉ0 विनय द्विवेदी एवं आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों के साथ समाजविदों ने परिसर में स्थित पं0 बद्रीधर द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि भी अर्पित की। बद्रीधर द्विवेदी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के बैनरतले रंगारंग कार्यक्रमों का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ। वहीं अयोध्या प्रसाद द्विवेदी डिग्री कालेज प्रयागराज, अयोध्या प्रसाद द्विवेदी लॉ कालेज प्रयागराज, बद्रीधर द्विवेदी टीचर्स एजूकेशन सेण्टर, भगवती देवी बालिका जूनियर हाईस्कूल पूरे बुद्धीधर, पीजी कालेज पूरे बुद्धीधर, बीडीएस पब्लिक स्कूल की छात्राओं मानवी तिवारी, स्मृति यादव, रिया गौतम, साक्षी तिवारी, खुशी यादव, वैष्णवी सिंह, जान्हवी, अंशिका मौर्या, फातिमा, कोमल, उषा पटेल आदि द्वारा भावनृत्य, एकांकी, प्रहसन, जागरूकता नाटक व संस्कृति एवं सदभावना पर आधारित भावपूर्ण सामूहिक प्रस्तुति देखकर अतिथि व अभिवावक मंत्रमुग्ध दिखे। बीडीएस पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्हें बच्चों की प्रस्तुतियां देख अभिवावकों की तालियां भी गूंज उठी। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने देश के निर्माण में ज्ञानवान तथा संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया। रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मेधावियों को लक्ष्य के प्रति प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ0 विनय द्विवेदी ने शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल व अनिल महेश तथा रावेन्द्र नाथ मिश्र, समाजसेवी अशोक पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य तीर्थराज शुक्ल को सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए मोमेण्टो व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। बीडीएस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या निशा द्विवेदी ने संस्थान से जुड़े शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अर्चना द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम निदेशक प्राग्ल्भ द्विवेदी ने आभार जताया। पूर्व प्रधानाचार्य राकेशधर द्विवेदी, पूर्वी मिश्रा, जिया कुशवाहा, अदिति शुक्ला, आदित्य द्विवेदी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। संचालन प्रधानाचार्य देवेन्द्रमणि तिवारी व प्राचार्य नरेन्द्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उमाशंकर त्रिपाठी, रामप्यारे शुक्ल, विमल सिंह, छोटे लाल मौर्य, सुरेन्द्रधर द्विवेदी, सत्य नारायण मिश्र, दिनेशधर द्विवेदी, जगदीश प्रसाद सरोज आदि रहे।

## बाजारों में बंदरों का उत्पात देख हलाकान हैं लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के वर्मा नगर क्षेत्र में बंदरों के उत्पात से लोग रोज परेशान हो रहे हैं। लालगंज तहसील मुख्यालय में भी बंदरों का उत्पात अधिवक्ताओं समेत यहां आने वाले वादकारियों को भी तंग किये हुए है। बंदरों के उत्पात से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गलियों, बाजार और घरों की छतों पर बंदरों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं। इसके कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। बंदरों के समूह द्वारा राहगीरों समेत लोगों के सामान को नुकसान पहुंचाने तथा खाद्य पदार्थों को छीनने की घटनाएं भी सामने आई हैं। वर्मा नगर चौराहे पर आधा दर्जन विद्यालय संचालित होते हैं। बंदरों के डर से अभिभावकों को स्वयं बच्चों को विद्यालय पहुंचाने को विवशता में देखा जा रहा है। परेशान अभिभावकों का कहना है कि बंदर कई बार बच्चों के बैग तक छीनने की कोशिश करते हैं, जिसके कारण वे बच्चों को अकेले भेजने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों की संख्या रोज बढ़ रही है और कई लोग इनके हमलों में घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक समाधान नहीं निकल सका है। क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत और वन विभाग से मांग की है कि जल्द कार्रवाई कर बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाए, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

## नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप



**ललितपुर।** थाना बार के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते सोमवार को सुबह करीब 11 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को ग्राम रजवारा निवासी महेन्द्र पुत्र राकेश कुशवाहा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर महेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## फांसी लगाकर युवती ने दी जान, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर के अंदर मौजूद अकेली युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के मुताबिक मृतका काफी दिनों से बीमारी से परेशान चल रही थी। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। लालगंज कोतवाली के महिमा का पुरवा निवासी श्याम लाल सरोज की 23 वर्षीया पुत्री पूनम सरोज सोमवार की शाम घर में अकेली थी। पिता ईट भट्ठे पर परदेश में मजदूरी करता है। मां किसी कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गयी थी। देर रात वापस पहुंची तो घर में बेटी पूनम का शव फंदे पर लटका देख दंग रह गयी।पड़ोसियों की मदद से फंदे से उतारकर पूनम को ट्रामा सेंटर ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## मंदिर निर्माण पुनीत कार्य है - गोविन्द माधव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र के गायघाट में राम जानकी मंदिर निर्माण के लिए मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने भूमि पूजन किया। कहा कि मंदिर निर्माण पुनीत कार्य है। समाज मे मंदिर निर्माण कार्य में सबकी सहभागिता होनी चाहिए। ऐसे स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान होगा। बर्डपुर ब्लाक के गायघाट में प्राचीन समय से राम धनुष यज्ञ एव मेला का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष भी भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचीन मंदिर के बगल में ही नया भव्य राम जानकी मंदिर का निर्माण होना है। जिसके लिए भूमि पूजन किया गया है। आयोजक राम अचल गुप्ता ने कहा कि निर्माण कार्य तेजी से किया जाएगा। समाज के लोगो से सहयोग के साथ मंदिर का निर्माण होगा, जिससे लोगो के आस्था को और बेहतर सम्मान मिलेगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश लोधी ने कहा कि इस स्थान पर बहुत पहले से मेला का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया हैं। जिसमें कलाकारों द्वारा राम के लीलाओं का वर्णन किया गया है। जिसको देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मेले में भेड़ो का दंगल, झूला, खिलौना, दुकान सहित तमाम दुकाने लगी है।प्राचीन मंदिर की ही भूमि पर नया मंदिर का निर्माण कार्य किया जयेगा। जिससे इस स्थान का और महत्व बढ़ जाएगा। इस अवसर पर बाबा भगवानदास, धर्मराज निषाद, राधेश्याम पासवान, दशरथ गुप्ता, शहदेव गुप्ता, मदन राजभर, राजेश लोधी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय राम विवाह महोत्सव विशुनपुर विश्राम में भव्य आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद के विकासखंड पचपेड़वा अंतर्गत स्थानीय ग्राम पंचायत विशुनपुर विश्राम में तीन दिवसीय राम विवाह महोत्सव मंगलवार को अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक रंगारंग झलकियों का अद्भुत समागम देखने को मिला। भगवान श्रीराम और माता सीता के पावन विवाहोत्सव को देखने के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। महोत्सव के पहले दिन मंच पर रामायण पाठ और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का आकर्षक मंचन किया। दूसरे दिन बारात स्वागत कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन, पुष्पवर्षा और उल्लासपूर्ण माहौल में बारात आगमन ने हर किसी का मन मोह लिया। मंच पर भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का सजीव नाट्य प्रस्तुतीकरण अत्यंत भव्य और भावुक करने वाला रहा, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे।

तीसरे दिन दिन में विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में धार्मिक झांकियां, बच्चों के झूले, खिलौने, विद्युत सजावट, ग्रामीण उत्पादों की दुकानें व अन्य आकर्षणों ने माहौल को जीवंत बना दिया। मेले में उमड़ी भीड़ ने पूरे आयोजन क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया। मेला परिसर और विवाह मंचन स्थल को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक लाइटों और सुंदर प्रतिमाओं से सजाया गया था। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों की विशेष टीमें दिनभर सक्रिय रहीं। आयोजन समिति ने बताया कि राम विवाह महोत्सव स्थानीय परंपरा, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष और अधिक भव्य तरीके से आयोजित किया जाता है। तीन दिवसीय राम विवाह महोत्सव ने विशुनपुर विश्राम को पूर्णतः भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया, जिसका स्मरण लंबे समय तक लोगों के मन में बसा रहेगा।

# घर में सेंध काटकर नकदी व जेवरात चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार थाना क्षेत्र के करमा गांव में सोमवार की रात चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध काटकर लाखों रुपये के जेवरात, नकदी चोरी कर लिए। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो घर का सामान बिखरा देखकर दंग रह गए। खोजबीन करने पर पीछे की ओर मकान की पक्की दीवार टूटी मिली। सूचना मिलने पर उसका बाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजकुमार के परिवार के लोग रोजाना की तरह रात में खाना खाकर सो गए थे। सुबह उठने पर जब उन्होंने देखा कि घर के बॉक्स गायब हैं और सामान अस्त-व्यस्त है तो आवक रह गए। खोजबीन में पता चला की मकान के पीछे की ओर दीवार में सेंध काटकर चोरी की घटना का अंजाम दिया गया है। राजकुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि घटना सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर गया था। घटना की जांच की जा रही है।

## जागरूकता माह मे सैकड़ों वाहनों का हुआ चालान सुधार सिफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में यातायात जागरूकता माह चल रहा है। बगैर हेलमेट बाइक सवार, बगैर सीटबेल्ट कार सवार, तड़ताड़ाहट की आवाज वाले साइलेंसर, ओवर स्पीड सहित तमाम यातायात नियमों की अनदेखी आसानी से कहीं भी देखी जा सकती है लेकिन यातायात पुलिस वाहनों के चालान काटने में व्यस्त हैं। अब तक लाखों रुपये की वसूली हो चुकी है। सुधार सिफर है। जागरूकता अभियान स्कूल कालेजों तक सिमट चुका है। छात्र छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है उनके अभिभावकों के पास ट्राफिक सेंस ही नही है। वाहनों में डिपर और इन्डीकेटर होते हुये भी इसका चलन जा रहा है। सड़कों पर अतिक्रमण पहले जैसा ही है, जेब्रा क्रासिंग, ट्राफिक सिग्नल और पार्किंग का अता पता नहीं है। आप जैसे सुविधानजक समझें गाड़ी पार्क कर सकते हैं और गाड़ी चला सकते हैं।

सड़कों, चौराहों पर खड़ी रहने वाली पुलिस को इतना अनुभव हो चुका है कि किसे रोका जाये और किसे जाने दिया जाये। बेमतलब की आफत कोई मोल नही लेना चाहता। पुलिस और पत्रकारों को तो बिलकुल छूट है, वे चाहे जितनी मनमानी कर सकते हैं। टी.एस.आई. की पूरी टीम चालान काटने का रिकार्ड बना रही है। हर पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का बैनर लगा है कि लेकिन बगैर हेलमेट वाहन चालकों को धड़ल्ले से पेट्रोल दिया जा रहा है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यातायात जागरूकता अभियान का संचालन करने वाले कितने जिम्मेदार और गंभीर हैं। इन सबके बीच क्या सुधार की उम्मीद की जा सकती है ? या फिर अभियान चालान तक सिमट चुका है ?

## संक्षिप्त खबरें

### मनिहारी का काम करने वाले बन बैठे पत्रकार , कर रहे हफ्ता वसूली



**शहडोल**- प्रदेश भर में पत्रकारों का उमड़ी भीड़ किसी को नुकसान तो किसी को लाभ , आप को बता दे कि इन दिनों पत्रकार जो अपने लिए नहीं बल्कि जनता के मुद्दों को सरकार तक पहुँचने का काम करती हैं क्योंकि हर आम व्यक्ति अपनी बातों को सरकार तक पहुँचाने में योग्य नहीं है इसलिए, देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले कि सरकार तक हर व्यक्ति विशेष की उपलब्धि हासिल करने में अहम भूमिका निभाती हैं। लेकिन ठीक इसके उल्टा शहडोल में देखा जा सकता है, इन दिनों धनपुरी में उमड़े फर्जी पत्रकारों को पत्रकारिता के नाम पर वसूली पर उतर आए हैं। आपको बता दे पहले आशीष कचेर नामक व्यक्ति मनिहारी का काम करने वाला व्यक्ति इन दिनों फर्जी पत्रकार बन वसूली में लग गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष दैनिक बढ़ता विज्ञान के नाम पर लोगों को डरा धमकाकर झूटी खबरों के नाम पर लोगों से पैसे का डिमांड करता हैं और अगर किसी ने पैसे देने से इनकार किया तो झूटी खबर चलाकर छुटी वसूली करता हैं। अगर ये शिलशिला ऐसे ही चलता रहा तो पत्रकार जगत का कुछ अलग ही देखने को मिलेगा।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

**हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही निवासी गनेश ( 35 )पुत्र महेश ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना की सूचना से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक खेतिहर मजदूरी करने का काम करता था और शराब का आदी बताया जा रहा है। जबकि मृतक अपने पीछे एक पत्नी सहित एक मासूम बच्चे को रोता बिलखता छोड़ गया है। हालांकि युवक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह से लगातार दूरभाष पर जानकारी चाही गई लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

### खाद की दुकानों का निरीक्षण, एक जगह अनियमितता का आरोप



**हमीरपुर**- जिले में खाद की ओवररेटिंग की शिकायतों के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के आदेश पर सोमवार को एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद की अगुवाई में जिला कृषि अधिकारी और उनकी टीम ने कुरारा कस्बे में स्थित कई उर्वरक केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौरीशंकर उर्वरक केंद्र में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। दुकान के स्टॉक का मिलान सही नहीं मिला और रिकॉर्ड में कई विसंगतियां सामने आईं। टीम ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताई और एडीएम न्यायिक ने जिला कृषि अधिकारी को उक्त दुकान के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके विपरीत, हम्मीरदेव फार्मर उर्वरक केंद्र में सब कुछ सही पाया गया। टीम ने किसानों से पूछताछ की, जिसमें किसी भी प्रकार की ओवररेटिंग या अनियमितता की शिकायत नहीं मिली। जांच टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता खाद की बिक्री में अनियमितता या अधिक दाम वसूलते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस कदम से किसानों में राहत और दुकानदारों में सतर्कता देखी जा रही है।

### झानपुर में राज्य महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जनसुनवाई

**भदोही।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात 26 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से राजकीय अतिथि गृह, ज्ञानपुर में महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यातना या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से पीड़ित महिलाएं व बालिकाएं अपने मामलों के निस्तारण हेतु जनसुनवाई में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

## श्रीभूमी जिले के दुल्लभछड़ा में लगातार विकास की प्रक्रिया में पूर्व एडीसी निलमणि दास का आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ शाही स्वागत किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**स्वतंत्र प्रभात:** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा के निवासी होने के बावजूद सरकारी नौकरी की आवश्यकता के कारण दुल्लभछड़ा के बाहर रहते थे। लेकिन 2015 ई. में एडीसी पद से सेवानिवृत्त होने के बाद दुल्लभछड़ा क्षेत्र के जीर्ण-शीर्ण डाकघर, रेलवे संपर्क व्यवस्था और बैंक शाखा के ग्राहकों की परेशानियों के बारे में जनता के अवगत होने पर उन्होंने अपनी कर्मठता और 'एकला चलो रे' आत्मविश्वास के साथ रेलवे और जीर्ण-शीर्ण डाकघर का अस्थायी समाधान किया। हालांकि 2016 ई. में दुल्लभछड़ा के स्थानीय सतर्क नागरिकों द्वारा एसबीआई शाखा स्थापित करने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों को स्मारक पत्र प्रदान किया गया था। लेकिन जनता की मांग को अनदेखा कर दिया गया। इस बारे में सेवानिवृत्त एडीसी निलमणि दास ने जनता की सुविधा के लिए एसबीआई बैंक स्थापना के संबंध में रामकृष्णनगर-शीलचर-गुवाहाटी-मुंबई के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया और क्षेत्र की जनसंख्या, संचार व्यवस्था तथा भौगोलिक स्थिति पर प्रकाश डाला। उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप एसबीआई विभाग की ओर से दुल्लभछड़ में शाखा स्थापित करने की अनुमति पत्र प्रदान किया। हालांकि, गत 24 नवंबर (सोमवार) को दुल्लभछड़ में उनके आने की खबर पर स्थानीय जागरूक नागरिक दुल्लभछड़ रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा हुए और आतिशबाजी के साथ ढोल नगाड़े बजाकर राजसी स्वागत करते हुए उन्हें घर ले गए। अंत में उनके घर में एक अस्थायी सभा के माध्यम से दुल्लभछड़ा के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। दूसरी ओर, पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि इस लंबे समय की कोशिश में स्थानीय नागरिकों के उत्साह के कारण ही वे आगे बढ़ पाए। उन्होंने यह भी बताया कि दुल्लभछड़ा-निविया-चेरेंगी-रंगपुर क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए सर्कल ऑफिस, पुलिस स्टेशन, एफसीआई गोदाम, एक कॉलेज की अत्यंत आवश्यकता है और इस पर विचार कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इसके लिए जनता के सहयोग और शुभकामनाएं मांगी। सम्मान देने के लिए उपस्थित थे सेवानिवृत्त शिक्षक विष्णुपद राजवंशी, माणिक लाल विश्वास, रवींद्र सिन्हा, अतुल सिन्हा, व्यास सिन्हा, श्यामल भट्टाचार्य, बार्ग्य सिंह, मानाथंबा सिंह, सुखमणी सिन्हा, प्रकाश चाटार्जी, बानु पाल, कमला कान्त सिन्हा, रुनु सिन्हा, माधव दे, समरेन्द्र सिन्हा, निर्मल सिन्हा, मणिलाल साहू सहित क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व और गणमान्य लोग।

## पूर्व सचिव पर वित्तीय अनियमितता का आरोप, जांच अधिकारी बदलने की मांग

**हमीरपुर**- मुस्करा विकासखण्ड के गहरौली स्थित बी-पैक्स (साधन सहकारी समिति) में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। समिति की अध्यक्ष राजकुमारी विश्वकर्मा ने पूर्व सचिव रईस मुहम्मद पर घोटाले और नए सचिव को पूरा चार्ज न देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समिति, हमीरपुर को एक पत्र भेजकर विस्तृत शिकायत की है। अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच के लिए बृजमोहन पटेल, सहायक विकास अधिकारी, मुस्करा को नियुक्त किया गया है, लेकिन उनके जांच अधिकारी होने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि बृजमोहन पटेल पूर्व सचिव रईस मुहम्मद की कार्यप्रणाली से परिचित हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता संदिग्ध हो सकती है। राजकुमारी विश्वकर्मा ने मांग की है कि वर्तमान जांच अधिकारी को हटाकर हाल ही में नियुक्त अपर जिला सहकारी अधिकारी को जांच का दायित्व सौंपा जाए। उनका तर्क है कि नए अधिकारी किसी भी पक्ष से परिचित नहीं हैं, जिससे समिति में हुए कथित वित्तीय घोटाले का निष्पक्ष और पारदर्शी खुलासा सुनिश्चित हो सकेगा।

## पीएम आवास योजना शहरी में मची लूट

### ● फाईलें न मिलने से लाभार्थी तहसील की कर रहे परिक्रमा, नहीं मिल रही जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुर**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब शहरियों के उत्थान के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना मौदहा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। आठ से नौ महीने बीतने के बाद भी फाईलों की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर लाभार्थी तहसील कार्यालय की परिक्रमा करने को मजबूर हैं लेकिन कर्मचारी किसी को भी फाईलों की वास्तविक स्थिति बताने को तैयार नहीं हैं। वहीं दलालो के माध्यम से जानकारी आसानी से मिल जाती है। देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की गरीबों को छत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए बीते साल के अंत में आवेदन मांगे गए थे जिनमे से कुछ लाभार्थियों के आवेदनों की जांच की जा चुकी है और कुछ की जांच लम्बित है। जबकि स्टेटस रिपोर्ट में अधिकांश आवेदन नगरपालिका में होना दर्शाया जा रहा है जिसके आधार पर पक्के घर की आस लिए लाभार्थी तहसील और नगरपालिका की परिक्रमा करने को मजबूर हैं लेकिन कुर्सियों में बैठे जिम्मेदार लाभार्थियों को कुछ बताने के बजाय सीधे मुंह बात करने को भी तैयार नहीं हैं।हालांकि इस सम्बन्ध में लाभार्थियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भी शिकायतें दर्ज कराई जाती रही हैं लेकिन शिकायतों का निस्तारण नहीं होने के चलते आमजन का सम्पूर्ण समाधान दिवस जैसे आयोजनों से विश्वास उठता जा रहा है। कस्बे के दुर्गा सिंह ने तहसील की महिला कर्मचारी की मिलीभगत से मीरा तालाब में माया और मीना को अपात्र होने के बाद भी शुभलाभ के चलते पात्र कराने की शिकायत दर्ज कराई है जबकि नगरपालिका के कुछ सभासदों द्वारा भी शुभलाभ का खेल खेलते हुए अपात्रों और नये बने पक्के मकान वालों को भी पात्र कराने का काम किया जा रहा है। जिसपर लगाम लगाई जाना आवश्यक है।

## तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार दम्पति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर**- मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे 34 पर एक फोरव्हीलर ने स्कूटी सवार दम्पत्ति को टक्कर मार दी।अमरूद बेचकर गांव वापस जा रहे स्कूटी सवार दंपती को यूपी 32एल. एन. 2334नम्बर की कार ने टक्कर मार दी। जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि पति को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जबकि कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर निवासी कदीरा बाबा अपनी पत्नी सहाना उम्र (45) वर्ष के साथ स्कूटी से मौदहा मण्डी से अमरूद बेचकर गांव जा रहा था। तभी महोबा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपति बाइक सहित सड़क किनारे खाती में गिर गये। जिसे आनन फानन में एम्बुलेंस व राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पत्नी सहाना को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि पति कदीरा को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार दंपति मौदहा से अमरूद बेचकर गांव अपने घर वापस लौट रहे थे तभी नेशनल हाईवे 34पर नरायच के नजदीक स्थित हड्डी फैक्ट्री के पास दुर्घटना हो गई। दंपति ट्रैक्टर मे आटा चक्की पीसने का भी काम करते हैं। इस दर्दनाक घटना से परिजनों सहित गांव में कोहराम मचा है। मृतका अपने पीछे तीन पुत्र और तीन पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गई है।इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और कार चालक लखनऊ निवासी अर्जुन वर्मा को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## धान के खेत में पहुँचा 7 फीट का मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

### वन विभाग की टीम ने सुरक्षित पकड़ कर ददरी बाध जलाशय में छोड़ा

**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया वन रेंज के बरी गाँव में मंगलवार की सुबह किसान के धान के कटे हुए फसल के खेत में बोझा बांधने गये लोगों ने करीब 7 फीट लंबा मगरमच्छ को देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।सूचना पर वन विभाग के क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने वनकर्मी शनि सिंह, नीतू शर्मा, राजकुमार, वन रक्षक शिवम सिंह को मौके पर भेजा वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को कड़ी मशक्कत के बाद जूट के बोरे को आंख पर बांध कर सुरक्षित पकड़ते हुए मगरमच्छ को वाहन से लेजाकर ददरी बांध के गहरे जलाशय में छोड़ दिया । मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि खेत में निकले मगरमच्छ की सूचना वन विभाग की टीम मौके पर पहुँच कर सुरक्षित पकड़कर जलाशय में छोड़ दिया है।इस दौरान वन विभाग के कर्मीयो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सफदरजंग अस्पताल में पहली बार सफल बाल चिकित्सा किडनी प्रत्यारोपण, केंद्रीय सरकारी अस्पतालों में भी पहला मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (VMMC) और सफदरजंग अस्पताल ने अपने रीनल ट्रांसप्लांट कार्यक्रम में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 19 नवंबर 2025 को अस्पताल में सफलतापूर्वक बाल चिकित्सा किडनी प्रत्यारोपण (Paediatric Renal Transplant) किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि यह न सिर्फ सफदरजंग अस्पताल में पहली बार हुआ है, बल्कि किसी भी केंद्रीय सरकारी अस्पताल में किया गया पहला बाल चिकित्सा किडनी प्रत्यारोपण है। सर्जिकल टीम का नेतृत्व यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के निदेशक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पवन वासुदेवा ने किया, जिनके साथ डॉ. नीरज कुमार प्रोफेसर, यूरोलॉजी शामिल रहे। बाल चिकित्सा टीम का नेतृत्व बाल गुर्दा रोग विभाग की निदेशक प्रोफेसर एवं इंचार्ज डॉ.श्रीमती शोभा शर्मा ने किया। टीम में डॉ. श्रीनिवासवरदन (असिस्टेंट प्रोफेसर) और प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग के डॉ. प्रदीप के देबता के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ शामिल थे। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. सुशील ने किया, टीम में डॉ. ममता और डॉ. सोनाली शामिल रहीं, यह सभी एनेस्थीसिया विभाग की निदेशक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कविता रानी शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यरत थे। मरीज 11 वर्षीय बालक था, जिसे 'बाइलेटरल हाइपोडिस्प्लास्टिक किडनी' नामक दुर्लभ बीमारी के कारण अंतिम चरण की किडनी विफलता हो गई थी। डॉ. शोभा शर्मा ने बताया कि लगभग डेढ़ साल पहले बच्चा बेहद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था और उसे कार्डियक अरेस्ट के बाद पुनर्जीवित करना पड़ा। उसी समय किडनी फेल होने का पता चला और तब से बच्चा बाल नेफ्रोलॉजी विभाग की देखरेख में नियमित डायलिसिस पर था।डॉ. पवन वासुदेवा ने बताया कि बाल चिकित्सा किडनी प्रत्यारोपण अत्यंत जटिल सर्जरी होती है, क्योंकि इसमें दाता की किडनी को बच्चे की बड़ी रक्त वाहिकाओं से जोड़ना और उसके शरीर में वयस्क किडनी के लिए पर्याप्त स्थान बनाना चुनौतीपूर्ण होता है। इस मामले में दाता बच्चे की 35 वर्षीय माता थीं।

उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि प्रत्यारोपित किडनी ने ठीक प्रकार से कार्य करना शुरू कर दिया है, बच्चा डायलिसिस से मुक्त हो चुका है और उसकी स्थिति सामान्य है तथा वह शीघ्र ही अस्पताल से छुट्टी पा लेगा। उन्होंने निदेशक डॉ. संदीप बंसल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बंबा और प्राचार्य डॉ. गीतिका खन्ना के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने कहा कि सफदरजंग अस्पताल सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) से आने वाले इस बच्चे के परिवार ने आर्थिक तंगी के कारण आशा खो दी थी, क्योंकि निजी क्षेत्र में ऐसा ऑपरेशन लगभग 15 लाख रुपये का होता। उन्होंने यह प्रसन्नता जताई कि बच्चा अब स्वस्थ है और नए जीवन की शुरुआत कर रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चारु बंबा ने बताया कि प्रत्यारोपण के बाद जीवनभर उपयोग होने वाली महंगी 'इम्यूनोसप्रेसिव दवाएं' भी अस्पताल की ओर से बच्चे को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।यह उपलब्धि न केवल सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा क्षमता का प्रमाण है, बल्कि उन परिवारों के लिए भी उम्मीद की किरण है जो आर्थिक तंगी के चलते जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं का लाभ नहीं उठा पाते।

## अलग-अलग दो स्थानों से चोरों में उड़ाया लाखों का माल

### ● अतरार से, चोर चुरा ले गए बीस हजार नगदी और डेढ़ लाख के जेवरात, मसगांव में शादी के तैयारियों पर लगा ग्रहण- दुल्हन का जेवर व सामान चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर**- बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार गांव की वृद्धा रामबाई पत्नी स्वर्गीय ने बिवांर थाना में गांव के ही एक युवक के खिलाफ चोरी की तहरीर दी है।वृद्धा ने बताया कि बीते सोमवार की रात वह अपनी बड़ी और छोटी बहू व नाती शिवम के साथ दैनिक दिनचर्या के बाद सो गए।बताया कि रात लगभग तीन बजे आवाजें सुनकर उसकी छोटी बहू रोशनी जागी ,जिसने दो लोगों को भागते हुए देखा।वृद्धा के अनुसार उन्होंने रात में ही 112 नंबर फोन किया जिसपर पुलिस आई और आसपास तलाश करती रही।बताया कि उसका बक्सा गांव के सेवादास के घर में मिला जिसके घर में भी चोरों ने चोरी करने की कोशिश की थी।बक्सा खुला पड़ा मिला जिसके कपड़े बिखरे पड़े थे और लगभग डेढ़ लाख के जेवर और बीस हजार रुपये नहीं मिले।

पीड़िता ने बताया कि सुबह के वक्त घर के मुख्य द्वार की कुंडी को तोड़ने में प्रयोग किये गए दो सरिया और हंसिया पड़ा मिला ,पता करने पर वह गांव के बबलू पुत्र जगमोहन का निकला।वृद्धा ने बताया कि उसने बबलू के खिलाफ चोरी करने की तहरीर दी है ,लेकिन पुलिस अज्ञात के खिलाफ तहरीर देने को कह रही है।

वहीं थाना प्रभारी नन्दराम चोरी मानने को तैयार नहीं हैं ,उनका कहना था कि घटना की जांच की जा रही है चोरी की पुष्टि होने पर ही कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी घटना में मुस्करा थाना क्षेत्र के मसगांव गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक शादी वाले घर को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के जेवरात, नगदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित बदी प्रसाद की बेटी का विवाह आज 25 नवंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन, राठ में होना था।

तहरीर के अनुसार परिवार रात में आंगन में सो रहा था, तभी 24/25 नवंबर की रात चोरों ने घर की पिछली कच्ची दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ दिया। सुबह जागने पर परिजनों ने टूटे हुए बक्से, बिखरे कपड़ों और पीछे खेतों में पड़े खाली जेवर डिब्बों व टूटे सूटकेस को देखा तो घर में चोरी की पुष्टि हुई।

सूचना पर थाना मुस्करा पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में घर से लगभग 500 मीटर दूर होने और दीवारें कच्ची होने की जानकारी सामने आई। पुलिस को मौके से लगभग 6000 नगद भी बरामद हुए हैं। मौके पर फील्ड यूनिट और सर्विलांस टीम साक्ष्य जुटाने में लगी है, साथ ही आसपास के छुटभइ्या कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। वादिनी की तहरीर पर थाना मुस्करा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## समर्थ इंडिया का महिलाओं से हिंसा के विरुद्ध तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान 'का 16 दिवसीय कार्यक्रम शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर**- कुरारा विकासखण्ड क्षेत्र के कंडौर गांव में महिलाओं और लड़कियों पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध समर्थ इंडिया संस्था का 16 दिवसीय जन जागरूकता अभियान शुरू हुआ ,जो 0डिजिटल हिंसा और अधिकार पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा। समर्थ इण्डिया द्वारा तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत महिला और लड़कियों पर होने वाली को हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय अभियान द्वारा शुरू किया गया है। 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लगातार चलने वाले जन जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक बैठक, दीवार लेखन, और सूचना संचार सामग्री के माध्यम से डिजिटल हिंसा और अधिकार पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है।

क्षेत्र के ग्राम कंडौर में जन जागरूकता में समर्थ इंडिया की राखी सिंह ने कहा कि डिजिटल हिंसा की रोकथाम जरूरी है। महिला और लड़कियों के बीच डिजिटल डिवाइस का उपयोग का अधिकार है। किंतु अवांछित कॉल और अनचाहे कमेंट हिंसा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को जागरूक होना होगा और इसकी रोकथाम के लिए आगे होना।

समर्थ इण्डिया की कुमकुम ने बताया कि महिला और लड़कियों के ऊपर किसी भी प्रकार की डिजिटल हिंसा नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया के उपयोग समझदारी से करें। अपने पासवर्ड को सुरक्षित बनाएं। प्राइवेसी और ब्लॉक रिपोर्ट करने वाले ऑप्शन का भी समय-समय पर जरूरत अनुसार उपयोग करें। इस दौरान सुनैना, प्रीति, रूबी, राधा, सहित दो दर्जन से अधिक महिलाओं, लड़कियों ने भाग लिया। साथ ही जागरूकता रैली भी निकाल कर लोगों को जागरूक किया। ग्राम कुतुबपुर गांव में मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता के माध्यम से डिजिटल डिवाइस के उपयोग और अधिकार पर चर्चा हुई। जिसमें सिमरन, माधुरी, मोहिनी, एकता, आदित्या, साक्षी, आदि ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया।

## मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को स्कूल पुनः संचालन के लिए सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर**- मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन की हमीरपुर जिला इकाई ने मौदहा नगर छिमौली रोड स्थित मानवीय कांशीराम जूनियर हाईस्कूल के पुनः संचालन के लिए,जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली के नेतृत्व में मौदहा खंड शिक्षा अधिकारी को स्कूल संचालन किए ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि यह विद्यालय उनके संगठन के लगातार पिछले पांच वर्षो तक संघर्ष के बाद संचालित हुआ था परन्तु विभागीय अनदेखी एवं कुछ समस्याओं के कारण स्कूल पुनः बंद कर दिया गया है।

और सभी आठ कक्षाओं का पठन पाठन समेट कर केवल एक ही कमरे में सीमित कर देने से शिक्षण कार्य बुरी तरह तो प्रभावित हो रहा इसके साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनके व्यक्तित्व विकास में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसके संबंध में कई बार संगठन ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिए लेकिन नतीजा शून्य ही रहा है,इसी आक्रोश में संगठन ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए शीघ्र ही विद्यालय संचालन के लिए आग्रह किया है और संचालन न होने पर जमीनी स्तर पर आंदोलन की चेतावनी भी दी इस पर खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल जी ने शीघ्र ही विद्यालय संचालन का आश्वासन दिया है। इस मौके पर संगठन के जिलाउपाध्यक्ष कलीम अहमद,जिला महासचिव आसिफ शकील, एड शाहरुख फरीद, जिलाध्यक्ष (युवा मोर्चा) डॉ सल्वहरी, नगर मीडिया प्रभारी दानिश साबरी, नगर अध्यक्ष सुमित वर्मा, आतिफ चौधरी, धनंजय गौतम, आशीष शिवहरे, कमल किशोर, जगरूप, वसीम कमाल आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## महिला से फोन पर अभद्रता, मामला दर्ज



**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिनांक 22.11.2025 को सुबह 10:42 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर फोन किया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे राजपूत ढाबा पर आने को कहा और फोन पर अशोभनीय एवं अभद्र बातें करने लगा। पीड़िता के मना करने पर आरोपी ने धमकी देते हुए फोन काट दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## अलकछुआ ने हैदरगंज को 16 रनों से हराया

### ● दूसरे मुकाबले में स्टार वाइस ने यूथ ब्रिगेड को दी करारी शिकस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर**- मौदहा कस्बा में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को तीसरे दिन का पहला मुकाबला हैदरगंज किंग्स और अलकछुआ के बीच 15-15 ओवरों का खेला गया , जिसमें अलकछुआ ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर कुल 138 रन बनाए। नीरज ने 36 गेंदों पर 58 रनों की आतिशी पारी खेली। वहीं स्कोर को पाने को उतरी हैदरगंज किंग्स 13 ओवर में मात्र 122 रनों पर सिमट गई जिसमें अलकछुआ ने 16 रनों से मुकाबला जीत लिया।अलकछुआ की ओर से 58 रनों की धुआंधार पारी खेलने वाले नीरज को मैन ऑफ द मैच दिया गया।दूसरा मुकाबला स्टार वाइस और यूथ ब्रिगेड के बीच खेला गया। जिसमे यूथ ब्रिगेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों कुल 101 रनों पर सिमट गई लेकिन स्टार वॉइस ने106 रन बनाकर 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। यूथ ब्रिगेड की ओर से सबसे ज्यादा 41 रन सनी भुट्टो ने बनाए जबकि स्टार वाइस की ओर से 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले मोहित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में रैफरी की भूमिका अन्नी माहतो व इश्तियाक जुग्गी ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, मुशर्रफ कमाल, डॉ आसिफ परवेज, कमरूद्दीन, मंगू भईया, सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।